धनबाद, बुधवार
30 अप्रैल 2025
वर्ष : 10 अंक : 330
पृष्ठ : 12
मूल्य : 3/-

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# नई पत्र वार्ता

सोच आगे की ...



## ब्रीफ न्यूज

### हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद रिम्स के पुनः निदेशक बने डॉ राजकुमार



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

रांची : राजधानी रांची के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स में फिर से बड़ा बदलाव हुआ है। डॉ. राजकुमार ने एक बार फिर रिम्स के निदेशक का पद संभाल लिया है। उन्हें झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के बाद दोबारा निदेशक बनाया गया है। कुछ समय पहले स्वास्थ्य मंत्री और रिम्स शासी परिषद के अध्यक्ष डॉ. इरफान अंसारी ने डॉ. राजकुमार को निदेशक पद से हटा दिया था। उनकी जगह डॉ. शशिबाला सिंह को प्रभारी निदेशक बनाया गया था। बर्खास्तगी के खिलाफ डॉ. राजकुमार ने झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। 28 अप्रैल को हुई सुनवाई में हाईकोर्ट के जस्टिस दीपक रोशन ने सरकार के आदेश पर रोक लगा दी और डॉ. राजकुमार को फिर से निदेशक बनाने का रास्ता साफ हो गया। कोर्ट ने सरकार को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा है। इस मामले में अब अगली सुनवाई 6 मई को होगी। तब तक डॉ. राजकुमार रिम्स के निदेशक के रूप में अपना काम करते रहेंगे।

### ओलावृष्टि से प्रभावित मणिपुर को 153 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता मंजूर

नई दिल्ली, (एजेंसी) : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति (एचएलसी) ने वर्ष 2024 के दौरान ओलावृष्टि से प्रभावित मणिपुर को 153.36 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को मंजूरी दी है। राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि (एनडीआरएफ) से यह सहायता राज्य आपदा मोचन निधि (एसडीआरएफ) में उपलब्ध वर्ष के लिए प्रारंभिक शेष राशि के 50 प्रतिशत के समायोजन के अधीन है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि भारत सरकार प्राकृतिक आपदाओं और विपत्तियों के दौरान राज्य सरकारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। मंत्रालय के अनुसार, यह अतिरिक्त सहायता केंद्र द्वारा राज्यों को एसडीआरएफ में जारी की गई धनराशि के अतिरिक्त है, जो पहले से ही राज्यों के पास उपलब्ध है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान, केंद्र सरकार ने एसडीआरएफ के तहत 28 राज्यों को 20,264.40 करोड़ रुपये और एनडीआरएफ के तहत 19 राज्यों को 5,160.76 करोड़ रुपये जारी किए हैं। इसके अतिरिक्त, राज्य आपदा न्यूनीकरण कोष (एसडीएमएफ) से 19 राज्यों को 4984.25 करोड़ रुपये और राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण कोष (एनडीएमएफ) से 8 राज्यों को 719.72 करोड़ रुपये भी जारी किए गए हैं।इसी प्रकार, वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान अब तक केन्द्र सरकार द्वारा एसडीआरएफ के तहत 1 राज्य को 895.60 करोड़ रुपये तथा एनडीआरएफ के तहत 7 राज्यों को 929.633 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं।

### राम मंदिर का निर्माण 5 जून को पूरा होगा

**शिखर पर 42 फीट ऊंचा धर्म ध्वज दंड लगाया**

अयोध्या(एजेंसी) : अयोध्या राम मंदिर का निर्माण इस साल 5 जून तक पूरा हो जाएगा। मंगलवार दोपहर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंदिर के शिखर पर 42 फीट ऊंचा धर्म ध्वजदंड भी लगाया गया है। अब दंड के सबसे ऊपरी हिस्से पर ध्वज लगाया जाएगा।

राम मंदिर ट्रस्ट के मुताबिक, मंदिर का शिखर 161 फीट ऊंचा है। ध्वज लगने के बाद मंदिर की ऊंचाई 203 फीट होगी। ध्वजदंड का वजन 5.5 टन है और यह पीतल **शेष पृष्ठ-4.....**

# राज्य में लोगों को गुणवत्तापूर्ण इलाज मुहैया करने के लिए राज्य सरकार तत्पर: इरफान अंसारी

**स्वास्थ्य मंत्री आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य एवं अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यशाला में हुए शामिल**

**राज्य में बेहतरीन डॉक्टरों की नियुक्ति की जाएगी**

**निजी अस्पताल मरीजों के ईलाज में नहीं बरतें लापरवाही**

**डॉ इरफान अंसारी ,मंत्री स्वास्थ्य ,चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग**







नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

रांचीः-स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि राज्य में लोगों को गुणवत्तापूर्ण इलाज मुहैया करने के लिए राज्य सरकार तत्पर है । राज्य में बेहतरीन डॉक्टरों की नियुक्ति की जाएगी। रिम्स की व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार प्रयासरत हैं और हम चाहते हैं कि एआई तकनीक से इलाज हो।उन्होने विभाग के सभी अधिकारियों की प्रशंसा की और कहा कि सभी अधिकारी बेहतर काम कर रहे हैं। मंत्री डॉ इरफान अंसारी मंगलवार को आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य एवं अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत रांची के एक स्थानीय होटल में आयोजित कार्यशाला में बोल रहे थे ।

अस्पताल मरीज के ईलाज की लें पूर्ण जिम्मेदारी

मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने निजी अस्पतालों में ईलाज के बारे में जिक्र करते हुए कहा कि प्राइवेट अस्पताल जब तक आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य एवं अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना का पैसा रहता है तब तक तो ईलाज करते हैं, इसके बाद उन्हें रेफर कर देते हैं ऐसे में गंभीर अवस्था में भर्ती मरीज की मौत हो जाती है। ऐसी स्थिति अमानवीय है और अस्पतालों को मरीज के ईलाज की पूर्ण जिम्मेदारी लेनी चाहिए।डॉक्टर अंसारी ने कहा कि इस कार्यशाला में निजी अस्पताल प्रबंधन से जुड़े बहुत सारे लोग नहीं आ पाए हैं लेकिन हम उनके लिए फिर से एक कार्यशाला का आयोजन करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं भी एक डॉक्टर हूं और मैं हर हाल में आपको मदद ही करूंगा। मैं स्वास्थ्य व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाना चाहता हूं। अगर कोई समस्या हो तो आप सीधे मुझसे बात कर सकते हैं।

राज्य में मातृ मृत्यु दर और बाल मृत्यु दर में आई है कमी

कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अजय कुमार सिंह ने कहा कि यह कार्यशाला सरकार की योजनाओं को लागू करने वाले अस्पतालों को होने वाली कठिनाइयों को समझने के लिए है। साथ ही अस्पताल और विभाग के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित हो । उन्होंने कहा कि हमारे राज्य में 31,000 बेड हैं जिनमें से सरकारी अस्पतालों में 15,500 के आसपास बेड हैं और यही हाल निजी अस्पतालों का भी है। उन्होंने कहा कि राज्य के अस्पतालों में बेड की संख्या बढ़ानी चाहिए, क्योंकि राज्य में 1,13,000 बेड होने चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य में मातृ मृत्यु दर और बाल मृत्यु दर में कमी आई है। दोनों में हम बेहतर कर रहे हैं। इसलिए दूसरे राज्य के लोग भी हमारे राज्य में ईलाज के लिए आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी सुविधाएं दे रहे हैं ताकि कोई भी ईलाज से वंचित नहीं हो। उन्होंने सभी अस्पतालों के प्रबंधन से कहा कि अगर किसी प्रकार की कोई **शेष पृष्ठ-4.....**

## उत्तराखंड : फाटा पहुंची बाबा केदारनाथ की पंचमुखी डोली, पुष्प वर्षा से स्वागत

रुद्रप्रयाग/चमोली, (एजेंसी) : बाबा केदारनाथ की पंचमुखी चल उत्सव विग्रह डोली अपने दूसरे पड़ाव पर फाटा पहुंच गई है। बाबा की डोली सोमवार को ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ से रवाना हुई थी।

मंगलवार को विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी में मंदिर के पुजारी शिव लिंग और केदारनाथ धाम के लिए नियुक्त पुजारी बागेश लिंग ने भगवान केदारनाथ और भगवान विश्वनाथ की पूजा-अर्चना करते हुए संयुक्त आरती उतारी और भोग लगाया। साथ ही अन्य धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया। सुबह 9 बजे बाबा केदार की चल उत्सव डोली ने अपने धाम केदारनाथ के लिए प्रस्थान किया। भक्तों के जयकारों और सेना की बैंड धुनों के बीच बाबा केदार की चल उत्सव डोली ने नाला, नारायणकोटी, मैखंडा में अपने भक्तों को दर्शन और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद दिया।



इस दौरान भक्तों ने अपने आराध्य को मौसमी फूल-फल और भेंट अर्पित किया। दोपहर बाद 2.30 बजे डोली फाटा पहुंची, जहां पर स्थानीय लोगों ने फूल-मालाओं से बाबा केदार की डोली और मुख्य पुजारी बागेश लिंग का स्वागत किया। बुधवार को बाबा केदार की चल उत्सव विग्रह डोली फाटा से अपने धाम के लिए प्रस्थान करेगी और रामपुर, नयाल्सू, सीतापुर, सोनप्रयाग होते हुए अपने अंतिम रात्रि प्रवास गौरीकुंड पहुंचेगी, जहां गौरी माई से मिलन होगा। एक मई को बाबा केदार की डोली अपने धाम केदारनाथ पहुंचेगी। दो मई को सुबह 7 बजे शुभ लग्न पर केदारनाथ मंदिर के कपाट भक्तों के दर्शनार्थ खोल दिये जाएंगे।

उधर, श्रीबदरीनाथ धाम के कपाट 4 मई को शुभ लग्न पर खोले जाएंगे। यहां कपाटोद्घाटन के लिए प्रशासन, पुलिस और श्रीबदरीनाथ-**शेष पृष्ठ-4.....**

## असम के हाफलोंग में मुठभेड़, एनएससीएन के तीन उग्रवादी ढेर

हाफलोंग (असम),(एजेंसी) : असम के डीमा हसाओ जिले में मंगलवार को सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में एनएससीएन के तीन उग्रवादी मारे गए। असम पुलिस के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि डीमा हसाओ जिले के नेशनल प्रोजेक्ट्स (गोल्डन क्वाड्रिलैटरल) के अंतर्गत कार्यरत एनएचएआई को जब एक उगाही पत्र मिला तो इसी के आधार पर असम पुलिस की स्पेशल यूनिट्स और असम राइफल्स ने शनिवार शाम हाफलोंग थाना क्षेत्र के हेरा किलो-न्रियाचिबंग्लो-एन कुबिन-बोरोचानाम-पी कुबिन-मिचिदुई डोएरिंग-चैकाम इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया।

लगभग 60 घंटे की तलाशी के बाद मंगलवार सुबह सुरक्षा बलों की टीम को एन कुबिन और हेरा किलो के बीच के इलाके में हथियारबंद उग्रवादियों का एक समूह मिला। उग्रवादियों ने फोर्स पर फायरिंग की, जिसका जवाब सुरक्षा बलों ने कड़े ढंग से दिया और दोनों ओर से भारी गोलीबारी हुई।

**शेष पृष्ठ-4.....**

## हाई लेवल मीटिंग के बाद प्रधानमंत्री की सेनाओं को खुली छूट

नई दिल्ली (एजेंसी) : दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत जवाबी कार्रवाई के विकल्पों पर विचार कर रहा है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को देश के शीर्ष रक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल और तीनों सेनाओं के प्रमुख शामिल थे। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान भी इस बैठक का हिस्सा थे। बैठक करीब डेढ़ घंटे तक चली। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आतंकवाद पर करारा प्रहार करना हमारा राष्ट्रीय संकल्प है। प्रधानमंत्री ने देश के सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमताओं पर पूरा भरोसा जताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सशस्त्र बलों को कार्रवाई के तरीके, लक्ष्य और समय तय करने की पूरी छूट दी गई है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कहा है कि हमले के जिम्मेदार आतंकियों और उनके आकाओं को धरती के आखिरी कोने तक भी खोजकर सबसे सख्त सजा दी जाएगी। उनका इशारा पाकिस्तान की ओर था, क्योंकि पाकिस्तान का भारत में आतंकवाद फैलाने का इतिहास है। इससे पहले सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी से उनके आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात की। यह बैठक उस दिन हुई, जब सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने राजनाथ सिंह को पहलगाम आतंकी हमले के बाद लिए गए कुछ फैसलों की जानकारी दी।

## राज्य में लंबित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर ग्रामीण विकास मंत्री के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय मंत्री से की मुलाकात

**मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और राज्य के लंबित भुगतान को लेकर हुई विस्तृत चर्चा**

नई दिल्ली (एजेंसी) : देश की राजधानी दिल्ली के कृषि भवन में झारखंड सरकार के एक प्रतिनिधिमंडल ने भारत सरकार के माननीय केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान से शिष्टाचार भेंट की। बैठक में झारखंड राज्य में संचालित केंद्र प्रायोजित योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़े कई महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। विशेष रूप से मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से संबंधित लंबित भुगतान, संसाधन आवंटन और नीति-संशोधन के मुद्दों पर राज्य सरकार ने ठोस माँग रखी।

मनरेगा से संबंधित प्रमुख मांगें:

सामग्री मद में ₹747 करोड़ की लंबित राशि झ

राज्य सरकार की ओर से माननीय मंत्री से आग्रह किया गया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण



रोजगार गारंटी अधिनियम के अंतर्गत सामग्री मद में केंद्र सरकार के पास लंबित 747 करोड़ की राशि को जल्द से जल्द राज्य के रठअ में जारी किया जाए। साथ ही यह भी अनुरोध किया गया कि जिन कार्यों से संबंधित बिल के पहले ही मनरेगा पोर्टल पर अपलोड किए जा चुके हैं, उनकी भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाई जाए।

मजदूरी मद में 150 करोड़ का बकाया भुगतान

राज्य के लाखों श्रमिकों को समय पर मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने हेतु मनरेगा की मजदूरी मद में केंद्र सरकार से 150 करोड़ की लंबित राशि तत्काल उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया।

प्रशासनिक मद में पिछले तीन महीनों से राशि प्राप्त नहीं

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि राज्य में मनरेगा प्रशासनिक मद के अंतर्गत कार्यरत लगभग 5400 से अधिक कर्मियों का वेतन एवं संचालन गत खर्च तीन माह से लंबित है। इस कारण योजना संचालन प्रभावित हो रही है। प्रशासनिक मद की राशि शीघ्र जारी करने की मांग की गई।

25,000 अतिरिक्त राजमिस्त्रियों के प्रशिक्षण हेतु स्वीकृत राशि का भुगतान लंबित

भारत सरकार द्वारा पूर्व में झारखंड राज्य को 25,000 अतिरिक्त राजमिस्त्रियों को प्रशिक्षित करने की स्वीकृति प्रदान की गई थी, लेकिन इससे संबंधित राशि अभी तक राज्य को प्राप्त नहीं हुई है। प्रशिक्षण प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए राज्य सरकार ने तत्काल राशि जारी करने की मांग की।

मनरेगा मजदूरी दर में अन्य राज्यों के समान बढ़ोतरी

झारखंड की मनरेगा मजदूरी दर वर्तमान में 255 प्रतिदिन है, जो अन्य राज्यों की तुलना में कम है। राज्य सरकार ने आग्रह किया कि इसे बढ़ाकर न्यूनतम 405 प्रतिदिन किया जाए, ताकि श्रमिकों को न्यायसंगत पारिश्रमिक मिल सके और योजना की प्रभाव शीलता बनी रहे।

भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप संशोधन

झारखंड के पठारी और कठोर मिट्टी वाले भूभाग में कुएं की खुदाई जैसे कार्य अत्यंत कठिन होते हैं। वर्तमान रउफ़ दरें इस कार्यभार के अनुरूप नहीं हैं। राज्य सरकार ने रउफ़दरों की अन्य पठारी राज्यों की तर्ज़ पर पुनरीक्षण की अनुमति देने की मांग की।

लंबित भुगतान का मुद्दा

एक वर्ष से अधिक समय से सामग्री और श्रम से संबंधित कई लंबित हैं, जिससे श्रमिकों एवं आपूर्तिकताओं को कठिनाई हो रही है। लंबित भुगतान में ₹7.06 करोड़ मजदूरी मद में और ₹43 लाख सामग्री मद में हैं।

सीएफपी योजना में लंबित मानदेय भुगतान

मनरेगा के में कार्यरत श्रमिकों का 2.86 करोड़ का मानदेय पिछले तीन महीनों से लंबित है। यह राशि जल्द से **शेष पृष्ठ-4.....**

## विद्यार्थी कड़ी मेहनत और संघर्ष से अपना जीवन संवारे : राज्यपाल



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

रांचीः राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि विद्यार्थी कड़ी मेहनत और संघर्ष से अपना जीवन संवारे। अब आपके सामने अनेक अवसर और चुनौतियां हैं, जो आपके मार्गदर्शन में नई दिशा दे सकती हैं। आपने जो शिक्षा प्राप्त की है, वह न केवल आपके व्यक्तित्व को सशक्त बनाएगी, बल्कि आपको आतिथ्य क्षेत्र में सफलता के नए आयाम स्थापित करने में भी मदद करेगी।

राज्यपाल मंगलवार को इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट कैटरिंग टेक्नोलॉजी एंड एप्लाइड न्यूट्रिशन, रांची (आईएचएम) के ग्रेजुएशन समारोह में बोल रहे थे।

राज्यपाल ने कहा कि मेरी कामना है कि आप कड़ी मेहनत, समर्पण और ईमानदारी के साथ आगे बढ़ें। अपने सपनों को साकार करें और अपने संस्थान, राज्य तथा देश का गौरव बढ़ाएं। मैं आप सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं और आशा करता हूं कि आप सभी अपने-अपने क्षेत्रों में सफलता की नई उंचाइयां प्राप्त करेंगे।

राज्यपाल ने कहा कि मेरा लंबा संसदीय अनुभव रहा है। इस दौरान मैंने इस क्षेत्र से जुड़े अनेक प्रतिभाशाली व्यक्तियों को नजदीक से देखा है, जिन्होंने अपने श्रम और समर्पण से उल्लेखनीय उपलब्धियां अर्जित की हैं। मुझे याद है, लगभग दो दशक पूर्व हमारे परिवार के एकसदस्य ने एक होटल मैनेजमेंट संस्थान में नामांकन लिया था **शेष पृष्ठ-4.....**

## संक्षिप्त खबर

### जिला अधिवक्ता संघ भवन में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गिरिडीह : जिला अधिवक्ता संघ भवन में सोमवार को एक विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानांतरण के बाद प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एके पांडेय और जिला न्यायाधीश द्वितीय को अधिवक्ताओं ने भाव पूर्वक विदाई दी।समारोह में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रकाश सहाय, सचिव चुन्नूकांत,पूर्व अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद,अधिवक्ता दशरथ प्रसाद सहित अन्य अधिवक्ताओं ने न्यायाधीशों को बुके देकर उन्हें सम्मानित किया।इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एके पांडेय ने कहा कि गिरिडीह में अधिवक्ताओं की कार्यशैली बहुत ही सकारात्मक और सहयोगात्मक रही है। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं के साथ अपने कार्यकाल में मिले सहयोग की सराहना की और भविष्य में आने वाले न्यायधीश के साथ भी अच्छे संबंध बनाए रखने की कामना की। वहीं अधिवक्ता संघ के सचिव चुन्नूकांत ने प्रधान न्यायधीश के कार्यकाल की तारीफ करते हुए कहा कि उनका अधिवक्ताओं के साथ बहुत अच्छा व्यवहार था।

### पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है : मंजू कुमारी




नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गिरिडीह : जमुआ विधायक मंजू कुमारी सियाटांड़ चौक पर भाजपा नवडीहा मंडल द्वारा आयोजित मौन कैंडल मार्च में शामिल होकर पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मंजू कुमारी ने कहा पहलगांव में पर्यटकों की असमय मृत्यु हम सभी के लिए गहरा शोक और पीड़ा का विषय है। पूरा देश उनके प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करे।

### सिखों के दूसरे गुरु श्री गुरु अंगद देव जी का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गिरिडीह :सिखों के दूसरे गुरु श्री गुरु अंगद देव जी का प्रकाश पर्व गिरिडीह में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्टेशन रोड स्थित मुख्य गुरुद्वारा में शाम से शब्द कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें गुरुद्वारे के स्थानीय रागी जत्थे द्वारा श्री गुरु अंगद देव जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया तथा शब्द कीर्तन प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में सिख समुदाय के लोगों ने गुरुद्वारा पहुंचकर माथा टेका।वही देर शाम तक चले इस कीर्तन दरबार के उपरांत लंगर का भी आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।इस मौके पर श्री गुरु सिंह सभा गिरिडीह के सचिव नरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रकाश पर्व को लेकर पिछले कई दिनों से गिरिडीह महिला सिख इकाई द्वारा लगातार शाम को पाठ का आयोजन किया गया।उन्होंने इस मौके पर तमाम लोगों को गुरु महाराज के जन्म दिवस की बधाइयां दी ।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री गुरु सिंह सभा गिरिडीह के प्रधान डॉक्टर गुणवंत सिंह मोंगिया, डॉ. अमरजीत सिंह सलूजा, सरदार देवेंद्र सिंह, सरदार चरणजीत सिंह सलूजा ,सरदार कुंवरजीत सिंह, सरदार परमजीत सिंह दुआ ,सरदार भूपेंद्र सिंह दुआ ,कुशल सलूजा सहित कई लोगों का सराहनीय सहयोग रहा।

# किजपा द्वारा सीओ वाहन को आग लगाने की कोशिश, पुलिस ने की लाठी चार्ज

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गिरिडीह :रजिस्टर 2 की सत्यापित कॉपी की मांग को लेकर किजपा के लोगों ने अंचलाधिकारी को घेरने का प्रयास किया।छुड़ाने गए पुलिस कर्मियों पर पथराव किया गया। सीओ वाहन को भी आग लगाने की कोशिश की गई। जिले के तिसरी प्रखंड मुख्यालय में कई दिनों से रजिस्टर 2 की सत्यापित कॉपी की मांग को लेकर किसान जनता पार्टी के द्वारा धरना प्रदर्शन, तालाबंदी एवं पुतला दहन किया गया था।आंदोलन जारी था। लेकिन यह आंदोलन सोमवार की सुबह हिंसक झड़प में तब तब्दील हो गया। जब किसान जनता पार्टी के लोग अंचलाधिकारी के कक्ष में पहुंचे और रजिस्टर 2 के सत्यापित कॉपी की मांग करते हुए उन्हें घेरने का प्रयास किया। प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के अनुसार अंचलाधिकारी के कक्ष में जब किजपा के लोग पहुंचे और अंचलाधिकारी के ऊपर रजिस्टर 2 के सत्यापित कॉपी को लेकर दबाव बनाने लगे तो माहौल को देखते हुए अंचलाधिकारी ने तिसरी पुलिस को इसकी खबर कर दी। जिसके बाद तिसरी थाना की पुलिस



अंचल कार्यालय पहुंची। जिस पर सैकड़ों की संख्या में मौजूद किजपा के लोगों ने पथराव कर दिया। घटना के दौरान पुलिस खुद को बचाने के लिए लाठियां लहराना शुरू कर दिया। जिसे देखते हुए प्रदर्शनकारी वहां से भाग खड़े हुए। वहीं इस दौरान प्रदर्शनकारियों द्वारा बीडीओ एवं पुलिस के वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया और सीओ वाहन में आग लगाने का प्रयास किया गया।

बताया गया कि इस झड़प में अंचलाधिकारी अखिलेश प्रसाद, बीडीओ मनीष कुमार एवं थाना प्रभारी रंजय कुमार को जहां हल्की फुल्की चोटें आई तो वहीं तिसरी थाना के एसआई नन्द जी राय, एक महिला पुलिस कर्मी समेत पुलिस के जवान घायल हो गए। वहीं दूसरी ओर किजपा के अध्यक्ष अवधेश सिंह और उनके एक साथी भी घायल हो गए। बताया गया कि सभी घायलों का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिसरी में चल रहा है।

जबकि गंभीर रूप से घायल महिला पुलिस कर्मी को बेहतर इलाज के लिए गिरिडीह रेफर कर दिया गया है।बताते चलें कि मामले की जानकारी मिलने के बाद खोरीमहुआ एसडीएम अनिमेष रंजन एवं खोरीमहुआ एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद भी प्रखंड मुख्यालय पहुंच कर पूरे मामले की जानकारी लेने में जुटे हैं। वहीं कुछ प्रदर्शनकारियों को भी पुलिस द्वारा हिरासत में लिए जाने की बात सामने आ रही है।

## उत्पाद विभाग ने चलाया छापेमारी अभियान, गुप्त सूचना पर की कार्रवाई




**293 पीस 69.12 लीटर विदेशी शराब, 141 पीस 75.75 लीटर बीयर एवं झारखंड सरकार का नकली स्टीकर किया बरामद, पेटरवार थाना क्षेत्र का मामला**

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

बोकारो : उपायुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार एवं सहायक आयुक्त उत्पाद बोकारो के मार्गदर्शन में मंगलवार को गुप्त सूचना के आधार पर जिला उत्पाद बल एवं स्थानीय पेटरवार थाना की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर पेटरवार थाना क्षेत्र के गागी बाजार मठ टोला में सदमु प्रसाद एवं सूरज कुमार प्रसाद के घर पर छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद किया।

टीम ने 293 पीस 69.12 लीटर करीब 08 पेटी विदेशी शराब, 141 पीस 75.75 लीटर करीब 10 पेटी बीयर एवं झारखंड सरकार का नकली स्टीकर बरामद किया है। मामले में संलिप्त अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज किया जा रहा है।

छापेमारी दल में निरीक्षक उत्पाद बिजय कुमार पाल, अवर निरीक्षक सदर-सह-तेनुघाट सन्नी विवेक तिर्की, अवर निरीक्षक बेरमो-सह-चंदपुरा महेश दास एवं पेटरवार थाना प्रभारी राजू मुंडा आदि उपस्थित थे।

## विभिन्न मांगों के समर्थन में झारखंड यूथ फोर्स का अनिश्चित कालीन धरना समाप्त

**सैंतीस दिनों तक लगातार चला धरना**

**धरना स्थल पहुंचे मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू तभी बन पाई बात**

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गिरिडीह :गिरिडीह जिला अंतर्गत जमुआ प्रखंड के समक्ष झारखंड यूथ फोर्स के बैनर तले अनिश्चितकालीन धरना विभिन्न 8 सूत्री मांगों को लेकर करीब 37 दिनों से झारखंड यूथ फोर्स के अध्यक्ष और उनकी टीम बैठी हुई थी। मंगलवार को झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू की अध्यक्षता में धरनार्थियों से वार्ता की गई। जिसमें अनुमंडल पदाधिकारी अनिमेष रंजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी गुलाम समदानी ,पूर्व विधायक केदार हाजरा, झामुमो जिला अध्यक्ष संजय सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमल एवं अंचल अधिकारी संजय पाण्डेय, प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव के बीच धरणार्थियों से मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने झारखंड यूथ फोर्स के आठ सूत्री मांगों को गंभीरता पूर्वक सुना एवं संबंधित का विभागों के



पदाधिकारीयो को निर्देश देते हुए जल्द से जल्द जांच कर कार्रवाई करने की बात कही गई है। साथ ही सभी अधिकारियों को अपने कार्य शैलियों में सुधार करने को कहा गया।जमुआ प्रखंड में सभी मामलों में सबसे बड़ा मामला 24945 क्विंटल अनाज गबन का मामले के साथ

राशन डीलरों को बिना आपूर्ति के कार्ड धारी से अंगूठा न लेने की बात कही गई।गोविंदपुरा में चल रहे माइंस की जांच हेतु अनुमंडल पदाधिकारी को भी निर्देश दिया गया और कहा गया जल्द से जल्द नियमानुसार जांच कर अग्रेषित की जाए। यूथ फोर्स के अध्यक्ष की एक मांग अंचलाधिकारी संजय पाण्डेय के कार्यों की भी समीक्षा की बात थी।इस पर मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा किसी भी पदाधिकारी की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी पूर्व खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी मदन मोहन को हटाए जाने की भी बात निकल कर सामने आई इस पर मंत्री ने कहा कि यदि कोई पदाधिकारी अच्छा कार्य कर रहे हैं और किसी कारण बस हटाया गया हो तो इसके ऊपर भी नियम संगत ध्यान दिया जाएगा। पुनः उनके पदस्थापन को लेकर वरीय पदाधिकारीयों से बात करने की बात कही गई। झारखंड यूथ फोर्स के अध्यक्ष गौतम सागर राणा ने कहा लोकतंत्र की जीत हुई है।वहीं सचिव रणजीत कुमार मंडल ने कहा हम सदैव जनता के साथ हैं और लोगों के हित के लिए चाहे जितनी भी आवाज उठानी पड़े उठाएंगे।राजनीतिक दलों से कांग्रेस के नेता प्रदेश सचिव नरेश वर्मा, सच्चिदानंद राय, जुनेद आलम, निजामुद्दीन अंसारी, अहमद राजा नूरी,पूर्व झामुमो प्रखंड अध्यक्ष चीना खान, वर्तमान झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रणजीत राम, सचिव रोजन अंसारी के अलावा कई समाज सेवकों की भी उपस्थित रही। ऐसे इस प्रकार की धरना झारखंड यूथ फोर्स के द्वारा पूर्व में भी हुई थी और निष्कर्ष सिर्फ कागजों तक ही सीमित रहा। किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाया। जिसके कारण फिर से झारखंड यूथ फोर्स को धरना देना पड़ा था।धरना स्थल में मुख्य रूप से अध्यक्ष गौतम सागर राणा, सचिव रंजीत कुमार मंडल, बेरहाबाद मुखिया सोनी देवी, केंदुआ मुखिया आशा देवी, बद्री राणा, सुधीर रजक, त्रिभुवन मंडल, विवेक मंडल,तूपलाल यादव, कार्तिक यादव, अजय यादव,राजीव कुमार,बोधी यादव, गोपाल यादव,गीता देवी, गीता कुमारी, लक्ष्मी देवी, लेकनी देवी आदि सैकड़ो लोगों की उपस्थिति रही।

## विश्व टीकाकरण सप्ताह के अंतर्गत बीएसएल द्वारा परिधीय गांवों में जागरूकता अभियान

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

बोकारो : विश्व टीकाकरण सप्ताह 24 से 30 अप्रैल 2025 के अवसर पर, बोकारो स्टील प्लांट द्वारा अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत एक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बीएसएल सीएसआर के अंतर्गत पिरामल स्वास्थ्य की मोबाइल मेडिकल यूनिट द्वारा यह अभियान बोकारो स्टील सिटी के परिधीय गांवों जैसे बैधमारा, वास्तेजी, पचौड़ा, शेरशाहडीह, परसाडीह, कनारी, बोधनाडीह, मोहलिडीह, कनफट्टा



एवं बेलडीह में सफलतापूर्वक संचालित किया गया।

इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को टीकाकरण के महत्व से अवगत कराना तथा विशेष रूप से नवजात शिशुओं एवं बच्चों के स्वस्थ भविष्य के लिए जनसहभागिता को प्रोत्साहित करना है। बोकारो स्टील प्लांट की मोबाइल मेडिकल यूनिट के चिकित्सकों द्वारा विभिन्न गांवों में जाकर जागरूकता सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें प्रतिभागियों को टीकाकरण के प्रकार, उसकी आवश्यकता, बचपन में इसकी अनिवार्यता तथा संबंधित रोगों की रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है। साथ ही, उन्हें निकटतम सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध निःशुल्क टीकाकरण सेवाओं की जानकारी भी दी जा रही है। अभियान के दौरान ग्रामीणों को इस बात के लिए प्रेरित किया गया कि वे स्वयं टीकाकरण के प्रति सजग रहें एवं अपने परिवार और समुदाय को भी इसके लिए जागरूक करें, जिससे एक स्वस्थ, सशक्त और सुरक्षित समाज का निर्माण हो सके।

इस जनहितकारी पहल के अंतर्गत अब तक 350 से अधिक ग्रामीणों ने सक्रिय रूप से भाग लिया है। यह प्रयास बोकारो स्टील प्लांट की जनस्वास्थ्य एवं सामुदायिक कल्याण और स्वास्थ्य क्षेत्र में स्थायी सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## सभी प्रखंडों में आधार शिविर का हो रहा आयोजन

**काफी संख्या में आमजनों ने कराया आधार का निबंधन और आधार को अपडेट**

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

बोकारो : उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर जिले के विभिन्न बैंकों, पोस्ट ऑफिस, प्रखंड विकास पदाधिकारी कार्यालय में संचालित आधार पंजीकरण, सुधार केंद्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त विशेष शिविर आगामी 01 मई 2025 तक सतत जारी रहेगा।

आयोजित विशेष शिविर में लोगों की काफी भीड़ जुट रही है। आमजन नया आधार पंजीकरण कराने के साथ ही आधार को अपडेट (संशोधन) करा रहें हैं। आधार को लेकर आयोजित विशेष शिविर का सभी बीडीओझसीओ ने



अपनेझअपने प्रखंडों में निगरानी की। वहीं, यूआइडी के डीपीओ ने भी विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण कर विशेष अभियान को सफल बनाने को लेकर निर्देश दिया।

उल्लेखनीय हो कि, सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ लेने हेतु आधार कार्ड लाभुकों के पास होना अनिवार्य है। बिना आधार कार्ड के सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ नहीं मिल पाता है, इसलिए आमजनों से अपील है कि वह शिविर में शामिल होकर अपना आधार कार्ड बनाएं एवं अपडेट करें। 21 अप्रैल 2025 से आयोजित इस विशेष शिविर में अब तक कुल 920 लोगों ने अपना नया आधार कार्ड बनाया एवं 6733 लोगों ने अपने आधार में नाम, मोबाइल नंबर, ई-मेल आइडी आदि को अपडेट (संशोधित) कराया है।

## स्कॉलर बीएड कॉलेज ने जल संरक्षण को लेकर चलाया जागरूकता कार्यक्रम




**बच्चों के बीच किया पठन सामग्रियों का वितरण**

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गिरिडीह : गिरिडीह के बनहत्ती स्थित स्कॉलर बीएड कॉलेज, गिरिडीह द्वारा एनएसएस बैनर तले जल संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्या डॉ. शालिनी खोवाला के मार्ग दर्शन में किया गया। सर्वप्रथम महाविधालय में जल संरक्षण पर शपथ दिलायी गयी। मौके पर प्राचार्या डॉ. शालिनी खोवाला ने प्रशिक्षुओं को जल संरक्षण के लिए प्रेरित व जागरूक करते हुए कहा कि पृथ्वी पर जीवन के लिए जल अति आवश्यक है। जल हमारे दैनिक जीवन के साथ-साथ कृषि, अर्थव्यवस्था एवं उधोग को भी प्रभावित करता है। कहीं से भी अनावश्यक पानी की बबार्दी को रोकना है। यह जरूरी है कि सभी जल का विवेकपूर्ण उपयोग करें।इस जागरूकता के पश्चात प्रशिक्षुओं ने गोद लिए गांव में छोटे-छोटे बच्चों के बीच कॉपी-पेंसिल का वितरण किया।कार्यक्रम के सफल आयोजन में एनएसएस समन्वयक डॉ. सुधांशु शेखर जमैयार एवं डॉ. राजेंद्र प्रसाद के साथ महाविद्यालय के समस्त सहायक व्याख्याताओं ने अपनी महती भूमिका निभाई। साथ ही सभी शिक्षकेत्तर कर्मियों एवं सैकड़ों की संख्या में प्रशिक्षु छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## डॉ. सन्तोष कुमार झा के कविता संग्रह कविक आबा का लोकार्पण

**गांव, समाज, खेत, मजदूर, किसान एवं राष्ट्र से जुड़ी हुई समस्या को दर्शाने वाला कविता संग्रह है 'कविक आबा : डॉ. विद्यानंद झा**

**अरुण पाठक**

कोलकाता/बोकारोः इस्पात नगरी बोकारो की चर्चित साहित्यिक संस्था साहित्यलोक के पूर्व संयोजक व मैथिली, हिन्दी व संस्कृत के साहित्यकार डॉ सन्तोष कुमार झा के मैथिली काव्य संग्रह कविक आबा का लोकार्पण रविवार की शाम कोलकाता के बड़ाबाजार लाइब्रेरी में कोलकाता एवं अन्य स्थानों से आए हुए मैथिली साहित्यकारों की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर कवि डॉ सन्तोष कुमार झा ने कहा- कविता प्रयासपूर्वक नहीं लिखी जा सकती है वह तो स्वतः स्फूर्त होती है एवं जो प्रयास पूर्वक लिखी गई हो वह कविता ही नहीं है।

साहित्य अकादमी भाषा सम्मान से सम्मानित, संस्कृत एवं मैथिली दोनों ही भाषाओं में अपनी







पहचान बनाने वाले डॉ. उदयनाथ झा अशोक ने कहा कि वर्तमान परिस्थिति में इस तरह के काव्य की अत्यधिक आवश्यकता है जो देश एवं समाज को नई दिशा प्रदान करे एवं काव्य के गुणों के अनुरूप भी हो। समकालीन कविताओं में इस कविता संग्रह की सटीकता को दशार्ते हुए वरिष्ठ कवि बिनय भूषण ने कहा कि अभी देश जिस दौर से गुजर रहा है उस दौर की कविता है कविक आबा।

इस कविता संग्रह पर अपने विचार रखते हुए साहित्य अकादमी से पुरस्कृत युवा कवि चंदन कुमार झा ने कवि को निष्पक्ष भाव से लिखने एवं चुप न रहने की सलाह देते हुए कहा कि यह काव्य संग्रह जिसमें विविध विधाओं की कविताएं संकलित हैं जो समाजोपयोगी साबित होगा तथा एक सार्थक कार्य सिद्ध होगा। आइआइएम जोका के प्रोफेसर व वरिष्ठ कवि डॉ. विद्यानंद झा ने इस कविता संग्रह को गाँव, समाज, खेत, मजदूर, किसान, देश एवं राष्ट्र से जुड़ी हुई समस्या को दशार्ने वाला बताया। अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में वैज्ञानिक एवं साहित्यकार डॉ. योगेन्द्र पाठक वियोगी ने कवि डॉ सन्तोष कुमार झा की इस कविता संग्रह में सम्मिलित कविता सिमरियाक मेला की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह की प्रभावी कविता को ऑडियो बुक के रूप मे समाज के सामने प्रस्तुत किया जाना चाहिए जिससे सुगमतापूर्वक पाठक एवं श्रोता की पहुंच मैथिली कविता तक बन सके और मैथिली कविता के पाठक एवं श्रोताओं को सहज रूप से सामग्री उपलब्ध हो सके।

लोकार्पण समारोह का आयोजन कोलकाता की मैथिली भाषा की सुप्रतिष्ठित संस्था संपर्क ने किया एवं इसका संचालन वरिष्ठ साहित्यकार मिथिलेश कुमार झा ने किया। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण मिथिमीडिया द्वारा किया गया। पुस्तक लोकार्पण के बाद द्वितीय सत्र में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें कवि कामेश्वर झा कमल, चंदन कुमार झा, विनय भूषण, श्रीमती शैल झा सागर, राजीव रंजन मिश्र, पवन कुमार झा गुमनाम फरिश्ता, रंजना झा, हिमाद्री मिश्रा, नीलम झा, अमरनाथ भारती, नवोनाथ झा, रुपेश त्योंथ, सुधीर कुमार झा व विजय इस्सर ने पहलगाम सहित अन्य विषयों पर अपनी कविताओं का पाठ किया एवं इसकी अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार लक्ष्मण झा सागर'ने की। पर्यावरण के प्रति अपनी जागरूकता को दिखाते हुए एवं कविता संग्रह की कविता को सार्थक करते हुए कवि के द्वारा अतिथियों का स्वागत पौधा देकर किया गया। अन्त में कवि डॉ सन्तोष कुमार झा ने सबको धन्यवाद ज्ञापन किया।

डॉ सन्तोष कुमार झा के काव्य संग्रह कविक आबा के प्रकाशन व लोकार्पण पर साहित्यलोक से जुड़े वरिष्ठ साहित्यकार बुद्धिनाथ झा, तुला नन्द मिश्र, गिरिजा नन्द झा अर्धनारीश्वर, कुमार मनीष अरविन्द, विजय शंकर मल्लिक, उदय कुमार झा, भुटकुन झा, राजेंद्र कुमार, साहित्यलोक के वर्तमान संयोजक अमन कुमार झा, प्रवक्ता अरुण पाठक सहित डॉ रणजीत कुमार झा, संजय कुमार झा, सुनील मोहन ठाकुर, राजीव कंठ, डॉ निरुपमा झा, स्मिता चौधरी, नीलम झा, शैलजा झा, रंगकर्मी बटोही कुमार, शंभु झा आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

Page 3_Page 3.qxd 4/29/2025 10:00 PM Page 1



## संक्षिप्त खबर

### धनबाद उत्पाद विभाग ने भौंरा से देशी शराब के साथ विक्रेता को किया गिरफ्तार

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

भौंरा :भौरा स्थित गौरखूंटी में एक अवैध शराब विक्रेता धर्मेन्द्र साव को धनबाद आबकारी विभाग कि टीम ने मंगलवार देर शाम को अवैध शराब के साथ साथ गिरफ्तार कर लिया.

### पहलगाम घटना के विरोध में आक्रोश प्रदर्शन व कैंडल मार्च में सुनैना सिंह किन्नर हुई शामिल



नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

धनबादः श्री आदि गुरु सर्व विद्या ट्रस्ट इकाई भारतीय एकता सेल सेवा सामाजिक संगठन के द्वारा रणधीर वर्मा चौक में मंगलवार संध्या पहलगाम में निर्दोष हिंदू पर्यटकों की जघन्य हत्या की विरोध में आक्रोश प्रदर्शन एवं कैंडल मार्च निकाला गया. आक्रोश प्रदर्शन एवं कैंडल मार्च में उपस्थित अखिल भारतीय किन्नर समाज की धनबाद जिला अध्यक्ष सुनैना सिंह किन्नर ने पाकिस्तान की कड़ी निंदा की और पाकिस्तान मुर्दे के नारे लगाए कहा की जरूरत पड़ने पर किन्नर समाज हमारी भारतीय सेना के साथ मिलकर पाकिस्तान और आतंकवादियों को खत्म करने में भरपूर साथ देगी. आक्रोश प्रदर्शन में रंजन गुप्ता,मनोज कुमार, उदय कुमार समेत संगठन के सदस्य और रणधीर वर्मा चौक के समीप के दुकानदार शामिल थे.

### अपर समाहर्ता ने सुनीं जनता की समस्याएं

**निष्पादन हेतु दिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश**



नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

धनबाद : अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने समाहरणालय में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतों को सुना. लोगों के आवेदनों को प्राप्त कर उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को शिकायत का निष्पादन करने के लिए निर्देशित किया.जनता दरबार में जमीन पर पुनर्वास, अवैध कब्जा, ऑनलाइन राशिद, दाखिल खारिज, जमीन हड़पने, मारपीट करने, अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत कराने, सरकारी जमीन को दबंग व्यक्तियों के अतिक्रमण से मुक्त करने, पानी की समस्या से मुक्ति दिलाने, आर्म्स लाइसेंस निर्गत करने, सैनिक की विधवा को सरकार द्वारा प्रदत्त भूमि आवेदन हेतु, विद्यालय में पीने के पानी एवं बेंच डेस्क की कमी की समस्या दूर करने समेत स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई.उन्होंने लोगों को पूर्ण भरोसा दिलाया कि आपकी समस्याओं को दूर करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है. जिला प्रशासन विधि सम्मत आपकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगा.

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा संचालित वाद मे हुआ सफल समझौता



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गिरिडीह :जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह में फ्रंट ऑफिस के माध्यम एक आवेदन दिया गया जिसमें पीड़ित महिला के द्वारा बताया गया कि उसके पति घरेलू विवाद के कारण लगभग दो वर्षों से दोनों पति-पत्नी अलग-अलग रह रहे थे। दोनों के दो बच्चे हैं तथा दोनों बच्चे अपनी माता के साथ रह रहे थे।इस मामले को फ्रंट कार्यालय में प्राधिकार के सचिव मो.सफदर अली नैयर और फ्रंट ऑफिस के पारा लीगल वॉलंटियर के प्रयास से दंपति के बीच सुलह करा कर मामले को निष्पादित किया गया। दंपती खुशी खुशी अपने घर को गए और साथ रहने का संकल्प लिया।ज्ञातव्य हो कि विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यों में से एक कार्य यह भी है कि इस तरह के मामलों में वाद पूर्व सुलह समझौता आदि कराया जाए ताकि न्यायालयों के लंबित मामलों के बोझ को कम किया जा सके ।समझौता को सफल बनाने में मध्यस्थ तृप्ति रंजना, पीएलवी दिलीप कुमार, अशोक कुमार वर्मा, शालिनी प्रिया, कामेश्वर कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।

### बाल आयोग ने किया आंगनबाड़ी और कस्तूरबा गांधी विद्यालय का निरीक्षण



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गिरिडीहः स्वस्थ और शिक्षित होंगे बच्चे तो झारखंड बनेगा उन्नत -रुचि कुजूर गिरिडीह जिला के दो दिवसीय दौरे में झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य रुचि कुजूर, आभा वीरेंद्र अकिंचन ने गांडेय प्रखंड के ग्राम मोहनडीह दो आंगनबाड़ी का निरीक्षण किया। सदस्य रुचि कुजूर और आभा वीरेंद्र ने आंगनबाड़ी केंद्र के निरीक्षण में बच्चों को मिल रही सुविधाओं की समीक्षा की। बच्चों की उपस्थिति बच्चों को मिल रहे भोजन,यूनिफॉर्म और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। सदस्यों ने बनी हुई भोजन का भी स्वाद और गुणवत्ता का परीक्षण किया। मोहनडीह के दोनों आंगनबाड़ी केंद्र में पीने का पानी और बिजली की समस्या देखी गई। इस विषय पर स्थानीय बीडीओ निषत अंजुम से बात कर जल्द से जल्द समस्या दूर करने के बाल आयोग के सदस्यों ने पहल किया। बीडीओ ने भी आश्वासन दिया कि पानी और बिजली की समस्या तुरंत दूर किया जाएगा। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी जीतू कुमार महिला पर्यवेक्षिका किरण कुमारी आंगनबाड़ी की सहायिका,सेविका और ग्रामीण भी उपस्थित थे। बाल आयोग के सदस्यों ने स्थानीय ग्रामीणों से बात कर उनकी समस्याओं का भी जायजा लिया।

# भूली से गिरफ्तार हिज्ब उत-ताहिर की शबनम है बेहद शातिर व खतरनाक

## शबनम के मोबाइल से धार्मिक कट्टरता के मिले कई घातक सबूत

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

धनबाद : आतंकी संगठन हो या फिर उनके स्लीपर सेल, झारखंड अक्सर इन्हें लेकर बदनाम होता आया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हत्या की साजिश रचने से लेकर देश के कई राज्यों में बम धमाकों में शामिल रहे संदिग्ध आतंकी झारखंड के विभिन्न शहरों से संदिग्ध पुरुष गिरफ्तार होते रहे हैं. लेकिन पहली बार झारखंड से एक संदिग्ध महिला को भी गिरफ्तार किया गया है. जिसके मोबाइल में विस्फोटक जानकारियां भरी पड़ी हैं. ये धनबाद के भूली से गिरफ्तार शबनम के मोबाइल जांच से एटीएस को बड़ा सबूत हाथ लगी है.शबनम को ही आतंकी संगठन हिज्ब उत-ताहिर का एक बड़ा हैंडलर माना जा रहा है. शबनम में कूट-कूट कर भरा हुआ है धार्मिक कट्टरता,भारत में प्रतिबंधित आतंकी संगठन हिज्ब उत-ताहिर के झारखंड मॉड्यूल के खुलासे के बाद धनबाद के वासेपुर में हड़कंप मचा हुआ है. झारखंड पुलिस के





एंटी टेररिस्ट स्कॉट ने पहली बार झारखंड से एक संदिग्ध महिला को गिरफ्तार किया है. 20 वर्षीय महिला शबनम बेहद खतरनाक बताई जा रही है. झारखंड एटीएस के एसपी ऋषभ झा ने बताया कि पहले तो शबनम शक की घेरे में नहीं थी, लेकिन जब उसके मोबाइल की जांच की गई तो पूरी एटीएस की टीम भी हैरान हो गई. आरोपी के मोबाइल में कई ऐसे तथ्य पाए गए हैं, जो बेहद आपत्तिजनक हैं. एटीएस की टीम ने संदिग्ध महिला के साथ इस मामले में कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया था. जिसमें संदिग्ध शबनम का पति भी शामिल है. संदिग्ध के मोबाइल से जानकारी मिली है कि वह लगातार अपने आसपास के लोगों को भी जिहाद के लिए उकसाने और भड़काने का काम कर रही थी. अपने पति और बाकी गिरफ्तार संदिग्धों को भी उसी ने भड़काया था. शबनम के मोबाइल से एटीएस को कई अहम जानकारी मिली है. उसके मोबाइल पर देश विरोधी मैसेज भी मिले हैं. एटीएस संदिग्ध के मोबाइल पर मैसेज भेजने वालों के बारे में जानकारी इक्ट्ठा कर रही है. साथ ही उसके दूसरे राज्यों या फिर विरोधी कनेक्शन के बारे में भी जानकारी जुटा रही है.एटीएस की रेड में भारी मात्रा में देश विरोधी आर्टिकल्स भी बरामद किए गए हैं. इसके अलावा ऑनलाइन तरीके डार्क नेट से भी देश में कैसे जिहाद किया जाए, इस संबंध में भी कई जानकारियां हासिल हुई है. एटीएस ने हिज्ब उत-ताहिर संगठन से जुड़े जिन संदिग्धों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है, उनमें धर्म के प्रति कट्टरता भरी हुई थी. उनके घर से मिले दस्तावेज यह बता रहा है कि वे किसी भी मसले में शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन करने के पक्षधर नहीं थे. धार्मिक मामले में सरकार के प्रति विरोध जताने के लिए वे लोगों को उग्र प्रदर्शन करने के लिए उकसाते थे, ताकि उनके संगठन का मकसद पूरा हो सकें. एटीएस को जांच में यह पता लगा है कि धर्म के मामले में वासेपुर अली नगर निवासी गुलफाम हसन और भूली निवासी आयान जावेद में सबसे अधिक कट्टर हैं. दोनों संदिग्ध 15 से 20 वर्ष के युवाओं का ब्रेनवाश करते थे. उन्हें देश की मौजूदा हालत के बारे में बताते और उन्हें देश विरोधी कार्य करने पर उकसाते थे. इस काम के लिए शबनम सबसे ज्यादा उन्हें प्रेशर देती थी.

शबनम से शादी के खिलाफ थे अयान के परिजन

एटीएस की जांच में यह बात भी सामने आई है कि धनबाद के वासेपुर के भूली आजाद नगर निवासी आयान जावेद की शादी शबनम परवीन से हुई थी. इस रिश्ता से आयान जावेद के परिजन खुश नहीं थे. वे इस रिश्ता का विरोध करते थे. परिवार के विरोध के बावजूद आयान जावेद ने शबनम से शादी कर ली. बताया जा रहा है कि आयान जावेद के परिजनों को शबनम की गतिविधि की जानकारी थी. उन्हें यह पता था कि वह कुछ देश विरोधी कार्यों से जुड़ी हुई है. जिसकी वजह से आयान का परिवार शबनम को पसंद नहीं थी. एटीएस एसपी ऋषभ झा के अनुसार संदिग्धों के पास से दो बेहद उम्दा किस्म के हथियार बरामद हुए हैं.

बरामद हथियार विदेशी है या देश में निर्मित है, इसकी भी जांच की जा रही है. एटीएस अफसरों के अनुसार संदिग्धों के पास से जब्त दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी गई है.गौरतलब है की झारखंड एटीएस ने हिज्ब उत-ताहिर संगठन से जुड़े चार संदिग्धों को शनिवार को धनबाद के वासेपुर से गिरफ्तार किया था. गिरफ्तार आरोपियों में धनबाद के वासेपुर अलीनगर से 21 वर्षीय गुलफाम हसन, भूली के आजाद नगर अमन सोसायटी से 21 वर्षीय आयान जावेद, शमशेर नगर गली नंबर-3 से आयान की पत्नी 20 वर्षीय शबनम परवीन और 20 वर्षीय मोहम्मद शहजाद आलम शामिल हैं.

### बीसीसीएल मेन्स नेशनल टेनिस टूर्नामेंट 2 से 9 मई तक, डीटी एमके रमैया ने टी शर्ट का किया अनावरण



नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

धनबादः ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में झारखंड टेनिस एसोसिएशन के द्वारा आयोजित आगामी 2 से 9 मई तक धनबाद में मेन्स नेशनल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन होने जा रही है, उक्त जानकारी धनबाद टेनिस संघ के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ने दी. बताया कि राष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिता का प्रायोजक बीसीसीएल है. झारखण्ड टेनिस एसोसिएशन द्वारा आयोजित 8 दिवसीय प्रतियोगिता की मेजबानी धनबाद टेनिस एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न राज्यों से लगभग सौ पुरुष टेनिस खिलाडी भाग लेंगे.कोल इंडिया की इकाई बीसीसीएल द्वारा प्रायोजित इस प्रतियोगिता का आयोजन धनबाद क्लब परिसर में होगा. जिसकी तैयारी जोरों पे चल रही है. इसी क्रम में आज बीसीसीएल मुख्यालय कोयला भवन में डायरेक्टर पर्सनल मुरली कृष्णा रमैया ने प्रतियोगियों के लिए टी-शर्ट का अनावरण किया. मौके पर झारखंड टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह समेत अन्य उपस्थित थे.

### वन नेशन -वन इलेक्शन को लेकर जिप अध्यक्ष शारदा सिंह की अध्यक्षता में राधानगर में गोष्ठी आयोजित





नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

महुदा : वन नेशन -वन इलेक्शन पर मंगलवार को जिप अध्यक्ष शारदा सिंह के राधानगर स्थित आवासीय कार्यालय में पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों के साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया गया. जहां सभी वक्ताओं ने अपने-अपने विचारों को व्यक्त किया. कार्यक्रम की अध्यक्षता पदूगोड़ा पंचायत के मुखिया महेश पटवारी ने किया. मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित जिला परिषद शारदा सिंह ने कहा कि देश में इस समय वन नेशन वन इलेक्शन की बहुत अधिक आवश्यकता है. देश में बार-बार चुनाव होने से धन की काफी हानि होती है और बड़ी संख्या में मानव संपदा का उपयोग होता है. इससे राष्ट्रीय स्तर पर कामकाज भी काफी प्रभावित होता है. इससे विकास में भी बाधित होता है, यदि पांच वर्ष में सिर्फ एक बार चुनाव होगा, तो बहुत बड़ी मात्रा में धन की बचत होगी जिसे हम विकास कार्यों में लगा सकते हैं. इससे हम बहुत जल्दी विकसित राष्ट्र बन जाएंगे. मुखिया महेश पटवारी ने कहा कि देश में बार-बार चुनाव होने से बड़े स्तर पर सरकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाती है, जिससे उनका मूल कार्य तो प्रभावित होता है साथ ही धन का भी बहुत बड़े स्तर पर प्रयोग होने से राष्ट्रीय स्तर पर वित्तीय दबाव बढ़ता है. चुनाव सामग्रियों का बड़े स्तर पर निर्माण और उनका उपयोग पर्यावरण पर विपरीत असर डालता है. लाखों टन कागज, चुनाव सामग्री हेतु प्लास्टिक के उपभोग के कारण पर्यावरण क्षति भी होती है. पंचायत से लेकर प्रखण्ड एवं राज्य स्तर की विकास योजनाओं में बाधा आती है, इसलिए वन नेशन वन इलेक्शन जरूरी है. हम सब इसका समर्थन करते है, इस दौरान सभी लोगों ने अपने समर्थन को लेकर एक एक पोस्टकार्ड राष्ट्रपति को भेजने का निर्णय लिया. मौके पर लालबाबू सिंह, सहदेव सिंह, सुग्रीव सिंह, हरिहर सिंह, कुलदीप सिंह, सलखू रवानी, विष्णु तुरी, तुलसी दास, बीरबल बाउरी, संजय पाण्डेय, ज्योति राय, बिनोद दास, मंजू देवी, सुकरी देवी, बेबी देवी, मुनिया देवी, मुनिया देवी, चांद बेबी, मुनिया बेबी, रेखा देवी, पूनम देवी, मालती देवी आदि मौजूद थे.

### पिंटू कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बिहार से चुनाव लड़ने का दिया आवेदन

**हिसुआ, बरबीघा या नवादा से चुनाव लड़ने की जतायी इच्छा**

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

धनबाद : जदयू पार्टी के धनबाद जिलाध्यक्ष सह बिहार के नवादा जिला निवासी पिंटु कुमार सिंह ने बिहार से विधानसभा चुनाव लड़ने को लेकर पटना स्थित मुख्यमंत्री आवास में बिहार के मुख्यमंत्री सह पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को आवेदन दिया. पिंटु कुमार सिंह ने हिसुआ, नवादा तथा बरबीघा विधानसभा क्षेत्र में किसी एक



विधानसभा से चुनाव लड़ने का इच्छा जताया है.मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उक्त आवेदन पत्र पर सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया है.

### इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद माइलस्टोन ने जरूरतमंद महिलाओं को किया छाता वितरण

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

धनबादः मंगलवार को इनर व्हील क्लब ऑफ धनबाद माइलस्टोन, डिस्ट्रिक्ट 325, चैप्टर 8181ने प्रचंड गर्मी को देखते हुए जरूरतमंदों को छाता का वितरण किया. क्लब की पदाधिकारी रेनू कौशल ने कहा बढ़ती गर्मी को देखते हुए क्लब ने जरूरतमंदों, कामकाजी महिलाओं को धूप से राहत देने के लिए छाता वितरण का निर्णय लिया गया है, जो बारिश तक जारी रहेगा. क्लब का उद्देश्य न केवल जरूरतमंद महिलाओं की मदद करना है बल्कि उन्हें उनके अधिकारों के प्रति सजग कर समाज में सकारात्मक बदलाव लाना भी है. छाता वितरण में क्लब की वाइस प्रेसिडेंट लीना झा,कोषाध्यक्ष रेनू कौशल मौजूद थी.

### डीपीएस चास में आर्ट ऑफ लिविंग के तहत कार्यशाला प्रबोधन का आयोजन

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

चास : डीपीएस चास विद्यार्थियों और शिक्षकों को मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए विभिन्न कार्यशालाओं का आयोजन करता रहता है। इसी उद्देश्य से आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के सहयोग से तीन दिवसीय कार्यशाला प्रबोधन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन बंगलोर के वरीय कार्यकत्रा सह झारखंड प्रभारी नवीन कुमार चैरसिया की देखरेख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर छात्रावास के विद्यार्थियों को योग, प्राणायाम, भस्त्रिका, अनुलोम-विलोम व सुदर्शन क्रिया इत्यादि का अभ्यास कराया गया और उनके बारे में विस्तृत जानकारी दी गईं। श्री चैरसिया ने कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के पास विभिन्न कार्यक्रम हैं जो तनाव कम करने और आत्म-विकास पर ध्यान केंद्रित करते हैं। इसके जरिए हम अपने जीवन में स्वस्थ रह सकते हैं। आर्ट ऑफ लिविंग कोर्स की आधारशिला सुदर्शन क्रिया तकनीक ने दुनिया भर में लाखों लोगों को तनाव कम करने, बेहतर आराम पाने और जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद की है। शक्तिशाली साँस लेने की तकनीक और ज्ञान हमारे जीवन को बदल सकते हैं। ज्ञातव्य हो कि आर्ट ऑफ लिविंग के वैश्विक और आध्यात्मिक व्यक्तित्व श्री श्री रविशंकर जी हैं, जिन्होंने मानसिक स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती के माध्यम से व्यक्तिगत और सामाजिक परिवर्तन लाकर 180 से अधिक देशों में एक वैश्विक आंदोलन को प्रज्ज्वलित किया है। आर्ट ऑफ लिविंग ने 80 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन को बेहतर बनाया है। इस कार्यशाला के आयोजन पर अपने विचार व्यक्त करती हुई विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ. हेमलता एस. मोहन ने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों में समग्र व्यक्तित्व के निर्माण के महत्व पर जोर देता है, जिसमें निष्ठा, ईमानदारी, सहिष्णुता और करुणा जैसे गुणों को बढ़ावा देना शामिल है। ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में तनाव कम करने और आत्म-विकास बढ़ाने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर विद्यालय की निदेशिका एवं प्राचार्या डॉ. मनीषा तिवारी ने कहा कि डीपीएस चास विभिन्न कार्यशालाओं के माध्यम से सांस्कृतिक विरासत, परंपरा और आत्म-खोज के महत्व पर जोर देता है। इस कार्यशाला से शिक्षकों एवं विद्यार्थियों में आंतरिक शांति और कल्याण को बढ़ावा मिलेगी।

## एसओएफ ओलंपियाड में राजकमल के विद्यार्थियों ने बटोरी 98 गोल्ड

**परिणाम विद्यालय के लिए गौरवपूण:र्सुमंत कुमार मिश्रा**

नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

धनबाद :अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साइंस ओलंपियाड फाऊंडेशन, गुड़गांव एसओएफ गणित अंग्रेजी ,विज्ञान, सामाजिक विज्ञान व अन्य विषयों पर ओलंपियाड का आयोजन करता है. इसी आलोक में ओलंपियाड में भाग लेने वाले राजकमल के 110 बच्चों में से 98 विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया, इतना ही नहीं इनमें से कुछ को अंतरराष्ट्रीय रैंक भी प्राप्त हुआ है.विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा ने कहा कि विद्यालय के लिए यह हर्ष एवं गौरव का विषय है. ऐसे विद्यार्थियों पर विद्यालय को गर्व है, मेरा मानना है कि शिक्षा के क्षेत्र में जिनकी बुनियाद ठीक है. वह सफलता के वृक्ष बनते हैं,फलते हैं और फूलते हैं. प्राचार्य श्री मिश्रा ने इसका श्रेय विद्यालय के उन शिक्षकों को भी दिया है जिन्होंने बच्चों को प्रेरणा दी एवं उन्हें तैयार करवाया. अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अंग्रेजी ओलंपियाड में मयंक गुप्ता को 3193, देवांश कुमारी को 1569 अनुष्का आर्या को 4387 ,आर्य कुमार को 3071, शिवानी कुमारी को 4540, शिवम कुमार को 3016, आर्यन साहू को 1881 एवं यशराज को 2223 वां रैंक प्राप्त हुआ. विज्ञान ओलंपियाड में वैष्णवी कुमारी, देवांशी राज, मृणाल आर्या ,श्रेया साहनी, जय श्री कुमारी, परिधि दुबे, पलक पांडे, पीहू कुमारी, शुभांगी ,चाहत कुमारी ,नम्रता अम्बष्ठ, एंजेल कुमारी ,




अन्वेषा राय ,अंशिका माली, प्रीति कुमारी, कृतिका कुमारी, नीरज आनंद, राघव कुमार, प्रत्यूष हर्ष, रक्षित कुमार पांडेय, आकाश कुमार, राशि रानी, सुनिधि कुमारी ,सौरभ कुमार, मयंक मनोहर महतो ,रेहान शेख, अमर कुमार सिन्हा ,शिवम कुमार, अर्थ कुमार, प्रिंस कुमार, पवन कुमार, रोशन कुमार, ऋषभ गुप्ता, तनीषा श्रीवास्तव, दिव्यांशी गुप्ता एवं अनु कुमारी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया।गणित ओलंपियाड में रमिया मंजूम, आराध्या कुमारी, दिशा किस्कू ,आरव मुखर्जी, प्रताप रावत, दिव्यांशी कुमारी, सृष्टि कुमारी, संदर्भ श्रेया, दिव्य विजय गरुड़ ,देव प्रकाश, रुद्र प्रताप सिंह, सौरव शर्मा, यशराज ,शरद प्रसाद, निखिल भालोठिया, सरबजीत सिंह, निरुपम मित्र, आराध्या शर्मा ,आराध्या, लक्षिता कुमारी ,साक्षी सिंह ,काव्य कशिश राज ,बुशरा तनवीर, प्रिशा , अनन्या राय ,स्वाति कुमारी, वैष्णवी कुमारी, रिद्धि भावना, सुनिधि प्रिया, शान्वी मालाकार, परी कुमारी, इशिका घोष, स्नेहल, फातिमा रशीद, कोमल कुमारी, प्रियांशी कुमारी, सत्यम कुमार, दैविक रस्तोगी, आनंद कुमार साहू, मयंक कुमार दास, पीयूष दास ,अंकित कुमार, वैभव कुमार, मोहम्मद रेहान फजल ,रितेश रंजन, परविंदर प्रधान, अभिज्ञान आयुष, राघव कुमार ,मयंक कुमार, मानसी, विद्यानंद प्रसाद, विमर्श कुमार, वीर कुमार रवानी, अनुराग कुमार, रौनक कुमार सिंह, अरिजीत कुमार मिश्रा को स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ. इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक शंकर दयाल बुधिया ,अध्यक्ष विनोद कुमार तुलस्यान, उपाध्यक्ष रविंद्र कुमार पटनिया, सचिव संजीव अग्रवाल, सहसचिव दीपक रुइया ,कोषाध्यक्ष चंद्रशेखर अग्रवाल, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य गण, प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा, उप प्राचार्य मनोज कुमार, उप प्राचार्या लीला सिंह, प्रभारी प्रतिमा चौबे, कमल नयन ,पार्थ सारथी सरकार ,सुमोना दीक्षित, एवं छंदा बनर्जी ने इन सबों को बधाई देते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है.

## संक्षिप्त खबरें

## सामूहिक दुष्कर्म मामले में मुख्य आरोपी शेख मुस्लिम गिरफ्तार




पूर्वी चंपारण,(एजेंसी) : जिले के बंजरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते दिनो एक महिला के साथ हथियार दिखाकर किये सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी शेख मुस्लिम को गिरफ्तार कर लिया है।

बीते दिन तीन लोगो ने पहले महिला के साथ दुष्कर्म किया फिर उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। घटना के बाद पीड़िता ने महिला थाना में इनके खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई।जिसके बाद स्वर्ण प्रभात ने एक विशेष टीम का गठन किया। वही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी शेख मुस्लिम को गिरफ्तार कर लिया है।जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।सदर एएसपी शिवम धाकड़ ने बताया कि साइबर सेल को वायरल वीडियो को हटवाने और शेयर करने वालों पर नजर रखने का निर्देश दिया गया है। पीड़िता को मेडिकल मदद के साथ ही काउंसलिंग के लिए भेजा गया है।पीड़िता को हर हाल में न्याय दिलायी जायेगी।

## शिक्षा विभाग ने शिक्षकों की समस्याओं के निष्पादन के लिए स्ट्रक्चर्ड वेबसाइट स्थापित किया

पटना, (एजेंसी) : शिक्षकों की समस्याओं के त्वरित निष्पादन के लिए शिक्षा विभाग ने एक स्ट्रक्चर्ड वेबसाइट की स्थापना की है। इसके अंतर्गत ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर शिक्षकों को अपनी शिकायत दर्ज करने का विकल्प दिया गया है। इस पोर्टल पर राज्य सरकार के अधीन कार्यरत कोई भी शिक्षक अपने लॉगइन के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज कर सकता है।शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने राज्य के सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र लिखकर कहा है कि शिक्षकों की शिकायतों के निराकरण के लिए विभाग ने कई तरह की व्यवस्था कर रखी है। जिसमें जिला और प्रखंड स्तर पर इनकी समस्याओं के निष्पादन के लिए प्रत्येक शनिवार को जनता दरबार का आयोजन भी शामिल है। ताकि शिक्षकों की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही किया जाए। लेकिन उनकी समस्याओं का स्थानीय स्तर निवारण नहीं होने से शिक्षक मुख्यालय में स्थापित कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में अपनी शिकायत दर्ज कराने लगे हैं। जबकि शिक्षकों द्वारा कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में समर्पित आवेदनों को जिला शिक्षा पदाधिकारी को भेजकर उनका निष्पादन कराया जाता है।

अपर मुख्य सचिव का कहना है कि स्थानीय स्तर पर शिक्षकों की समस्याओं का समाधान नहीं होने से बड़ी संख्या में शिक्षक राज्य मुख्यालय पहुंच जाते हैं। कभी-कभी तो ऐसा भी देखा गया है कि वे अपने पूरे परिवार के साथ अपनी समस्याएं लेकर वरीय पदाधिकारियों से मिलने सचिवालय पहुंच जाते हैं। इससे शिक्षकों को व्यक्तिगत कठिनाई तो होती ही है, वहीं राज्य मुख्यालय का कार्य भी बाधित होता है। उन्होंने कहा कि बार-बार क्षेत्रीय पदाधिकारियों को कहा गया है कि वे स्थानीय स्तर पर ही शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने अपने पत्र में यह भी कहा है कि ऐसा लगता है कि इसे गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है।उन्होंने बताया अब सारी शिकायतें स्ट्रक्चर्ड वेबसाइट पर दर्ज करने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्राथमिक शिक्षा निदेशक, माध्यमिक शिक्षा निदेशक, निदेशक मध्याह्न भोजन योजना के साथ-साथ अपर मुख्य सचिव इन शिकायतों को एक साथ देख सकेंगे। जबकि भ्रष्टाचार संबंधी शिकायत केवल प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा निदेशक और अपर मुख्य सचिव ही देख सकेंगे। उन्होंने कहा कि जिला शिक्षा पदाधिकारी का यह दायित्व है कि शिकायतों का निष्पादन कर अनुपालन प्रतिवेदन इसी ई-शिक्षा कोष पर अपलोड करेंगे, ताकि अपर मुख्य सचिव के जन शिकायत कोषांग द्वारा समय-समय पर अनुपालन की समीक्षा हो सके। शिक्षक भी दर्ज की गई अपनी शिकायत को लेकर की गई कार्रवाई को ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर देख सकते हैं।अपर मुख्य सचिव ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह वेबसाइट मूल आवेदन के लिए नहीं है। शिक्षक अपना मूल आवेदन अभी भी स्थानीय प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा पदाधिकारी को ही समर्पित करेंगे। यदि उनके स्तर पर कार्रवाई नहीं की जाती है तो वे अपनी शिकायत इस पोर्टल में दर्ज कर सकते हैं।

## कटिहार रेलमंडल के सीनियर डीएनसी पर दुर्व्यवहार और भ्रष्टाचार के आरोप



कटिहार, (एजेंसी) : कटिहार रेलमंडल में पदस्थापित सीनियर डीएनसी संदीप शाह पर दुर्व्यवहार और भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं। मंगलवार को एनएफ रेलवे इंप्लॉई यूनियन ने कटिहार डीआरएम बिल्डिंग में जमकर प्रदर्शन किया। यूनियन के मंडल सचिव रजनीश कुमार ने आरोप लगाया कि सीनियर डीएनसी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं और ट्रांसफर की धमकी देकर उन्हें डराते हैं।यूनियन ने यह भी दावा किया कि संदीप शाह संवेदकों से सांठगांठ कर कमीशन सेट कर चुके हैं, जिससे विभाग में भ्रष्टाचार फैल रहा है। यूनियन ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की। यूनियन के सचिव रजनीश कुमार ने कहा कि इंप्लॉई यूनियन हमेशा रेलकर्मियों के हित के लिए खड़ा है और रेल प्रशासन के शोषण और मनमानी के विरुद्ध विरोध प्रकट करता रहेगा।इस संदर्भ में सीनियर डीएनसी संदीप शाह ने सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह पूरी तरह बेबुनियाद और गलत हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अगर कोई समस्या है तो उसे जल्द सुलझा लिया जाएगा। मामले को बढ़ता देख डीआरएम सुरेंद्र कुमार ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला और जांच का आश्वासन दिया। जिसके बाद यूनियन के प्रतिनिधि शांत हुए और मामला ठंडा हुआ। मौके पर सैकड़ों रेलकर्मी मौजूद थे।

## शादी का झांसा देकर युवक ने नाबालिग का किया यौन शोषण

पूर्वी चंपारण,(एजेंसी) : जिले के हरसिद्धि थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है।जहां एक युवक ने पहले एक नाबालिग लड़की को प्रेमजाल में फांस कर शादी का सपना दिखाया, फिर उसका यौन शोषण किया।फिर शादी से मुकर गया। अब इस मामले को लेकर पीड़ित लड़की ने हरसिद्धि थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है, जिसमे उसने कहा है,कि लौकरिया निवासी कलीम अंसारी का पुत्र सेराज अंसारी उसे प्रेम जाल में फंसा कर शादी का झांसा देता रहा और इसी बहाने उसके साथ यौन शोषण करता रहा। जब पीड़िता ने शादी करने का दबाव बनाया तो आरोपी ने साफ इनकार कर दिया। इस बात की जानकारी जब परिजनों को हुई तो उन्होंने भी सेराज अंसारी के परिवार से बात की,लेकिन युवक के परिजनो ने भी शादी से साफ मना कर दिया। जिसके बाद पीड़िता ने पुलिस को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।हरसिद्धि थानाध्यक्ष सर्वेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला प्रेम प्रसंग का प्रतीत होता है।उन्होने कहा कि पीड़िता के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# मेगा ड्राइव : गया जंक्शन से 525 बेटिकट यात्री पकड़े गए

**गया सहित डीडीयू मंडल में चला सघन टिकट चेकिंग अभियान**



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गयाः गया जंक्शन सहित डीडीयू मंडल में सघन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें गया जंक्शन पर 525 बेटिकट यात्री सहित पूरे डिवीजन में करीब 1768 बेटिकट यात्री धराए।

जुमार्ने के रूप में गया जंक्शन पर दो लाख 60 हजार 945 रुपये तथा पूरे डिवीजन में लगभग 9 लाख 53 हजार रुपए राजस्व की प्राप्ति हुई।

गया जंक्शन पर सीआईटी (प्रशासन) आरआर सिन्हा ने टिकट चेकिंग अभियान का नेतृत्व किया। पूर्व निर्धारित टिकट चेकिंग मेगा ड्राईव के आलोक में डीडीयू, गया, सासाराम, डेहरी ओन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, भभुआ एवं जपला आदि स्टेशन पर फोर्ट्रेस चेक प्रातः 06 बजे से रात 10 बजे तक करने का निर्णय लिया गया था जिसमें मंडल के समस्त स्क्वाड, स्टैटिक एवं स्लीपर के टिकट जाँच कर्मी, वाणिज्य निरीक्षक,पर्यवेक्षक सहित सभी वाणिज्य अधिकारी उपस्थित रहे '

मुख्यतः बक्सर -डीडीयू खंड, वाराणसी- डीडीयू, सासाराम - डीडीयू, आरा- सासाराम खंड, गढ़वा रोड- डेहरी ऑन सोन, किउल- गया, गोमो - गया एवं पटना- गया खंड से आने एवं जानेवाली सभी ट्रेनों को लक्ष्य कर गहन जाँच किया गया जिसमें प्रीमियम एवं मेल,एक्सप्रेस के साथ-साथ पेसेंजर ट्रेन को भी चेक किया गया। बिना टिकट व अनुचित टिकट पर यात्रा करते हुए पकड़े गए व्यक्तियों से नियमानुसार जुमार्ने की राशि वसूल की गयी।सभी स्टेशनों पर किलाबंदी जाँच कर बिना टिकट व अनियमित टिकट पर यात्रा करने वालों को नियमित टिकट लेकर चलने के लिए प्रेरित किया गया।

## ट्रेक्टर एजेंसी के मालिक को बंधक बनाकर छीना 70 हजार रुपया




पूर्वी चंपारण, (एजेंसी) : जिला हरसिद्धि थाना क्षेत्र के यादवपुर मे ट्रेक्टर का बकाया रूपया मांगने गए आयसर ट्रेक्टर एजेंसी के मालिक को बंधक बनाकर चाकू का भय दिखाकर 70 हजार रुपया छीन लिया गया है। मामले मे बंजरिया थाना के रोहनिया गाँव के चंद्र विजय कुमार ने थाना मे आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराया है।

चंद्र विजय ने बताया है कि शहर के बरियारपुर मे उनका आयशर ट्रेक्टर का एजेंसी है। वे नकद और बैंक के लोन पर ट्रेक्टर बेचते है। वर्ष 2023 मे यादवपुर के अर्जुन सिंह व उनके पिता ध्रुव सिंह एजेंसी मे जाकर एक ट्रेक्टर खरीदे। नकद 40 हजार रुपया दिए। बाकि 6.14 हजार रुपया एक माह मे देने का एग्रीम्नेट बनाये। उसके बाद से बाकि रुपया के लिए उनका सेल्स मैन दौड़ लगाता रहा। लेकिन रुपया देने मे आनाकानी करते रहे। वे यादवपुर उक्त दोनों के घर बाकी रुपया के लिए गए। बाकी रुपया मांगने पर पिता पुत्र भड़क गए। अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उनसे 10 लाख रुपया कि रंगदारी मांगने लगे। वे लोग उन्हें बंधक बना कर चाकू के बल पर लहना वसूली का रखा हुआ 70 हजार रुपया छीन लिया। धमकी दिया कि बकाये छह लाख चौदह हजार रुपया को भूल जाओ। उक्त दोनों ने हत्या करने का भी धमकी दिया। थानाध्यक्ष सर्वेद्र कुमार ने बताया कि मामले कि तहकीकात की जा रही है।

## तेजस्वी यादव को दिन में सत्ता के सपने देखने की आदतः उमेश सिंह कुशवाहा

पटना, (एजेंसी) : बिहार जनता दल (यू) के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने मंगलवार को बयान जारी कर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बयान पर तीखा पलटवार किया। उन्होंने कहा कि 15 वर्षों तक अपने माता.पिता के शासनकाल की एक भी ठोस उपलब्धि न बता पाने वाले तेजस्वी यादव किस आधार पर जनता से पुनः सेवा का मौका मांग रहे हैं?

उन्होंने कहा कि जनता को गुमराह करने और आंखों में धूल झोंकने की राजनीति अब नहीं चलेगी। अराजकता, अपराध और भ्रष्टाचार से भरे उन 15 वर्षों के भयावह दौर को बिहार की जनता आज भी नहीं भूली है।

तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि उन्हें दिन में भी सत्ता के सपने देखने की आदत हो गई है, लेकिन यह सपना अब कभी साकार नहीं होगा, क्योंकि जनता राजद के भ्रष्ट, विफल और अवसरवादी राजनीतिक चरित्र को भली-भांति पहचान चुकी है।

प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा कि राजद की रगों में भ्रष्टाचार और लूट की प्रवृत्ति समाई हुई है। तेजस्वी यादव सत्ता में लौटकर उसी पुरानी लूट की नीति को दोहराना चाहते हैं, लेकिन बिहार की जागरूक जनता अब ऐसे खोखले वादों और परिवारवाद पर टिकी राजनीति को कभी स्वीकार नहीं करेगी।

कुशवाहा ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की सुशासन, विकास और सामाजिक सौहार्द की राजनीति पर प्रदेशवासियों का विश्वास अटूट और गहरा है। विपक्ष के झूठ, दुष्प्रचार और भ्रम फैलाने की साजिशों का कोई असर नहीं होने वाला। जिन्होंने बिहार को पिछड़ेपन की ओर धकेलकर केवल अपने परिवार को आगे बढ़ाया उन्हें सत्ता में लौटने का दिवास्वप्न अब त्याग देना चाहिए।

# ताड़ी पर से प्रतिबंध हटाने के बहाने पासी समाज को ठगने निकले हैं तेजस्वीःमांझी

**केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने पासी समाज के प्रति झूठा प्रेम दिखाने वाले लालू परिवार को दिखाया आईना**



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गयाः केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने लालू परिवार पर पासी समाज को ठगने का आरोप लगाया है। श्री मांझी ने कहा कि लालू प्रसाद यादव और उनका परिवार पासी समाज के साथ हुए अन्याय के लिए सबसे अधिक जिम्मेदार है। तेजस्वी प्रसाद यादव जब बिहार की सरकार में उपमुख्यमंत्री थे तब ताड़ी पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया गया था और इसी दौरान पासी समाज के लोगों के ऊपर सबसे ज्यादा जुल्म किए गए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लालू परिवार या तेजस्वी यादव यह कैसे भूल सकते हैं कि उनके उपमुख्यमंत्री रहते बेगुनाह पासी समाज के लोगों पर कैसे जुल्म हुआ? कैसे ताड़ी पर प्रतिबंध लगाकर लाखों ताड़ के पेड़ को कटवा दिया गया। तेजस्वी यादव अगर चाहते तो वह पासी समाज को उपमुख्यमंत्री रहते राहत दिलवा सकते थे, ताड़ी पर प्रतिबंध के फैसले पर रोक लगा सकते थे। लेकिन सत्ता की कुर्सी पर बैठने के बाद उन्होंने पासी समाज की चिंता नहीं की। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि आज जब चुनाव का वक्त आया है तो तेजस्वी यादव को पासी ही समाज की याद आ रही है। तेजस्वी कंधे पर लबनी बांधकर पासी समाज को झांसा देने का प्रयास कर रहे हैं। तेजस्वी यह कह रहे हैं कि ताड़ी पर से प्रतिबंध हटाएंगे। अगर यह प्रतिबंध हटाना ही था तो आखिर क्या मजबूरी थी कि तेजस्वी यादव ने इसे लागू किया? तेजस्वी यादव को इन सवालों का जवाब देना चाहिए।

# बिहार में संविधान बचाओ यात्रा में नहीं दिखे कृष्णा अल्लावरु, चर्चा शुरू



पटना (एजेंसी) : कांग्रेस की ओर से मंगलवार संविधान बचाओ पैदल यात्रा निकली गई। इसमें 500 मीटर लंबा तिरंगा झंडा लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता निकले। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय सदाकत आश्रम से बांस घाट तक पैदल यात्रा की गई।

यात्रा में राजेश राम झंडा लेकर आगे चल रहे हैं। साथ में विधायक दल के नेता शकील अहमद खान सहित कई जिलाध्यक्ष, विधायक मौजूद हैं। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी पहुंचे हैं। वहीं, कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरु यात्रा में दिखाई नहीं दिए।

प्रदेश अध्यक्ष राजेश ने कहा कि आज हम लोगों के लिए बड़ा दिन है। जय भीम, जय बापू, जय संविधान का संकल्प लेकर यहां आए हैं। हमारा संविधान खतरे में है। धर्मनिरपेक्षता खतरे में है। संविधान को बचाने के लिए कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता खुलकर आया आए हैं। देश संविधान से चलता है

उन्होंने कहा कि कार्यकताओं को कहा गया है कि अगले छह महीने पार्टी के लिए संघर्ष कीजिए। परिवार से छुट्टी लेने को कह दिया है। उनके लिए सारी व्यवस्था कर-के संघर्ष करने के लिए तैयार होना है। पैदल यात्रा में कांग्रेस विधायक दल के नेता खान, विधान परिषद दल के नेता डॉ मदन मोहन झा सहित सभी जिलाध्यक्ष, विधायक, सांसद मौजूद रहे। शकील ने कहा कि अति पिछड़ों, पिछड़ों और वंचित समाज के लोगों को मुख्य धारा में लाने से रोका जा रहा है। उसकी लड़ाई राहुल गांधी लड़ रहे हैं।

## ट्रेक्टर एजेंसी के मालिक को बंधक बनाकर छीना 70 हजार रुपया

पूर्वी चंपारण, (एजेंसी) : जिला हरसिद्धि थाना क्षेत्र के यादवपुर मे ट्रेक्टर का बकाया रूपया मांगने गए आयसर ट्रेक्टर एजेंसी के मालिक को बंधक बनाकर चाकू का भय दिखाकर 70 हजार रुपया छीन लिया गया है। मामले मे बंजरिया थाना के रोहनिया गाँव के चंद्र विजय कुमार ने थाना मे आवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराया है।

चंद्र विजय ने बताया है कि शहर के बरियारपुर मे उनका आयशर ट्रेक्टर का एजेंसी है। वे नकद और बैंक के लोन पर ट्रेक्टर बेचते है। वर्ष 2023 मे यादवपुर के अर्जुन सिंह व उनके पिता ध्रुव सिंह एजेंसी मे जाकर एक ट्रेक्टर खरीदे। नकद 40 हजार रुपया दिए। बाकि 6.14 हजार रुपया एक माह मे देने का एग्रीम्नेट बनाये। उसके बाद से बाकि रुपया के लिए उनका सेल्स मैन दौड़ लगाता रहा। लेकिन रुपया देने मे आनाकानी करते रहे। वे यादवपुर उक्त दोनों के घर बाकी रुपया के लिए गए। बाकी रुपया मांगने पर पिता पुत्र भड़क गए। अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उनसे 10 लाख रुपया कि रंगदारी मांगने लगे।

## सुगौली में धुमधाम से मनायी गई भगवान परशुराम की जयंती



पूर्वी चंपारण,(एजेंसी) : जिले सुगौली प्रखंड के सुगांव माई स्थान परिसर में ब्राह्मण भूमिहार समाज के द्वारा धूमधाम से परशुराम जयंती मनाई गई। इस अवसर पर आयोजन समिति ने लोगो को अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया।इसके साथ ही परशुराम जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन कीर्तन और भंडारे का भी भव्य आयोजन किया गया।

समिति के लोगो ने बताया कि आयोजन के माध्यम से समाज के लोगो को भगवान परशुराम जीवन व आदर्शो से अवगत कराया गया।वही अपनी संस्कृति, परंपरा और एकता का संदेश भी प्रसारित किया गया।इस उत्सव के माध्यम से समाज को जोड़ने और युवा पीढी को अपने गौरवशाली इतिहास से अवगत कराया गया।आयोजन में कई स्थानीय कलाकारों ने अपनी कलाओं से लोगो का मन मोह लिया।

आयोजन में प्रखंड मुखिया संघ उपाध्यक्ष प्रभाकर मिश्र,मुखिया रंजीत झा,भाजपा नेता अखिलेश सिंह,जितेंद्र तिवारी,नगर पार्षद श्याम शर्मा, महेश मिश्रा,बिकाऊ मिश्र, पंकज लोचन मिश्र,संदीप मिश्रा, प्रिंस चौबे, निरंजन दुबे,पार्षद रोचक झा, अनमोल सिंह, रोशन झा, अनुराग झा,मनोज मिश्रा,दीपु मिश्र सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## पृष्ठ एक का शेष...

### राज्य में लोगों को गुणवत्तापूर्ण इलाज मुहैया करने के लिए राज्य

\दिक्कत होती हो तो हमें बताएं हम पूरी मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि गाइडलाइन को बढ़िया से पढ़ें। अपने अस्पताल में बेहतरीन लोगों को नियुक्त करें, जो गाइडलाइन के अनुरूप काम कर सकें।

सभी प्राइवेट अस्पताल गाइडलाइन का सौ प्रतिशत अनुपालन करें सुनिश्चित

इस मौके पर झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी के कार्यकारी निदेशक श्री अबु इमरान ने सभी प्राइवेट अस्पतालों से गाइडलाइन का सौ प्रतिशत अनुपालन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि छोटे अस्पताल गाइडलाइन को नहीं समझ पा रहे हैं। उनके पास कर्मचारी भी ट्रेंड नहीं हैं। इसलिए उन्हें ऐसे लोगों की जरूरत है जो ट्रेंड हो और गाइडलाइन को समझ सकें। उन्होंने सभी अस्पतालों से राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना और वय वंदन योजना के तहत भी इनरोल करने पर बल दिया।

विभिन्न विषयों पर दिया गया प्रशिक्षण

कार्यक्रम के दौरान आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के साथ जसास के द्वारा चलाई जा रही अन्य योजनाओं पर भी चर्चा की गई। अस्पतालों के अपडेट कैपेसिटी और शिकायत निवारण जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यशाला में सभी जिलों के सिविल सर्जन के साथ शहरी क्षेत्र के 50 बेड से कम के अस्पताल एवं ग्रामीण क्षेत्र के 30 बेड से कम के अस्पताल के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

इस मौके पर झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### राम मंदिर का निर्माण 5

(ब्रास) से बना है। इसकी आयु करीब 100 साल है। इसे 60 कारीगरों ने 7 महीने में तैयार किया है। क्रेन की मदद से ध्वजदंड को लगाया गया श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने बताया- मंगलवार सुबह साढ़े 6 बजे, 160 फीट की ऊंचाई पर शिखर के पास इंजीनियर ऊपर चढकर मौजूद रहे। यहां 2 क्रेनों की मदद से ध्वजदंड को ट्रॉले के ऊपर से उठाया गया। धीरे-धीरे उसे वर्टिकल खड़ा किया गया, फिर क्रेन की सहायता से मुख्य शिखर पर स्थापित किया गया। यह प्रक्रिया सुबह 8 बजे तक चली।

### असम के हाफलोंग में मुठभेड़...

इलाके की तलाशी के दौरान तीन शव बरामद हुए, जिनके पास से दो एके सीरीज की राइफलें और एक पिस्तौल मिलीं। मारे गए उग्रवादियों के एनएससीएन के किसी गुट से संबंध होने की आशंका पुलिस ने जताई है। सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान जारी है।

### उत्तराखंड : फाटा पहुंची बाबा केदारनाथ की पंचमुखी डोली.....

केदारनाथ मंदिर समिति तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगी है। पुलिस द्वारा यात्रियों की सुरक्षा के लिए बदरीनाथ में थाना का संचालन शुरू कर दिया गया है।

श्रीबदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश चंद्र गौड़ ने बताया कि 2 मई को ज्योर्तिमठ से आदिगुरू शंकराचार्य की गद्दी और गरुड़ भगवान की मूर्ति बदरीनाथ धाम के लिए प्रस्थान करेगी। 3 मई की सुबह कुबेर जी, गरुड़, उद्धव की उत्सव डोली बदरीनाथ के लिए प्रस्थान करेगी। उन्होंने बताया कि कपाटोद्घाटन के लिए सभी तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं।

### विद्यार्थी कड़ी मेहनत और संघर्ष से अपना जीवन....

और आज वह बहुत ही अच्छी जगह पर है। इस क्षेत्र में संभावनाएं इतनी हैं कि कल्पना नहीं की जा सकती।

उन्होंने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि वर्ष 2019 में स्थापित इस संस्थान ने न केवल शिक्षा के क्षेत्र में, बल्कि रचनात्मक और सांस्कृतिक योगदान में भी महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की जिम्मेदारी है कि आप समाज में सकारात्मक प्रभाव डालें। आतिथ्य क्षेत्र में आपके पास समाज को जोड़ने, नए रिश्ते बनाने और सांस्कृतिक आदान-प्रदान की शक्ति है। आपके कंधों पर यह जिम्मेदारी है कि आप हमारे राज्य और देश के आतिथ्य क्षेत्र को और समृद्ध बनाएं। यह क्षेत्र न केवल आर्थिक दृष्टि से, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। जैसा कि आप अपने करियर की शुरूआत करते हैं, याद रखें कि आप न केवल अपना प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, बल्कि आईएचएम, रांची और हमारे झारखंड राज्य का भी प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। आप हमारे आतिथ्य के ब्राण्ड एम्बेसडर हैं और इसकी प्रतिष्ठा को बनाए रखने की जिम्मेदारी आपकी है।

उन्होंने कहा कि हमारा देश आज पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक स्थल और विविधता भारत को एक बेहतरीन पर्यटन स्थल बनाते हैं। अतुल्य भारत अभियान ने देश के पर्यटन को एक नई दिशा दी है और यह हमें और हमारे राज्य झारखंड को वैश्विक मंच पर पहचान दिला रहा है।

## संक्षिप्त खबर

### विमेंस विंग स्टेट प्रेसिडेंट फरजाना परवीन ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की

**सरकार से आतंकवाद के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग**



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

जामताड़ा : ह्यूमन राइट्स कॉउंसिल विमेंस विंग झारखंड की स्टेट प्रेसिडेंट फरजाना खातून ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि इस हमले में निर्दोष लोगों को निशाना बनाया गया जो मानवता के खिलाफ एक जघन्य अपराध है। फरजाना परवीन ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि आतंकवाद देश के अमन और चैन के लिए सबसे बड़ा खतरा है और सरकार को इसे जड़ से खत्म करने के लिए निर्णायक कदम उठाने चाहिए। फरजाना खातून ने कहा कि आतंकियों द्वारा आम नागरिकों पर हमला करना उनकी कायरता को दशार्ता है।उन्होंने कहा निर्दोष लोगों पर हमला करना न केवल मानवाधिकारों का उल्लंघन है बल्कि देश की एकता और अखंडता पर भी सीधा आघात है। सरकार को चाहिए कि आतंक के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाएं और देश की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करें।उन्होंने यह भी कहा कि पीड़ित परिवारों के साथ देश का हर नागरिक खड़ा है और सरकार को चाहिए कि शहीदों के परिवारों को उचित मुआवजा और हर संभव सहायता प्रदान की जाए। फरजाना परवीन ने यह मांग भी की कि आतंकवाद से प्रभावित इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जाए और सुरक्षाबलों को अत्याधुनिक संसाधनों से लैस किया जाए ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि वे एकजुट रहें और किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचते हुए देश की अखंडता को बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाएं। फरजाना खातून ने विश्वास जताया कि भारत सरकार और सुरक्षाबल आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़कर देश में स्थायी शांति बहाल करेंगे।

### उपायुक्त जामताड़ा कुमुद सहाय ने ईवीएम वीवीपैट वेयर हाउस का किया मासिक निरीक्षण



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

जामताड़ा : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुमुद सहाय ने समाहरणालय परिसर अवस्थित ईवीएम, वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस में सुरक्षा व्यवस्था आदि की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक माह (बाहर) एवं त्रि- मासिक (अंदर) वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण करना होता है एवं जांच प्रतिवेदन मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग को भेजा जाता है।इस अवसर पर अपर समाहर्ता पूनम कच्छप, उप निर्वाचन पदाधिकारी विजय कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी सत्यप्रकाश,सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### प्रमंडलीय स्तरीय बाल श्रम उन्मूलन कार्यशाला का शुभारंभ




नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

दुमका : प्रमंडलीय स्तरीय दो दिवसीय बाल श्रम उन्मूलन कार्यशाला का शुभारंभ। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बाल श्रम के कारणों, दुष्परिणामों पर चर्चा करना, समझना,प्रभावी रणनीतियाँ विकसित व रोकथाम करना है। प्रतिभागियों को बाल श्रम रोकथाम हेतु प्रभावी रणनीतियाँ विकसित करना और समुदाय स्तर को सशक्त बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। आयोजित कार्यशाला से संथाल परगना क्षेत्र में बाल श्रम उन्मूलन के प्रयासों को मजबूती और बच्चों के अधिकारों की रक्षा करने में मदद मिलेगी। कार्यशाला का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि प्रशिक्षु आई०पी०एस० डॉ० सैय्यद मुस्तफा हाश्मी, विशिष्ठ अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष सुधीर कुमार मंडल , किशोर न्याय बोर्ड की सदस्या किरण तिवारी, बाल कल्याण समिति के सदस्य डॉ० राजकुमार उपाध्याय, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी प्रकाश चन्द्र, राज्य संयोजक संजीव भगत द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मुख्य प्रशिक्षक श्री राजीव पांडे ने कंसल्टेशन में बाल श्रम से जुड़े कानूनी प्रावधान, सामाजिक ढांचे एवं प्रमंडलीय स्तर पर कार्य योजना व गतिविधियों पर विस्तार से परिचर्चा किया। उक्त क्षेत्रीय कंसल्टेशन को सफल बनाने बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन, बाल गृह के अधीक्षक, लोक कल्याण सेवा केंद्र के अनिल कुमार साह एवं दुमका, गोड्डा, पाकुड़ , साहेबगंज ,देवघर एवं गिरिडीह के प्रतिनिधि ने अहम भूमिका निभाई।

# विभाग द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत कार्य पूरा करने का निर्देश



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

दुमका : उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में नीति आयोग की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आकांक्षी जिला कार्यक्रम के अंतर्गत नीति आयोग द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की गई।उपायुक्त ने नीति आयोग के सूचकांकों की बारीकी से जांच करते हुए विभागवार प्रगति की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने नीति आयोग द्वारा प्राप्त राशि के व्यय के संबंध में विभिन्न विभागों को कार्य योजना तैयार करने का निदेश दिया। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय अधिकारी को जिले में चल रही योजनाओं के कार्य में तेजी लाएं।नीति आयोग की राशि से बन रहे योजनाओं को निर्धारित समय में पूर्ण करें। विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को समय सीमा के अंतर्गत कार्य पूरा करने का निर्देश जारी किया। उन्होंने कहा कि नीति आयोग के मापदंडों पर जिले को आगे लाने के लिए सभी विभागों को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की आवश्यकता है।बैठक में पेयजल,शिक्षा और संप्रेक्षण गृह के सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुछ नयी योजनाओं का चयन किया गया।

बैठक में उप विकास आयुक्त,परियोजना निदेशक आइटीडीए,वन प्रमंडल पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जल सहियाओं को ओपीडी प्लस एवं झार जल ऐप से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

शिकारीपाड़ा : पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या-01 अंतर्गत शिकारीपाड़ा प्रखंड के प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी महोदय के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज- 2 एवं जल जीवन मिशन योजना हेतू सभी जल साहियाओ का ओ पी डी प्लस एवं झार जल एप्प से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया! उक्त प्रशिक्षण में जिला आइ इ सी कोऑर्डिनेटर ने उपस्थित सभी जल साहियाओ को झार जल एप्प की विस्तृत जानकारी यथा खराब हैंड पंप का सर्वे, जल मीनार का सर्वे, जल चौपाल एवं जल गुणवत्ता से संबंधित जल जांच का सर्वे झार जल ऐपमे अपलोड करने हेतु जानकारी दी गई! साथ ही सभी जल साहियाओ को जल कर शुल्क एवं हर घर जल सत्यापन की भी जानकारी दी गई!पेयजल एवं स्वच्छता से संबंधित सभी कार्यों को गुणवत्ता पूर्ण करने एवं अपने-अपने गांव को ओडीएफ प्लस बनाने की दिशा में कार्य करने हेतु संबोधित किया गया। संबोधन के क्रम में ओडीएफ प्लस के सभी कॉम्पोनेंट विशेष कर सभी छूटे हुए घरों में शौचालय का निर्माण करना, ठोस एवं तरल कचरा, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट, गोवर्धन योजना एवं माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर विशेष रूप से चर्चा कि गई । प्रशिक्षण में शिकारीपाड़ा प्रखंड समन्वक बिकास मिश्रा ने अपने महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किया।

## भ्रनि ब्यूरो की टीम ने पंचायत सचिव को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

दुमका : जनसेवक-सह-प्रभारी पंचायत सचिव वतन कुमार को भ्रनि ब्यूरो की टीम द्वारा दस हजार रिश्वत लेते हुये रंगे हाथ गिरफ्तार किया। बता दें कि परिवादी असिकुल आलम पिता - स्व. जुल्लु रहमान, ग्रा. पोड़ाबागान, पंचायत-जमशेरपुर, प्रखण्ड - पाकुड़ द्वारा लिखित शिकायत देकर सूचित किये है कि वर्ष 2023-24 में मनरेगा योजना के तहत सिंचाई कुप का निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई थी । जिसका योजना सं.-58/23-24, वर्क आर्डर कोड-7080902664909 है। उक्त योजना में प्राक्कलन राशि कुल राशि तीन लाख छियान्बे हजार रुपए है। जिसमें इन्हें दो बार अग्रिम राशि लाभुक को दी गई है जो कुल सड़सठ हजार एक सौ छतीस रूपया दिया गया है। लाभूक द्वारा सिंचाई कूप निर्माण का कार्य पूर्ण कर दिया गया है। योजना पूर्ण करने के पश्चात बकाया राशि तीन लाख अठाईस हजार आठ सौ चौसठ हजार रुपए का भुगतान करने के लिए पंचायत सचिव वतन कुमार द्वारा लाभुक ये बीस हजार रूपया घूस मांगा जा रहा था। पंचायत सचिव वतन कुमार द्वारा बोला जा रहा था कि रुपए नही दोगे तो डोंगल नही दूंगा और ना ही पेमेन्ट करुंगा। परिवादी रिश्वत देने के पक्ष में नहीं था शिकायत के बाद मामले का सत्यापन कराया गया । सत्यापन के क्रम में आरोपी पंचायत सचिव वतन कुमार के द्वारा बीस हजार रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई ।परिवादी के लिखित आवेदन एवं सत्यापनकर्ता के सत्यापन प्रतिवेदन के आधार पर भ्रनि ब्यूरो दुमका थाना कांड सं.-01 / 25, दिनांक - 28.04.2025 पंजीकृत कर प्राथमिकी अभियुक्त पर कार्रवाई आरंभ किया गया। लाभुक ने पंचायत सचिव को रिश्वत की रकम का प्रथम किस्त दस हजार रूपया देने के लिए प्रखण्ड कार्यालय बुलाया जहां

भ्रनि ब्यूरो की टीम द्वारा रंगे हाथ प्रभारी पंचायत सचिव वतन कुमार, उम्र-38वर्ष, पे. महादेव रविदास, वर्तमान पता, खदानपाड़ा, थाना - पाकुड़ नगर, जिला-पाकुड़ रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के पश्चात अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## सदर थाना पुलिस ने किया शहर में चल रहे देह व्यापार के धंधे का भंडाफोड़




नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

जामताड़ा : सदर थाना पुलिस ने शहर में चल रहे देह व्यापार का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने जामताड़ा थाना क्षेत्र के सर्खेलडीह मुहल्ले में करमाटांड़ रोड स्थित एक घर से देह व्यापार करते हुए एक पुरुष और एक महिला को बन्द कमरे में अर्द्धनग्न अवस्था में गिरफ्तार किया है।थाना प्रभारी राजेश मंडल ने बताया कि एसपी को दूरभाष से सूचना मिली थी कि जामताड़ा थाना क्षेत्र के सर्खेलडीह करमाटांड़ रोड स्थित एक महिला अपने आवास में दुसरे महिला और पुरुष को बुलाकर अनैतिक देह व्यापार का कार्य करवाती है। सूचना का सत्यापन करते हुए महिला पुलिस टीम के साथ महिला के घर के निकट पहुंचकर एक व्यक्ति को ग्राहक बनाकर उसके घर भेजा गया । व्यक्ति ने संचालक महिला से बात की। महिला ने शारीरिक संबंध मानने के लिए 1200 सौ रुपए की मांग की। ग्राहक के रूप में भेजे गए व्यक्ति ने बताया कि महिला संचालक के घर के अंदर एक महिला और पुरुष को अंदर घुसते हुए देखा गया। व्यक्ति के कहने पर पुलिस दलबल के साथ महिला के घर में प्रवेश किया तो घर के अंदर आंगन से सटे एक कमरा जो अंदर से बंद था उसे खोलने की आवाज देने पर एक महिला और एक पुरुष को आपत्तिजनक अवस्था में पाया गया।वहीं पुरुष की पहचान करमाटांड डुमरिया गांव का रहने वाला बताया गया है। महिला, पुरुष और संचालक महिला को गिरफ्तार कर जामताड़ा थाना ले गई।जामताड़ा थाना में मामला दर्ज करते हुए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।पुलिस ने बताया कि देह व्यापार का धंधा वर्षों से चल रहा था।

## चित्तरंजन रेल नगरी में सीसीएस प्रतिनिधि का चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

मिहिजाम : रेल नगरी चितरंजन में सीसीएस प्रतिनिधि के लिए मंगलवार को श्री लता के मैदान में चुनाव संपन्न कराया गया। चुनाव आचार संहिता का पालन करते हुए भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चुनाव का आयोजन कराया गया जहां करीब एक दर्जन से अधिक विभिन्न बिल यूनिट के तहत बूथ बनाए गए थे। जहां लोगों ने निष्पक्ष और निर्भीक होकर स्वेच्छा से बैलेट पेपर के माध्यम से अपना मतदान किया। सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ मेडिकल टीम की भी तैनाती की गई थी। सुबह से ही श्री लता मैदान के आसपास प्रत्याशी और उनके समर्थकों की भारी भीड़ लगी रही। मुख्य रूप से दो रेल संगठन के बीच या मुकाबला रहा महिला और पुरुष उम्मीदवार अपने-अपने किस्मत के साथ चुनावी मैदान में हैं। मंगलवार का दिन तेज गर्मी और धूप नहीं रहने के कारण हल्की हवा और बादल से मौसम अनुकूल रहा है जी राहत के कारण लोगों ने लगातार वोट किया। जिससे वोट का प्रतिशत भी शानदार रहा। प्रत्याशी और समर्थक अपने-अपने प्रत्याशी के पक्ष में लगातार मेहनत करते रहे। आसपास भी चुनाव को लेकर काफी भीड़ लगी रही।

## प्रखंड क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा कानून लूट का पर्याय बन गया है

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

रानीश्वर : केंद्र सरकार संचालित महत्वाकांक्षी रानीश्वर प्रखंड क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा कानून लूट का पर्याय बन गया हैं ।प्रखंड के प्राय सभी पंचायत में अयोग्य लाभुक पैरवी के बल पर लालकार्ड एवं ग्रीन कार्ड बना कर सरकारी लाभ ले रहा हैं । जिला आपूर्ति कार्यालय से प्राप्त सूची के अनुसार यहां के पांच हजार तीन सौ तैतीस ऐसे कार्डधारी लाभुक हैं जो अन्य राज्य में भी दोहरा लाभ ले रहा हैं । ऐसा भी लाभुक हैं जो एक साल, दो साल, तीन साल,चार साल से अनाज उठाव नहीं करता हैं । मंगलवार प्रखंड विकास पदाधिकारी सह एमओ ने डीलरों के साथ बैठक कर ऐसे लाभुकों का सूची उपलब्ध करा कर तीन दिन के अंदर जांच कर जांच कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का आदेश दिया हैं ।

## डीपीएस चास के चार विद्यार्थी एशियन रोप स्किपिंग चैंपियनशिप हेतु चयनित



नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

चास : दिल्ली पब्लिक स्कूल चास के चार विद्यार्थियों को एशियन रोप स्किपिंग चैंपियनशिप की विशेष प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया है। चयनित विद्यार्थियों में चौथी कक्षा की शिवांशी, पाँचवीं की आशी सिंह, वंशिका सुमन और जोया सिद्दिकी शामिल हैं। ये चारों 16 से 18 मई 2025 को त्रिपुरेश्वर नेशनल स्पोर्ट्स कॉन्सिल कवर्ड हॉल काठमांडु, नेपाल में आयोजित होने वाली एशियन रोप स्किपिंग चैंपियनशिप में भाग लेंगे। तीन दिनों की अपनी ट्रिप के दौरान ये विद्यार्थी प्रतियोगिता के साथ-साथ भाषाई कौशल भी सीखेंगे और वहाँ की संस्कृति-परंपरा से भी अवगत होंगे।

विदित हो कि वर्ल्ड रोप स्किपिंग फेडरेशन द्वारा आयोजित रोप स्किपिंग चैंपियनशिप में ये विद्यार्थी झारखंड स्तरीय और राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा साबित कर चुके हैं और अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएँगे। विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ. हेमलता एस मोहन ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जाहिर की और शुभकामना देते हुए कहा कि हम हमेशा छात्रों को वैश्विक मंच पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हैं। विद्यालय की निदेशिका व प्राचार्या डॉ मनीषा तिवारी ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि कि डीपीएस चास अपने विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन हेतु न्यायिक पदाधिकारी के साथ बैठक

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

दुमकाः नालसा एवं झालसा के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार चन्द्धरियावी ने व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायिक पदाधिकारी के साथ बैठक कर अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन हेतु उचित दिशा निर्देश दिया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कंपाउंडेबल केसेस, एनआई एक्ट केसेस, एमएसीटी एक्ट, फैमिली कोर्ट केसेस, लेबर एक्ट, सिविल केसेस, बैंक रिकवरी केसेस, इलेक्ट्रिसिटी केसेस, फॉरेस्ट केसेस, एक्साईज केसेस आदि संबंधित मामलों का निष्पादन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत का प्री काउंसलिंग सिटिंग जो 10 मार्च से ही प्रारंभ है जिसमें अब तक सैकड़ो वादों का निष्पादन किया जा चुका है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सर्वसाधारण से अपील की है कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वादों का निपटारा कर लाभ उठाएं।

## ढाई करोड़ की लागत से बनेगा बहुद्देशीय जिला परिषद डाक बांग्ला भवन

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

रानीश्वर : ऐतिहासिक डाक बंगला के बहुद्देशीय डाक बंगला का निर्माण के लिए लगभग ढाई करोड़ की लागत अनुमानित रखा गया है। मंगलवार जिला परिषद के बैठक में प्रस्ताब पारित किया गया।अंग्रेज शासनकाल के यहां जिला परिषद के डाक बंगला का निर्माण कराया गया था ।गुलाम भारत के इस डाक बंगला में आजादी के लड़ाई के समय आम लोगो को आंदोलन के साथ जोड़ने डॉ राजेन्द्र प्रसाद यहां आये थे । साथ ही डाक बंगला में ठहरे थे । देश के प्रथम राष्ट्रपति के रूप में मसानजोड़ डैम परिदर्शन करने के लिये जाने के क्रम में यहां डाक बंगला आये थे। रखरखाव के अभाव में संयुक्त बिहार के यह डाक बंगला धराशायी हो गया था ।रानीश्वर नाथ शिव मंदिर संलग्न डाक बंगला का जमीन को अलग राज्य बनने के बाद चहारदीवारी का निर्माण कराया गया हैं ।यहां बहुद्देशीय भवन का निर्माण होने से क्षेत्र का विकास होगी ।

## पहलगाम में 28 हिंदू पर्यटकों की हत्या के विरोध में स्वदेशी जागरण मंच ने निकाला कैंडल मार्च

नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

बोकारो : पहलगाम में 28 हिंदू पर्यटकों की हत्या के विरोध में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा की अगुवाई में सेक्टर 12 मोड दून्दीबाद हटिया से बिरसा चौक नया मोड़ तक कैंडल मार्च निकालकर निर्मम पाकिस्तानी करतूत आतंकवादी हत्याकांड का पुरजोर विरोध किया गया एवं बिरसा चौक पर शहीद नागरिकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। विदित हो कि पिछले दिनों पहलगाम के बसरा घाटी में आतंकियों द्वारा 28 निर्दोष भारतीय नागरिकों की बर्बरता पूर्ण निर्मम हत्या कर दी गयी थी। इस जघन्य हत्याकांड देश के 140 करोड़ जनता को झकझोर दिया है देश के अंदर पिछ्ले कुछ दिनों से जिस प्रकार सांप्रदायिक दंगे के द्वारा हिंदुओं को टारगेट किया गया। यह सारी घटना एक अलग तरह का संकेत दे रही हैं। उन्होंने कहा कि कायर पाकिस्तान द्वारा आतंकवादियों के सहारे भारत के विरुद्ध षडयंत्र करने की घटना कोई नई घटना नहीं हैं धर्म पूछ कर हत्या के पीछे देश के अंदर धार्मिक उन्माद पैदा कर देश को कमजोर करना हैं। हमारी बहन बेटियों ने अपने पतियों को खोया बच्चों ने अपने पिता को खोया भाई को खोया आज देश के हर युवाओं के मन में आक्रोश है। स्वदेशी जागरण मंच सरकार से मांग करती है कि पाकिस्तान को कड़ी से कड़ी सबक सिखाए देश की 140 करोड़ जनता आप के साथ हैं। हत्याकांड के विरोध में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा सोमवार को संध्या 6 बजे सेक्टर 12 मोड़ दून्दीबाद हटिया से नया मोड़ बिरसा चौक तक कैंडल मार्च निकाला गया एवं बिरसा चौक नया मोड़ में सभी शहीद नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस कार्यक्रम में क्षेत्र संयोजक अमरेन्द्र कुमार सिंह, जिला संयोजक प्रमोद कुमार सिन्हा, दिलीप वर्मा, कृष्णा राय, अजय सिंह, सह संयोजक प्रेम प्रकाश, सुजीत कुमार, राकेश रंजन, संजीव कुमार, नवीन कुमार सिन्हा, सुरेश कुमार सिन्हा विभाग संयोजक विवेकानंद झा, मनीष श्रीवास्तव, सुजीत कुमार श्रीवास्तव, कुमार संजय, अनुजक सिंह, बेबी सिंह, राधा सिंह, संजय कुमार, पी एल बरनवाल, राज कुमार सिंह, गुरमैल सिंह, सुरजीत सिंह, अनिरुद्ध कुमार, अतुल कुमार, एस के सिंह, अगनु गोराई ,गोस्वामी जी, संजीव कुमार, सुशांत दुबे सहित अनेकों कार्यकर्ता एवं बोकारो के नागरिक उपस्थित थें।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन




नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि

गिरिडीह : बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर समाज कल्याण विभाग द्वारा गिरिडीह के इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी और सदर अनुमंडल पदाधिकारी, श्रीकांत या विस्पुते, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी स्नेह कश्यप तथा जिला खेल पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। प्रतियोगिता के दौरान, जागरूकता अभियान के बारे में जानकारी और संदेश भी दिए गए। यह सुनिश्चित किया गया कि बच्चे और उनके परिवार भी इस महत्वपूर्ण अभियान के बारे में जान सकें और इसमें भाग ले सकें। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं अभियान को लेकर समाज कल्याण विभाग द्वारा कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम किए जा रहे हैं। ताकि बेटियों के शिक्षा और सशक्तिकरण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाया जाय। इस प्रकार की प्रतियोगिता होने से बच्चों में एक नई जागृति मिलती है। चाहे कला क्षेत्र में हो कल्चर या स्पोर्ट्स के क्षेत्र में हो विभाग के द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सरकार चाहती है कि बच्चे खेलकूद और कला, संस्कृति के क्षेत्र में आगे बढ़े और राज्य ही नहीं देश व विदेशों में अपनी प्रतिभाओं को दिखाएं सम्मान व पुरुस्कार प्राप्त करें।

उन्होंने जिले के खेल अवसंरचना को गिनाते हुए बच्चों से खेल में रुचि लेने की अपील की। यह प्रतियोगिता बच्चों को खेल के माध्यम से शिक्षा के महत्व के बारे में सिखाने और लड़कियों को सशक्त बनाने में मदद करेगा। मौके पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं के तहत आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों के लिए बैडमिंटन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। यह प्रतियोगिताएं न केवल बच्चों को खेल के प्रति आकर्षित करेगा, बल्कि उन्हें ₹बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ₹ अभियान के बारे में भी जागरूक करेंगी। यह प्रतियोगिता ₹बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ₹ अभियान को बढ़ावा देने और बेटियों के लिए शिक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में मदद करेगा। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय विजेताओं को शील्ड और बैडमिंटन देकर पुरस्कृत किया गया। जिसमें प्रथम स्थान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, बगोदर की छात्रा मधु कुमारी और द्वितीय स्थान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, जमुआ की छात्रा सोनाली कुमारी तथा तृतीय स्थान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, गांवा की छात्रा प्रिया कुमारी को दिया गया।

## संपादकीय

### यह सवालों का समय नहीं

सबसे महत्वपूर्ण और प्रथम राष्ट्र है। प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष, सांसद, राजनीतिक दल और देश के औसत नागरिक उसके हिस्से हैं। राष्ट्र का अस्तित्व है, तो सभी का अस्तित्व है। पहलगाम नरसंहार हमारे भारत की आत्मा, अस्तित्व और संप्रभुता पर हमला था। उसे तनिक भी भुलाया नहीं जा सकता। भारत को हिंदू और मुसलमान में विभाजित कर आघात नहीं किया जा सकता। हम ऐसा आघात बर्दाश्त नहीं करेंगे, क्योंकि राष्ट्र के सवाल पर सभी समुदाय एकजुट हैं। नरसंहार के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाई गई थी। उसमें सवाल जरूर उठे होंगे, लिहाजा मोदी सरकार ने खुफिया-सुरक्षा चूक को भी स्वीकार किया। जो नेता कट्टरपंथी किस्म के दिखाई देते हैं, आज वे भी सरकार के साथ हैं और प्रधानमंत्री मोदी के किसी भी फैसले का समर्थन कर रहे हैं। वक्फ जैसा संवेदनशील मुद्दा नेपथ्य में डाल दिया गया है। फिलहाल आतंकवाद पर आंख गड़ी है और उसे सबक सिखाना है। प्रधानमंत्री ने मन की बात के जरिए नरसंहार के पीड़ित परिवारों के साथ अपनी व्यथा और अपना गुस्सा साझा किए हैं। एक बार फिर उन परिवारों को आश्वस्त किया गया है कि न्याय जरूर मिलेगा। हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोरतम जवाब जरूर दिया जाएगा। प्रधानमंत्री को एहसास है कि हर भारतीय का खून, आतंकी हमले की तस्वीरों को देखकर, खौल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के इस आश्वासन पर भरोसा करना चाहिए। हमले के तुरंत बाद आतंकियों और उनके आकाओं पर पलटवार के तौर पर हमला नहीं किया जा सकता। यह भी कूटनीतिक और सामरिक रणनीति का हिस्सा है। दिल्ली से कश्मीर तक बैठकों और गहन जांच के दौर जारी हैं। जांच में इसरो को भी शामिल किया गया है। 10 आतंकियों के घर जमींदोज कर दिए गए हैं। कुछ घरों में विस्फोटक भी दिखे हैं। करीब 2000 संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ जारी है। तीनों सेनाओं के प्रमुख और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच 40 मिनट की मुलाकात हुई। जाहिर है कि पाकिस्तान पर हमले के प्रारूपों पर विमर्श हुआ होगा! दुनिया के 40-45 देशों के राष्ट्राध्यक्षों, राष्ट्रपतियों, प्रधानमंत्रियों आदि ने प्रधानमंत्री मोदी से फोन पर बातचीत की है और आतंकवाद के खिलाफ भारत को भरपूर समर्थन दिया है। प्रमुख मुस्लिम देश भी भारत के साथ खड़े हैं। चीन, तुर्किये सरीखे देशों ने भी पाकिस्तान को सार्वजनिक समर्थन नहीं दिया है। वे पाकिस्तान की फितरत और हकीकत जानते हैं। क्या कुछ विपक्षी दलों को ये गतिविधियां दिखाई नहीं देती हैं? यह सवालों का नहीं, राष्ट्र के तौर पर एकजुट दिखने का समय है। प्रधानमंत्री का सर्वदलीय बैठक में न आ पाना कोई बुनियादी सवाल नहीं है। बैठक में रक्षा मंत्री और गृह मंत्री थे, जो सुरक्षा और खुफिया संबंधी सवालों के प्रति पूरी तरह जवाबदेह होते हैं। क्या उनकी मौजूदगी महत्वपूर्ण नहीं थी? यह फरवरी, 2019 के पुलवामा आतंकी हमले में इस्तेमाल किए गए कथित 300 किग्रा आरडीएक्स विस्फोटक पर बार-बार सवाल करने का समय नहीं है। यह किसी कथित आतंकी को भाजपा का टिकट देने पर सवाल करने का भी समय नहीं है। यह आतंकी हमले गिनवाने का भी समय नहीं है। घटना 1984 की है, लिहाजा तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की उनके आधिकारिक आवास में हत्या को सबसे अहम सुरक्षा चूक करार देना आज न तो प्रासंगिक है और न ही उचित समय है। यह युद्ध की संभावनाओं पर सोचने और रणनीति तैयार करने का समय है। एक अंतरराष्ट्रीय शोध रपट के मुताबिक, यदि भारत-पाक में पूर्ण युद्ध छिड़ा, तो भारत का नुकसान 0.65 फीसदी और पाकिस्तान का 0.95 फीसदी होगा। युद्ध की कीमत और प्रभाव की भरपाई में भारत को 7.5 साल और पाकिस्तान को करीब 10 साल लग सकते हैं। इसमें परमाणु युद्ध के नुकसान और असर शामिल नहीं हैं। बेशक पाकिस्तान पर फिलहाल 13085 करोड़ डॉलर का कर्ज है। पाकिस्तान की जीडीपी का 65.7 फीसदी कर्ज है। कल्पना कीजिए कि युद्ध के फलितार्थ क्या हो सकते हैं? कांग्रेस आश्वस्त रहे कि जो भी निर्णय लिया जाएगा, वह व्यापक और निर्णायक होगा।

## (चिंतन-मनन)

### सबसे बड़ी दौलत

एक विधवा अध्यापिका के दो बेटे थे। वह उन्हें गुरुकुल में अच्छी शिक्षा दिला रही थी। वह खुद भी अनेक बच्चों को संस्कृत पढ़ाती थी। इससे उसे जो कुछ प्राप्त होता था, उसी से वह अपना जीवनयापन करती थी। उसने अत्यंत गरीबी के दिनों में भी कभी किसी के आगे हाथ नहीं फैलाए। उसके स्वाभिमान को देख अनेक लोग अध्यापिका का बहुत आदर करते थे।

एक दिन एक बहुत बड़े सेठ को अध्यापिका की विद्वता व उसकी निर्धनता के बारे में मालूम हुआ। उस सेठ के कोई संतान नहीं थी। उसने सोचा हुआ था कि वह कुछ गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने के लिए उन्हें धन प्रदान करेगा। सेठ अध्यापिका के घर पहुंचा और बोला, देवी, आप निर्भीक व स्वाभिमानी हैं। मैं चाहता हूं कि आपके बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण करें। उसके लिए आप यह कुछ रुपये स्वीकार करें। इसके बाद उसने रुपयों की थैली अध्यापिका की ओर बढ़ाई। अध्यापिका हाथ जोड़कर सेठ से बोली, शायद आपको कुछ भ्रम हो गया है। मैं इतनी गरीब भी नहीं हूं कि अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा न दे पाऊं। मेरे पास जितनी दौलत है, उतनी शायद ही किसी के पास हो। सेठ अचरज से बोला, कहां है दौलत, जरा हमें भी तो बताइए।

# जीएसटी का रास्ता आसान बनाने की जरूरत

**–मधुरेंद्र सिन्हा–**




देश में आर्थिक उदारीकरण के बाद जो सबसे बड़ा सुधार हुआ, वह था ह्यवन नेशन वन टैक्सह्ल का फैसला। इसके तहत ही जीएसटी की नींव रखी गई। कई सरकारों से गुजरता हुआ यह अंत में जीएसटी के रूप में पहली जुलाई 2017 को संसद में पारित हुआ और इसे टैक्स वसूली और कारोबारियों को राहत देने की दिशा में एक गेम चेंजर माना गया। तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने इस पर बहुत काम किया और उम्मीद जताई कि यह टैक्स भरने में एक सुगम व्यवस्था बन जाएगा। लेकिन शुरूआत बहुत बुरी हुई और पहले तो इसका वेबसाइट बार-बार क्रैश करने लगा और फिर बहुत से कॉलम भी आसानी से भरे नहीं जा रहे थे। इन तकनीकी समस्याओं से जूझते हुए भी इस सुधार को आगे बढ़ाया गया। लेकिन इसमें तरह-तरह की अड़चनें आने लगीं जिसका अंत अब तक होता नहीं दिख रहा है। कारोबारियों को बताया गया था कि यह आसान व्यवस्था होगी और उनके लिए टैक्स भरना पहले से भी आसान होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कई तरह की समस्याएं आती रहीं और कई तरह की विसंगतियां भी। लेकिन पूर्ण समाधान होता नहीं दिख रहा है।

दरअसल जीएसटी को सुचारू रूप से लागू करने के लिए एक जीएसटी काउंसिल बनाई गई थी और वह अभी भी इसका काम देखती है। भारत सरकार के वित्त विभाग के अंतर्गत यह नहीं है, सिवा इसके कि केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इसकी अध्यक्षता करती हैं। उन्हें अपने बूते किसी भी तरह का फैसला करने का अधिकार नहीं है। वहां जो भी फैसले होते हैं, वे सभी बहुमत से होते हैं, यानी सभी राज्यों के चुने प्रतिनिधियों जो सामान्य रूप से वित्त मंत्री होते हैं। यह इस काउंसिल का लोकतांत्रिक स्वरूप जताता है, लेकिन यह कई बड़े फैसले न ले पाने का कारण भी बनता है। वित्त मंत्री की बहुत इच्छा रही है कि पेट्रोल-डीजल को जीएसटी में शामिल किया जाए, ताकि इसके दाम भी पूरे देश में लगभग एक समान हों, लेकिन कई सदस्य इसे होने नहीं दे रहे हैं। वे अपने राज्य के हित में चलते हुए ऐसा नहीं होने देते। जब भी किसी राज्य को अपना राजस्व बढ़ाना होता है, वह तुरंत ही पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ा देता है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण है कर्नाटक, जहां इनकी कीमतें सबसे ज्यादा हैं। अगर इस पर जीएसटी लगा होता तो ऐसा संभव नहीं था।

यह तो हुई जनता की परेशानी। अब आते हैं कारोबारियों-व्यापारियों पर जो अब तक जीएसटी भुगतान में सहज नहीं हो पा रहे हैं। इसमें कई तरह की विसंगतियां हैं, मसलन दो तरह के सामान जो मिलकर एक उत्पाद होते हैं, उन पर अलग-अलग टैक्स दरें हैं। यह कारोबारी के लिए एक परेशानी है। अगर हम भारत के एक पॉपुलर स्नैक बन मस्का को देखें तो पाएंगे कि बन पर टैक्स की दर अलग है और मस्का यानी मक्खन पर अलग। अब व्यापारी किस दर से टैक्स लेगा? रेस्तरां में रोटी पर कम टैक्स है तो परांठे पर ज्यादा। बिना एसी वाले रेस्तरां के लिए अलग दर है तो एसी वाले के लिए अलग। खुले सामान पर कोई टैक्स नहीं है, लेकिन पैकेट में आते ही उस पर टैक्स लगेगा। ऐसे सैकड़ों उदाहरण हैं जो जीएसटी की विसंगतियां बताते हैं। इसके अलावा कई सेवाओं पर 18 फीसदी का भारी भरकम टैक्स भी है। एक ओर तो सरकार जनता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जाहिर करती है, तो दूसरी ओर काउंसिल ने हेल्थ इंश्योरेंस पर 18 फीसदी जीएसटी लगा रखा है। व्यापारियों का कहना है कि दरों में विसंगति न हो और उन्हें तार्किक बनाया जाए। उनकी यह भी शिकायत है कि वे पूरे माह जीएसटी रिटर्न भरने में लगे रहते हैं, नहीं तो लाखों की देनदारी का नोटिस आ जाता है।


रेस्तरां के एसी या नॉन एसी होने से जीएसटी कैसे घट-बढ़ सकता है जबकि आज देश में निम्न आय वर्ग के लोग भी भीषण गर्मी की मार से बचने के लिए अपने घरों में एसी लगाते हैं। इस समय टैक्स के चार स्लैब हैं- 5, 12, 18 और 28 फीसदी। इन्हें घटाकर तीन स्लैब करना चाहिए। इन दरों को तर्कसंगत बनाने से वैधानिक मामले कम हो जाएंगे। साथ ही, जीएसटी की रिटर्न प्रणाली और इनपुट टैक्स क्रेडिट नीति में भी बदलाव की जरूरत है। जीएसटी लागू हुए 8 वर्ष हो गए, लेकिन इसके नियमों में हर महीने बदलाव होते रहते हैं जिससे व्यापारियों में भ्रम पैदा होता है। यह तो थी ग्राहकों और कारोबारियों की परेशानी। लेकिन सरकार की शिकायत है कि अभी भी जीएसटी की बड़े पैमाने पर चोरी हो रही है। कई राज्यों में भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से चोरी हो रही है। साल 2022-23 में देश में दो लाख करोड़ रुपए की टैक्स चोरी पकड़ी गई। पिछले पांच वर्षों में केन्द्रीय जीएसटी अधिकारियों ने टैक्स चोरी के 86717 मामलों का पता लगाया जिससे 6.79 लाख करोड़ रुपए की हेराफेरी का पता लगा। जीएसटी के नियम बनाने में लंबे समय जुड़े रहे सुमित दत्त मजूमदार जो सीबीसीई के चेयरमैन भी रहे और जिन्होंने पी चिदंबरम तथा प्रणव मुखर्जी के साथ काम किया था, कहते हैं कि जीएसटी के नियमों को इतना सरल कर दिया जाना चाहिए कि छोटे से छोटे कारोबारी को भी यह आसानी से समझ में आ जाएं। टैक्सेशन सिर्फ राजस्व उगाही का माध्यम नहीं होना चाहिए, यह जनता के हित में होना चाहिए। जीएसटी को लागू हुए लगभग आठ साल होने वाले हैं। वहीं अब ई-वे बिल को भी मंजूरी मिल चुकी है। जीएसटी जैसा रिफॉर्म देश के लिए अब भी नया है। ऐसे में कारोबारियों को अभी भी इसे पूरी तरह समझने में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इसी समस्या को दूर करने के लिए बाजार में आज कई तरह के सॉफ्टवेयर मौजूद हैं जिसके जरिए कारोबारी आसानी से अपना जीएसटी रिटर्न समय से भर सकते हैं। जीएसटी के नियम समझने के लिए अकाउंटिंग की अच्छी समझ होनी चाहिए और रिटर्न फाइल करने के लिए आपके पास कंप्यूटर का ज्ञान होना चाहिए, जो कि छोटे कारोबारियों में कम है, क्योंकि छोटे कारोबारियों को सारा काम खुद ही करना होता है। इसके अलावा नियम अगर आसान हों तो कोई भी कारोबारी बिना किसी अकाउंटिंग की जानकारी के जीएसटी को समझ सकता है। इसकी रिटर्न फाइलिंग भी आसान हो सकती है। जैसे कि इनवॉयस लैबल डिटेल की जगह पार्टी वाइज समरी अपलोड की जा सके। साथ ही एचएसएन कोड पर बहुत ज्यादा जोर नहीं होना चाहिए। वहीं रिपोर्टिंग एचएसएन के अनुसार न होकर टैक्स रेट के अनुसार ही हो सकती है। इसके अलावा आरसीएम को और आसान बनाया जा सकता है जैसा कि यूएई समेत कुछ देशों में है। अगर इस तरह के बदलाव हो सकें तो निश्चित तौर पर जीएसटी देश के लिए वरदान साबित हो सकता है। इसके साथ ही छोटे और मध्यम व्यापारियों के रिटर्न दाखिल करने का समय बढ़ाना और इसमें उनकी सहायता के लिए प्रोफेशनल की उपलब्धता सुनिशचित करना भी दिशा में एक अच्छा कदम हो सकता है।

# सर्वकार्य सिद्ध परम दिवस अक्षय तृतीया

**सुरेश सिंह बैस शाश्वत–**

अक्षय तृतीया का पर्व छत्तीसगढ़ में अक्ती के नाम से बड़े जोरशोर और उत्सवपूर्ण माहोल में मनाया जाता है। इसदिन छोटे बच्चों द्वारा गुडडे गुड़िया की शादी रचाई जाती है। शास्त्रों में ऐसा माना गया है कि अक्ती के दिन किया जाने वाला शुभ कार्य अक्षय होता है। इसी लिये लोग इस दिन गरीबों को दान दक्षिणा देकर पुण्य लाभ कमाते है। पीने के पानी का प्याऊ भी कुछ लोगो द्वारा इसी दिन खुलवाया जाता है। अक्षय तृतीया को पितरों को तर्पण भी किया जाता है। इसको त्रेतायुग का प्रारंभ भी माना जाता है । इसलिये इसे युगादी तिथि भी कहा जाता है। इस दिन को युगादी तिथी भी कहा जाता है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान का भी विशेष महत्व है। अक्षय तृतीया को ही भगवान परशुराम का जन्म दिवस भी माना गया है। अक्षय तृतीया को मिटटी के गुडडे गुडडियों का विवाह कुंवारी लड़कियो द्वारा किया जाता है। इस दिन सर्व कार्य सिध्द होने से स्वयं ही आज का दिन एक सुयोग मूहूर्त होता है। खासकर छत्तीसगढ़ अंचल में ही आज का दिन एक सुयोग मूहूर्त होता है। खासकर आज का दिवस खास महत्वपूर्ण माना जाता है। वैवाहिक कार्यों के लिये शहर में तथा गांवो में ही जगह जगह शादियों की धूम रहती है। वहीं बच्चों द्वारा गुड़ीय़ा गुडडी की शादी में भी घर घर उत्साह का माहौल रहता है। शादी ब्याह का गूढ़ार्थ समझे बगैर बच्चे अपने गुडडे गुडडियो के शादी निपटाते हैं। दो सहेलियां मिलती है तो एक गुडडा ले लेती है और उसे दूल्हा बनाती हैं। दूसरी सहेली गुडडी लेकर उसे दुल्हन बनाती है। और दोनों सहेलियां मिलजुलकर रचा डालती है अपने अपने गुडडे गुडडियों की शादियां । पहले इस दिन लोग मिटटी के पुतले बनाकर उसे वस्त्र पहनाकर गुडडे एवं गुडियां का रुप प्रदान करते थे। अब समय बदलने के साथ अक्ती का रुप भी बदल गया है। बाजार मे अब रेडीमेंड दुल्हा दुल्हन (गुडडा गुड़िया) बच्चों द्वारा इन्हे अपने घरों में खरीदकर अपने छोटे मंडप सजाये जाते है। इस मंडप मे तेल, हल्दी, मंगरोहन, मौर ,कंकन, करवा, कलश, एवं दहेज आदि-सभी सामान मौजूद रहता है। सारी व्यवस्थाएं बिल्कुल वास्तविक विवाह के समान रहती है। और ऐसे ही गुडडे - गुडडियो का विवाह सम्पन्न करा दिया जाता है। इस अवसर पर घर के बड़े बुजुर्ग भी एकदम तटस्ट नहीं रह पाते बल्कि दर्शक होते हुये भी उनका मार्ग निर्देशन संपूर्ण संस्कार एवं क्रियाकलापो को पूरा करवाने के समय बच्चो को मिलता रहता है। अक्षय तृतीया के दिन भारत भर में हजारो लाखों की तादाद में शादियां निपटाई जाती है। गुडडे गुडडियो के साथ सचमुच को शादियो का भी नजारा सर्वत्र छाया रहता है। ग्रामीण परिवेश में एक गलत परंपरा के निर्वाह के लिये इस दिन अवयस्क बच्चो की शादिया भी हजारो की तादाद में कराई जाती है। जो नियम कानून का उल्लंघन तो है ही साथ ही साथ गलत परंपरा भी है। अवयस्क बच्चों का विवाह करना पूरी तरह से अवैध होता है। खैर अब धीरे-धीरे ही सही इस समस्या और गलत परंपरा पर अंकुश लगाते जा रहा है । ग्रीष्म ऋतु का सबसे महत्वपूर्ण त्यौहार अक्षय तृतीया को ही माना जाता है। हिन्दू वर्ष नववर्ष के अनुसार वर्ष का प्रथम त्यौहार का दर्जा भी इसे प्राप्त है। वही इस दिन से विवाह कार्यों को प्रारंभ करने की परंपर भी लोगो मे व्याप्त है। छत्तीसगढ़ मे बाल विवाह की रस्में इसी दिन पूरी की जाती है। एक महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि बैशाख शुक्ल तीज के दिन गांवो मे किसानो द्वारा मनाया जाने वाला पर्व अक्ती नये फसल एवं नवसंवतोत्सव का त्यौहार है।

इसमें कुछ विभिन्नता क्षेत्रों के अलग-अलग भागो में पाई जाती है जैसे खैरागढ़ क्षेत्र मे किसानों द्वारा इस दिन तिवरा, मसूर, चना, उड़द, महुआ को फोड़कर लाई बनाया जाता है फिर इन्हे परसा के पत्तो से बने पांच दोनों में रखकर भगवान के समक्ष पूजा किया जाता है। वही पर प्रतिकात्मक रुप से धान छांटकर लोहे (नागर) से जोता जाता है। दूसरे क्षेत्र मे लोग मिटटी की हुण्डी में पानी भरकर उसे मिटटी के तीन दलो के ऊपर रखते हैं। हंडी से पानी रिसने के बाद जो दल पहले भिगेगा उसके अनुसार कई क्षेत्रो मे आभाष सावन भादो मे व जिस महीने में अच्छी-वर्षा होगी उसका अनुमान लगाया जाता है। इस प्रकार वैशाख सुदी तीन अक्ती का यह-पर्व भारतीय संस्कृति के घटक के रुप में परम शुभ दिन व आस्था के साथ मनाया जाता है। कहते है इसी दिन से मटका (मिटटी की) पूजा कर उसका प्रयोग प्रारंभ किया जाना चाहिये। गुरु ब्राहमण आदि को मटका दान देने की प्रथा भी प्रचलित है। इस शुभलग्न बेला मे प्रयागराज गया जी से पितृ गणो का नायगा विधान के माध्यम से अंतिम श्राद्ध देकर मोक्षगति प्रदान करने का भी दिवस अक्षय तृतीया के दिन माना गया है। वैदिक महत्व के रुप मे देखे तो हमे ज्ञात होगा की इस अवसर पर कन्यादान का विशेष महत्व माना गया है। कन्या का दान महादान के रुप हिन्दू धर्म मे प्रतिष्ठित है। जिसे काठ की या मिटटी की गुड़िया (कन्या) का विवाह विधिविधान से रचाकर उसका कन्यादान कर महादान का पुण्य प्राप्त किया जाता है इसी दिन से किसान अपने खरीफ फसल के शुरूवात के लिये खेतों मे बीजारोपण को संपादित कर भरपूर फसल पाने का विश्वास रखते है। हर त्यौहार का अपना विशिष्ट महत्व होता है। अक्षय तृतीया पर दान के रस्म से हमें त्याग, दया, करुणा की भावना को अपने अंतःकरण मे जगाने का सरल उपाय किया गया है।




**अच्छा निर्णय अनुभव से प्राप्त होता है लेकिन दुर्भाग्यवश अनुभव का जन्म गलत निर्णयों से होता है। - रीटा माए ब्राउन**

**खुशी केवल उन्हीं व्यक्तियों को प्राप्त होती है जो कि दूसरों को खुश करने के लिए प्रयासरत रहते है। - अज्ञात**

# ऑडियोबुक्स व पॉडकास्ट ऐप्स में ही रह गई हैं कहानियां

**सुनील कुमार महला–**

बच्चे हों या बूढ़े, कहानियां सुनना सबको अच्छा लगता है। कहानियां सुनने के अनेक फायदे हैं। मसलन, कहानियाँ जहां एक ओर हमारी कल्पनाशीलता को विकसित करती हैं, वहीं दूसरी ओर कहानियां हमें नए विचार सीखने में भी बहुत मदद करती हैं। ये कहानियां ही होतीं हैं जो हमारी भावनाओं को भी समझने में बहुत ही सहायक व उपयोगी सिद्ध होतीं हैं। इतना ही नहीं , कहानियों से हमें हमारी सनातन संस्कृति, हमारे इतिहास और विभिन्न नैतिक मूल्यों की भी जानकारी मिलती है । सच तो यह है कि नैतिक कहानियाँ बच्चों को अच्छे और बुरे, सही-गलत, नैतिक-अनैतिक के बीच अंतर सिखाती हैं, जिससे वे अपने जीवन में सही निर्णय लेने में सक्षम हो पाते हैं।कहानियों से बच्चों में रचनात्मकता(क्रिएटीविटी) का तो विकास होता ही है, साथ ही साथ इनसे बच्चों का भाषा कौशल का विकास भी होता है। सांस्कृतिक और सामाजिक विकास में भी कहानियां योगदान देतीं हैं। इतना ही नहीं, कहानियाँ बच्चों को समस्याओं को पहचानने और उन्हें हल करने के तरीके सीखने में मदद करती हैं।ध्यान और एकाग्रता बढ़ाने में कहानियां मदद करती हैं, क्योंकि वे कहानी को ध्यान से सुनने और समझने में व्यस्त रहते हैं। कहानियों को सुनने से बच्चों का संज्ञानात्मक विकास (कोगनेटिव डेवलपमेंट) होता है तथा मनोरंजन तो कहानियों से होता ही है, लेकिन आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ), इंटरनेट, सोशल नेटवर्किंग साइट्स का जमाना है। आज की संस्कृति मल्टीप्लेक्स और एंड्रॉयड मोबाइल फोन की संस्कृति हो गई है। इस संस्कृति से हमारे बच्चे 'ब्रेन राट' का शिकार हो रहे हैं। स्क्रीन टाइम अधिक होने का प्रभाव हमारे बच्चों के मन-मस्तिष्क और शरीर पर पड़ रहा है। बच्चे आज चहारदीवारी में व्यस्त नजर आने लगे हैं और वे पहले की भांति न तो खेल के मैदानों में ही जाना चाहते हैं और न ही घर-परिवार के सदस्यों से आपसी संवाद और बातचीत ही करना चाहते हैं। हम आज इंटरनेट संस्कृति में इतने अधिक रम-बस चुके हैं कि अब पहले की भांति दादा-दादी, नाना-नानी व पारिवारिक सदस्यों से कहानियां नहीं सुनते हैं। आज समय भी नहीं बचा है किसी के पास, कहानियां सुनने-सुनाने का।अब पहले की भांति बच्चे कहानियों में कल्पनाओं की सैर नहीं करते हैं, क्यों कि न तो सुनाने वालों को ही रूचि अब रही है और न ही सुनने वालों को। सच तो यह है कि आज कहानियां सुनने का अंदाज पूरी तरह से बदल चुका है।दादी-नानी के मुंह से निकलकर कहानियां अब पॉडकास्ट तक पहुंच चुकीं हैं। पाठकों को बताता चलूं कि पॉडकास्ट एक डिजिटल ऑडियो कार्यक्रम होता है, जो आमतौर पर श्रृंखला के रूप में होता है और इसे इंटरनेट पर डाउनलोड या स्ट्रीम किया जा सकता है । वास्तव में यह एक लचीला माध्यम है, जिसमें कोई भी किसी भी विषय पर बात कर सकते हैं, अपनी कहानी सुना सकते हैं, या अन्य लोगों के साथ चर्चा कर सकते हैं, लेकिन इसमें वह बात नहीं है जो दादा-दादी, नाना-नानी की कहानियों में हुआ करती थी। तब बच्चे भावात्मक रूप से अपने पारिवारिक सदस्यों से जुड़ा करते थे, आज डिजिटल माध्यम हो गया है, जो बच्चों पर उतना प्रभाव नहीं छोड़ रहा, जितना प्रभाव (रचनात्मकता, भावात्मक, अभिव्यक्ति, भाषा शैली) आज से 25-30 साल पहले छोड़ता था। हालांकि, ऐसा भी नहीं है कि आज के समय में कहानियों का जादू बरकरार नहीं है, लेकिन समय के साथ कहानियों के सुनने-सुनाने के तरीकों में अभूतपूर्व बदलाव आ गये हैं। रेडियो का प्रयोग भी अब पहले की तुलना में काफी कम हो गया है, क्यों कि आधुनिक युग में मनोरंजन के अनेक साधनों का विकास हो चुका है। पहले रात के समय बच्चे बड़े चाव से खुले आसमान के बीच प्राकृतिक वातावरण में कहानियां सुना करते थे और उनका मन-मस्तिष्क और शरीर का विकास होता था। आज डिजिटल माध्यम से आंखों की समस्याएं, सिर दर्द, चिड़चिड़ापन की समस्याएं जन्म ले रहीं हैं। कहना गलत नहीं होगा कि आज के समय में लोककथाएं मोबाइल फोन और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पॉडकास्ट व ऑडियोबुक्स के रूप में चल रही हैं। दरअसल, तकनीक का प्रभाव आज हमारे बच्चों के मन-मस्तिष्क पर पड़ रहा है। आज बड़े-बुजुर्गों द्वारा नहीं बल्कि कहानियों को बच्चों द्वारा इयरफोन, पाडकास्ट, मोबाइल रेडियो आदि पर लगाकर सुना जा रहा हैं। पहले टीवी पर पंचतंत्र, विभिन्न लोककथाएं, जातक कथाएं और वीर रस की गाथाएं सुनने देखने को मिल जातीं थीं, लेकिन आजकल बच्चों को कार्टून, विडियो गेम्स, एंड्रॉयड, इंटरनेट से ही फुर्सत नहीं है। आज के समय में कहानियां ऑडियोबुक्स व पॉडकास्ट ऐप्स की लाइब्रेरी में विभिन्न ऑडिबल प्लेटफॉर्म्स पर मौजूद हैं। आज आंगन भी पहले की तरह खुले नहीं रहे, शहरीकरण और रोजगार के कारण बच्चों के माता-पिता भी आज गांवों से शहरों की ओर रूख करने लगे हैं। सच तो यह है कि आज के समय में गांव-घर के आंगन से बाहर निकलकर कहानियां ऑनलाइन नए अंदाज में सुनी जा रही हैं। नई पीढ़ी भले ही इन्हें पसंद कर रही है, लेकिन इनमें स्वर दादी-नानी, किसी पारिवारिक सदस्यों का नहीं है। ये स्वर किसी पेशेवर वॉयस आर्टिस्ट का ही होता है। कहना गलत नहीं होगा कि आज हर आयु वर्ग के लिए, हर शैली की कहानियां इंटरनेट के कारण एक क्लिक पर उपलब्ध हैं। फिर चाहे वे कोई मोटिवेशनल कहानियां हों, हॉरर स्टोरीज हों या फिर लोककथाएं या वीर रस से ओतप्रोत कहानियां। आज हम सभी कामकाज में फंसे हैं। जीवन आपा-धापी व भागदौड़ भरा हो गया है। हमारी दिनचर्या बहुत ही व्यस्त हो चुकी है। स्कूलों में भी कहानियों का दौर आज खत्म प्रायः सा हो चुका है। पहले के जमाने में शनिवार के दिन बाल सभाएं होतीं थीं, आज नहीं होतीं या बहुत कम ही देखने सुनने को मिलतीं हैं। कहना गलत नहीं होगा कि आज के इस मौजूदा दौर में बच्चे अपने संस्कृति व संस्कारों से दूर होते जा रहे हैं।कहां गए वो दिन जब हमें दादी से राजा-रानी की कहानियां, राक्षस की जान पिंजरे में बंद तोते में की कहानियां सुने बिना नींद तक नहीं आती थी। आज संयुक्त परिवार एकल परिवारों में बदलते चले जा रहे हैं और कहानियों का दौर खत्म प्रायः सा हो गया है। अंत में यही कहूंगा कि हमें कहानियों की ओर लौटना होगा और हमारी सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करनी होगी।




# रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है सूर्य नमस्कार

**दिन की अच्छी शुरुआत करने के लिए सूर्य नमस्कार सबसे अच्छा व्यायाम है। जिस प्रकार 12 राशियां, 12 महीने होते हैं, उसी प्रकार सूर्य नमस्कार भी 12 स्थितियों से मिलकर बना है। कोविड महामारी के समय में आप सूर्य नमस्कार को अपना कर अपनी प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ा सकते हैं-**

सूर्य नमस्कार का अभ्यास इन 12 स्थितियों में किया जाता है, आइए जानें–

- दोनों हाथों को जोड़कर सीधे खड़े हों। नेत्र बंद करें। ध्यान 'आज्ञा चक्र' पर केंद्रित करके 'सूर्य भगवान' का आह्वान 'ऊँ मित्राय नमः' मंत्र के द्वारा करें।
- श्वास भरते हुए दोनों हाथों को कानों से सटाते हुए ऊपर की ओर तानें तथा भुजाओं और गर्दन को पीछे की ओर झुकाएं। ध्यान को गर्दन के पीछे 'विशुद्धि चक्र' पर केन्द्रित करें।
- तीसरी स्थिति में श्वास को धीरे–धीरे बाहर निकालते हुए आगे की ओर झुकाएं। हाथ गर्दन के साथ, कानों से सटे हुए नीचे जाकर पैरों के दाएं–बाएं पृथ्वी का स्पर्श करें। घुटने सीधे रहें। माथा घुटनों का स्पर्श करता हुआ ध्यान नाभि के पीछे 'मणिपूरक चक्र' पर केन्द्रित करते हुए कुछ क्षण इसी स्थिति में रुकें। कमर एवं रीढ़ के दोष वाले साधक न करें।
- इसी स्थिति में श्वास को भरते हुए बाएं पैर को पीछे की ओर ले जाएं। छाती को खींचकर आगे की ओर तानें। गर्दन को अधिक पीछे की ओर झुकाएं। टांग तनी हुई सीधी पीछे की ओर खिंचाव और पैर का पंजा खड़ा हुआ। इस स्थिति में कुछ समय रुकें। ध्यान को 'स्वाधिष्ठान' अथवा 'विशुद्धि चक्र' पर ले जाएं। मुखाकृति सामान्य रखें।
- श्वास को धीरे–धीरे बाहर निष्कासित करते हुए दाएं पैर को भी पीछे ले जाएं। दोनों पैरों की एड़ियां परस्पर मिली हुई हों। पीछे की ओर शरीर को खिंचाव दें और एड़ियों को पृथ्वी पर मिलाने का प्रयास करें। नितम्बों को अधिक से अधिक ऊपर उठाएं। गर्दन को नीचे झुकाकर ठोड़ी को कण्ठकूप में लगाएं। ध्यान 'सहस्रार चक्र' पर केन्द्रित करने का अभ्यास करें।
- श्वास भरते हुए शरीर को पृथ्वी के समानांतर, सीधा साष्टांग दण्डवत करें और पहले घुटने, छाती और माथा पृथ्वी पर लगा दें। नितम्बों को थोड़ा ऊपर उठा दें। श्वास छोड़ दें। ध्यान को 'अनाहत चक्र' पर टिका दें। श्वास की गति सामान्य करें।
- इस स्थिति में धीरे–धीरे श्वास को भरते हुए छाती को आगे की ओर खींचते हुए हाथों को सीधे कर दें। गर्दन को पीछे की ओर ले जाएं। घुटने पृथ्वी का स्पर्श करते हुए तथा पैरों के पंजे खड़े रहें। मूलाधार को खींचकर वहीं ध्यान को टिका दें।
- यह स्थिति – पांचवीं स्थिति के समान
- यह स्थिति – चौथी स्थिति के समान
- यह स्थिति– तीसरी स्थिति के समान
- यह स्थिति – दूसरी स्थिति के समान
- यह स्थिति – पहली स्थिति की भांति रहेगी।

सूर्य नमस्कार की उपरोक्त बारह स्थितियां हमारे शरीर को संपूर्ण अंगों की विकृतियों को दूर करके निरोग बना देती हैं। यह पूरी प्रक्रिया अत्यधिक लाभकारी है। इसके अभ्यासी के हाथों–पैरों के दर्द दूर होकर उनमें सबलता आ जाती है। गर्दन, फेफड़े तथा पसलियों की मांसपेशियां सशक्त हो जाती हैं, शरीर की फालतू चर्बी कम होकर शरीर हल्का–फुल्का हो जाता है। सूर्य नमस्कार के द्वारा त्वचा रोग समाप्त हो जाते हैं अथवा इनके होने की संभावना समाप्त हो जाती है। इस अभ्यास से कब्ज आदि उदर रोग समाप्त हो जाते हैं और पाचनतंत्र की क्रियाशीलता में वृद्धि हो जाती है। इस अभ्यास के द्वारा हमारे शरीर की छोटी–बड़ी सभी नस–नाड़ियां क्रियाशील हो जाती हैं, इसलिए आलस्य, अतिनिद्रा आदि विकार दूर हो जाते हैं।


# मेडिटेशन को करें अपने रूटीन में शामिल और पाएं बेहतरीन फायदे

मेडिटेशन को ही ध्यान लगाना कहते है, इसे दिनचर्या का हिस्सा बनाकर रोजाना करने से कई फायदे होते हैं। अगर अभी तक आपने मेडिटेशन को अपने रूटीन में शामिल नहीं किया है तो, ये 13 फायदे जानने के बाद आप कल से ही इसे अपनी दिनचर्या में शामिल कर लेंगे –

- मेडिटेशन, मन अशांत रहने पर उसके निष्क्रिय पड़े हुए भागों को उपयोग में लाने योग्य बनाता है।
- अनुभव की क्षमता को सूक्ष्म करने की एक प्रक्रिया है ध्यान।
- दि आपको भूलने की आदत है तो ध्यान आपके लिए बहुत उपयोगी है।
- गुस्सैल प्रवृत्ति के लोगों का मन शांत करने में कारगर है भावातीत ध्यान।
- निर्णय न ले पाने वाले भी इसे अपनी जिंदगी में शामिल कर सकते हैं।
- हृदयरोग की रोकथाम के लिए उत्तम औषधि के समान है।
- मन की चंचलता को नियंत्रित करता है।
- दीर्घायु बनाने में इसकी अहम उपयोगिता है।
- शांति, सामर्थ्य, संतोष, शांति, विद्वत्ता और सभी आवश्यकताओं को पूरा करता है भावातीत ध्यान।
- चाहें तो ध्यान के समय कुछ फूल आस–पास रखें, कोई सुगंधित वस्तु का छिड़काव कर दें, अगरबत्ती जला दें।
- रात्रि के भोजन से पहले ही ध्यान के लिए बैठें। प्रात:काल सूर्योदय से पहले ध्यान करें।
- ढीले वस्त्र पहनकर ध्यान करें।
- महिलाएं यदि चाहें तो भावातीत ध्यान किसी शिक्षक के द्वारा भी सीख सकती हैं। चाहें तो मेडिटेशन सेंटर में भी आप इसे सीख सकती हैं।



# लाइफस्टाइल बदल डाली तो ऐसे बढ़ेगी इम्युनिटी




**इम्युनिटी कमजोर होने में खराब जीवनशैली का बड़ा हाथ है। यह एक सर्वमान्य सत्य है कि शरीर पर बाहरी माइक्रोऑर्गेनिज्म के होने वाले हमलों के खिलाफ इम्यून सिस्टम पहली डिफेंस लाइन मानी जाती है। जितनी तगड़ी इम्युनिटी होगी उतने ही बीमारी पकड़ने के अवसर क्षीण होते जाएंगे। खराब जीवनशैली से इम्यून सिस्टम की डिफेंस में छेद होने लगता है।**

## खराब जीवनशैली

यदि आपके पास ठीक से खाना खाने और भरपूर नींद लेने का वक्त नहीं हो तो समझ लें कि आपकी जीवनशैली खराब है जो आपके इम्यून सिस्टम को तेजी से कमजोर कर रही है। यह ठीक है कि आधुनिक जीवनशैली में वर्क प्रेशर इतना अधिक है कि उसका शरीर पर खराब असर पड़ रहा है लेकिन प्रेशर रहने के बावजूद भी स्वस्थ रहने के लिए प्रयत्न किया जा सकता है।

## कब हुई थीं सालाना जांचे?

30 साल की उम्र हो जाने के बाद शरीर की नियमित जांचें कराना बेहद जरूरी है। इन दिनों अत्यधिक तनाव झेलने के कारण कम उम्र में ही हाई ब्लड प्रेशर अथवा शुगर की बीमारियां जड़ पकड़ लेती हैं। यह देखा गया है कि शुरूआती जांचों में ही कई बार लंबी बीमारियों की जड़ पकड़ में आ जाती है।

## टाइम निकालें

खुद के लिए समय निकालें। यदि काम के घंटे फिक्स नहीं हैं तो वर्क स्टेशन को ही वर्कआउट के लिए सेट कर लें। काम के दौरान थोड़ी–थोड़ी देर में ब्रेक लेते रहें और शारीरिक गतिविधियां बढ़ा दें। मसलन आप स्पॉट रनिंग कर सकते हैं, स्ट्रेचिंग कर सकते हैं, वाशरूम तक तेज गति से जाकर वापस आ सकते हैं। वर्क स्टेशन एक्सरसाइज के बारे में जानने के लिए कई वेबसाइट्स हैं जो कई तरह के सॉल्युशन्स उपलब्ध कराती हैं।

## पानी कब पिया था?

क्या आपको याद कि अंतिम बार आपने पानी कब पिया था? पानी न सिर्फ हाईड्रेट रखता है बल्कि हाजमा और किडनी दोनों को तंदुरुस्त रखता है। इम्यून सिस्टम ठीक से काम करता रहे इसके लिए जरूरी है कि हाजमा ठीक रहे। मेटॉबॉलिक सिस्टम के बिगड़ते ही शरीर का हर अवयव और उसकी कार्यप्रणाली प्रभावित होती है।

## ये बदलाव लाएं जीवनशैली में

लाइफस्टाइल को दुरूस्त कर लेना आपके लिए बिलकुल आसान है लेकिन इसके लिए दृढ़ इच्छाशक्ति की जरूरत है। आपको केवल ठान लेना है बाकि सभी चीजें अपने आप ठीक होने लगती हैं। आप इतना तो कर ही सकते हैं कि सुबह जब भी आप उठते हैं, एक गिलास कुनकुना नींबू पानी पीकर दिन की शुरूआत कर सकते हैं। यदि आप रोज देर से उठ रहे हैं तो काम के घंटों के साथ एडजेस्ट कर सकते हैं। नींबू पानी के साथ ताजे आंवले का रस मिल सके तो पी लें नहीं तो बाजार से आंवले के रस का पैक भी खरीद कर रख सकते हैं। संतरे का रस अथवा आंवले के रस से विटामिन सी का तगड़ा डोज सुबह उठते ही मिल जाए तो दिन की अच्छी शुरूआत मानी जा सकती है। अपने भोजन में अदरक और हल्दी को विशेष रूप से शामिल करने का आग्रह करें। इससे असमय सोने के कारण होने वाली एसिडिसी एवं जलन से राहत मिल सकती है।

## गोल्डन मिल्क

रात को सोते समय हल्दी मिला हुआ दूध जरूर पिएं। जो लोग रात को जागते रहकर काम करते हैं उन्हें यह दूध खासतौर पर पीना चाहिए क्योंकि इससे उन्हें जागने के कारण होने वाली समस्याओं से निजात पाने में मदद मिलती है।





# एंटीबायोटिक ज्यादा लेने से कमजोर हो सकती है रोग प्रतिरोधक क्षमता

जब भी हमें छोटी–मोटी सेहत समस्या, हल्का सा दर्द व घाव आदि होता है तो हमारा शरीर उसे अपने आप ठीक करने में भी सक्षम होता है। लेकिन कई लोग जरा सी भी परेशानी होने पर अत्यधिक एंटीबायोटिक का सेवन करते हैं। अगर आप भी उन्हीं में से है तो आइए, आपको बताते हैं कि रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर होने से बचाने के लिए किन बातों का ध्यान रखना चाहिए

- एंटीबायोटिक – हममें से कई लोगों की आदत होती है, एंटीबायोटिक्स दवाओं का अत्यधिक सेवन करना। लेकिन गैरजरूरी समय पर इनका सेवन करने से आपकी प्रतिरोधक क्षमता कम हो सकती है। अत्यधिक जरूरत के समय ही एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन करें।
- औषधियां – जब भी आप वायरल या शारीरिक दर्द महसूस करें, ऐसी आयुर्वेदिक या घरेलू औषधि अपने साथ रखें जो प्रतिरोधकता बनाए रखती हैं।
- नींद – पर्याप्त नींद न होना आपके दिमाग और शरीर को बेवजह थकावट देता है और आपकी प्रतिरोधकता भी कम होती है। हर दिन 8 घंटे की नींद आपको स्वस्थ और खुशगवार रखने में सहायक है।
- शुगर – शकर खाने से मनाही नहीं है, लेकिन अतिरिक्त शर्करा से भरे खाद्य पदार्थ जैसे सोडा, एनर्जी ड्रिंक, जूस व अन्य पदार्थों से दूरी बनाएं। यह आपकी सेहत का पूरा हिसाब गड़बड़ कर देंगे, और प्रतिरोधकता में कमी भी।
- धूप है जरूरी – त्वचा को अगर धूप से बचाते हैं, तो विटामिन डी की कमी हो सकती है। बल्कि धूप लेना प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए फायदेमंद साबित होता है। इसलिए पर्याप्त धूप लेने का नियम बनाएं।
- जिंक – जिंक की पर्याप्त मात्रा का सेवन भी प्रतिरोध क्षमता को बढ़ाने का एक बेहतरीन विकल्प है। इसके लिए अलग से जिंक की गोलियां खाने के बजाए ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन करें, जिनसे आपको नैचुरल जिंक प्राप्त हो।
- पत्तेदार सब्जियां – पत्तेदार सब्जियां या फिर सलाद जैसे खाद्य पदार्थों का सेवन खूब करें। इनसे प्राप्त होने वाले एंजाइम्स आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता में इजाफा करते हैं और हर तरह का पोषण प्रदान करते हैं, जिसकी आपको जरूरत है।

# गर्म पानी के साथ लहसुन के फायदे

**खाने के स्वाद को बढ़ाने तथा सब्जी व दाल में तड़का लगाने में लहसुन का प्रयोग आप खूब करते हैं। लहसुन जहां भोजन के स्वाद को बढ़ाता है, वहीं इसमें मौजूद पौष्टिक तत्व हमारे शरीर को बीमारियों से लड़ने की ताकत भी देते हैं। लहसुन हमारे इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है, जो हमारे शरीर को अंदर से मजबूत रखता है और बीमारियों से लड़ने की ताकत देता है। वहीं अगर हम लहसुन को गर्म पानी के साथ लें तो यह हमारे शरीर को कई तरह से फायदा पहुंचाता है और कई बीमारियों से निपटने की ताकत देता है।**

## कब्ज की समस्या से राहत

यदि आप कब्ज की समस्या से परेशान हैं तो इससे राहत पाने के लिए आप गर्म पानी के साथ कच्ची लहसुन का सेवन करें। यह पाचन क्रिया को सही रखने में मदद करता करेगा और कब्ज की समस्या दूर होगी।

## एंटी बैक्टीरियल व एंटीवायरल से भरपूर

बदलते मौसम का असर आपकी सेहत पर पड़ता है, वहीं बारिश के दिनों में यदि आप गर्म पानी के साथ लहसुन का सेवन करते हैं तो इससे आपके शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है और कई बीमारियों का खतरा कम हो जाता है। इसके साथ–साथ लहसुन में मौजूद बैक्टीरिया में वायरस मारने के गुण हैं। बारिश के दिनों में होने वाले फंगल संक्रमण, फ्लू और संक्रामक बीमारियों के खतरे से भी ये आपके शरीर को बचाए रखेंगे।

## ब्लड सर्कुलेशन को करे मेंटेन

गर्म पानी के साथ कच्चे लहसुन का सेवन करने से दिल से जुड़ीं बीमारियों से बचे रहने में मदद मिलती है। यह ब्लड सर्कुलेशन को मेंटेन करके हृदयरोग के खतरे को भी कई गुना तक कम कर सकता है।

## गले की खराश से राहत

लहसुन में एंटीइंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो गले की खराश को दूर करता है।



## संक्षिप्त खबरें

### चीन के लियाओनिंग रेस्तरां में आग लगी, 22 लोगों की मौत

बीजिंग, (एजेंसी) : पूर्वोत्तर चीन के लियाओनिंग प्रांत के लियाओयांग शहर में मंगलवार दोपहर 12:25 बजे लियाओनिंग रेस्तरां में आग लग गई। इस दौरान 22 लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य झुलस गए। इस संबंध में रेस्तरां के प्रभारी को हिरासत में लिया गया है।

चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार सूचना मिलते ही राहत और बचाव अभियान के लिए 22 दमकल गाड़ियां और 85 अग्निशमन कर्मी भेजे गए। अभियान के दौरान आसपास के निवासियों को सुरक्षित निकाला गया। राहत और बचाव अभियान पूरी हो गया है। झुलसे लोगों को नजदीकी अस्पताल में भेजा गया। लियाओयांग शहर चीन की राजधानी बीजिंग से लगभग 580 किलोमीटर (360 मील) उत्तर-पूर्व में है।

चीन के सरकारी प्रसारक सीसीटीवी के अनुसार राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि इस हादसे में काफी लोग हताहत हुए हैं। इससे मिले सबक बेहद गंभीर हैं। यह रेस्तरां दो मंजिला बताया गया है। इसी महीने उत्तरी चीन के हेबेई प्रांत में एक नर्सिंग होम में आग लगने से 20 लोगों की मौत हो गई थी।

### डोनाल्ड ट्रंप के बड़े बेटे की दक्षिण कोरिया की दो दिवसीय यात्रा आज से



सियोल,(एजेंसी) : अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सबसे बड़े बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर दक्षिण कोरिया की दो दिवसीय यात्रा पर मंगलवार को सियोल पहुंच रहे हैं। अपनी पहली यात्रा के दौरान वे कोरियाई समूह के लगभग 20 दिग्गज उद्योगपतियों से मिलेंगे।

द कोरिया टाइम्स अखबार ने उद्योग सूत्रों के हवाले से यह खबर दी है। वह शिनसेगा ग्रुप के चेयरमैन चुंग योंग-जिन के निमंत्रण पर सियोल पहुंच रहे हैं। कोरियाई व्यापारिक समूह ने चुंग से ट्रंप प्रशासन के साथ संपर्क स्थापित करने के तरीके के रूप में ट्रंप जूनियर की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए कहा है। सेमीकंडक्टर, ऑटोमोबाइल, ऊर्जा, इस्पात निर्माण और रक्षा उद्योगों के प्रमुखों ने उनसे मिलने में रुचि व्यक्त की है।

ट्रंप जूनियर के सियोल में बुधवार को देश के प्रमुख समूहों के लगभग 20 प्रमुखों के साथ अलग-अलग बैठकें करने की उम्मीद है। ट्रंप जूनियर ने अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान कोरियाई राजनेताओं या सरकारी अधिकारियों के साथ कोई सार्वजनिक बैठक निर्धारित नहीं की है। चुंग और ट्रंप जूनियर काफी घनिष्ठ हैं। दिसंबर में ट्रंप जूनियर ने शिनसेगा के अध्यक्ष चुंग को फ्लोरिडा में अपने पिता के मार-ए-लागो रिसॉर्ट में आमंत्रित किया था। ट्रंप प्रशासन ने 9 अप्रैल को कोरिया पर 25 प्रतिशत शुल्क सहित पारस्परिक टैरिफ लगाया था। कुछ समय बाद इसे 90 दिन के लिए रोक दिया था।

### इजराइल की घरेलू खुफिया सेवा शिन बेट प्रमुख रोनेन बार ने की इस्तीफे की घोषणा, 15 जून को पद छोड़ देंगे



तेल अवीव,(एजेंसी) : इजराइल की घरेलू खुफिया सेवा शिन बेट प्रमुख रोनेन बार ने इस्तीफे की घोषणा की है। वह 15 जून को पद छोड़ देंगे। बार की यह घोषणा 'कतरगेट' की जांच के दौरान आई है। शिन बेट पर सात अक्टूबर के हमास के हमलों को रोकने में विफलता का आरोप भी लग चुका है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इस विफलता की सार्वजनिक जांच कराने की घोषणा भी कर चुके हैं।

इजराइल की वेबसाइट वाई नेट न्यूज के अनुसार, शिन बेट प्रमुख रोनेन बार ने मेमोरियल डे कार्यक्रम से एक दिन पहले सोमवार शाम घोषणा की कि वह 15 जून को अपना पद छोड़ देंगे। नेतन्याहू ने पूर्व में उन्हें हटाने की कोशिश भी की थी। विश्लेषकों का कहना है कि इजराइल में आतंकवाद-रोधी जांच का जिम्मा संभालने वाली शिन बेट नेतन्याहू की दक्षिणपंथी गठबंधन सरकार के विरुद्ध बढ़ते राजनीतिक संघर्ष के केंद्र में रही है।

नेतन्याहू ने 16 मार्च को कहा था कि वह काफी पहले रोनेन बार पर भरोसा खो चुके हैं। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने रोनेन बार को बर्खास्त करने के सरकार के प्रयास पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी थी। रोनेन ने दावा किया था कि नेतन्याहू उन्हें इसलिए बर्खास्त करना चाहते हैं, क्योंकि उन्होंने इजराइली प्रदर्शनकारियों की जासूसी करने और भ्रष्टाचार के मुकदमे को बाधित करने समेत विभिन्न आग्रहों को मानने से इनकार कर दिया था। इन आरोपों के जवाब में नेतन्याहू ने रोनेन पर झूठ बोलने का आरोप लगाया था।

### भाजपा विदेश विभाग के प्रभारी चौथाईवाले का नेपाल दौरा कल से



काठमांडू, (एजेंसी) : भारतीय जनता पार्टी के विदेश विभाग के प्रभारी विजय चौथाईवाले का नेपाल दौरा कल से शुरू होगा। वह 30 अप्रैल से दो मई तक काठमांडू रहेंगे। इस दौरान नेपाल के सभी प्रमुख नेताओं से उनकी मुलाकात संभव है। भाजपा विदेश विभाग के अनुसार, चौथाईवाले की नेपाल के प्रधानमंत्री से लेकर विपक्षी दल के नेताओं से मुलाकात तय की गई है। चौथाईवाले प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, सतारूढ़ गठबंधन के नेता शेर बहादुर देउवा, प्रमुख विपक्षी दल के नेता माओवादी अध्यक्ष पुष्प कमल दहाल प्रचण्ड, एकीकृत समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व प्रधानमंत्री माधव कुमार नेपाल से मुलाकात करेंगे। इसके अलावा चौथाईवाले नेपाल के दोनों उपप्रधानमंत्री प्रकाशमान सिंह और विष्णु पौडेल, विदेशमंत्री डॉ. आरजू राणा से भी मुलाकात कर सकते हैं। चौथाईवाले से मधेशी मोर्चा के नेताओं की सामूहिक मुलाकात होनी है है। वह राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के नेताओं से भी मुलाकात कर सकते हैं।

# कनाडा ने लिबरल पार्टी को दिया जनादेश, प्रधानमंत्री मार्क कार्नी का सबको साथ लेकर चलने का वादा



ओटावा,(एजेंसी) : कनाडा में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कड़े टैरिफ को लेकर मची उथल-पुथल के बीच हुए संसदीय चुनाव में प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के नेतृत्व वाली लिबरल पार्टी लगातार चौथी बार सरकार बनाती दिख रही है। हालांकि वह बहुमत के आंकड़े से 'कुछ' दूर है। कार्नी ने मतगणना में लिबरल पार्टी की निर्णायक बढ़त के दौरान अपने पहले भाषण में सबको साथ लेकर चलने का वादा किया। अपने विजय भाषण में मार्क कार्नी ने कहा," अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप हमें तोड़ने की कोशिश कर रहे थे। वह कनाडा पर कब्जा करना चाहते थे। अब ऐसा कभी नहीं होगा। कनाडा के निर्वाचन आयोग ने दोपहर ढाई बजे मतगणना के रुझान जारी किए। आयोग के अनुसार, कार्नी की लिबरल पार्टी 168, कंजर्वेटिव पार्टी 144, ब्लॉक क्यूबेकॉइस 23, न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी सात और ग्रीन पार्टी एक सीट पर आगे चल रही है। सीटीवी न्यूज के अनुसार, लिबरल पार्टी 45वें संसदीय चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। मतगणना के रुझानों में अब परिवर्तन होने की संभावना ना के बराबर है। हाउस ऑफ कॉमन्स में 343 सीटें हैं। बहुमत की सरकार बनाने के लिए किसी भी दल को 172 सीटों की जरूरत होती है।

कार्नी ने आज सुबह ओटावा में अपने समर्थकों से कहा, "मैंने राजनीति को इसलिए चुना, क्योंकि मुझे लगा कि देश को बड़े बदलाव की जरूरत है। यह बदलाव मजबूत कनाडाई मूल्यों के आधार पर होने चाहिए। यह मूल्य हैं- विनम्रता, महत्वाकांक्षा और एकता।" उन्होंने कहा कि इन मूल्यों के बिना कोई भी बदलाव निरर्थक है।

प्रधानमंत्री कार्नी ने कंजर्वेटिव पार्टी के नेता पियरे पोइलिव्रे को चुनाव में कड़ी मेहनत के लिए बधाई दी। चुनाव नतीजों पर एंगस रीड इंस्टीट्यूट (पोलिंग फर्म) के अध्यक्ष शाची कुर्ल की प्रतिक्रिया सामने आई है। कुर्ल के अनुसार, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ का कड़ा जवाब देना कार्नी के लिए चुनाव में फायदेमंद रहा। कार्नी ने टैरिफ को लेकर वाशिंगटन के साथ सख्त रुख अपनाने का वादा किया था। इस चुनाव में कैनेडियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्प ने लिबरल पार्टी की जीत का अनुमान लगाया था।

उल्लेखनीय है कि ट्रंप ने पिछले हफ्ते घोषणा की थी कि वे कनाडा में निर्मित कारों पर 25 प्रतिशत टैरिफ बढ़ा सकते हैं। इससे पहले उन्होंने कहा था कि वे कनाडा को 51वां राज्य बनाने के लिए आर्थिक बल का उपयोग कर सकते हैं। कनाडा में चुनाव के वक्त भी सोमवार को सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रंप ने कनाडा को 51वां राज्य बनाने के अपने आह्वान को दोहराया। सीटीवी न्यूज का कहना है कि कनाडा की दो छोटी पार्टियां न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी और ब्लॉक क्यूबेकॉइस सरकार बनाने पर लिबरल पार्टी का साथ दे सकती हैं।

## रोजगार को लेकर श्रम एवं रोजगार मंत्रालय और रैपिडो के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर




नई दिल्ली, (एजेंसी) : देश में रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए श्रम एवं रोजगार मंत्रालय और रैपिडो के बीच आज एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह करार नेशनल करियर सर्विस (एनसीएस) पोर्टल के माध्यम से लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में रोजगार के अवसरों को सशक्त करने के उद्देश्य से किया गया है।

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ मनसुख मांडविया और राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे की उपस्थिति में आज एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर डॉ मांडविया ने कहा, ह्लएनसीएस पोर्टल देशभर में नौकरी चाहने वालों और नियोक्ताओं को जोड़ने वाला एक सशक्त मंच बन चुका है। इस पोर्टल पर 1.75 करोड़ से अधिक सक्रिय नौकरी खोजने वाले और 40 लाख से अधिक पंजीकृत नियोक्ता हैं।

रैपिडो के अगले 1-2 वर्षों में 50 लाख आजीविका अवसर प्रदान करने के लक्ष्य की सराहना करते हुए उन्होंने बताया कि एनसीएस पोर्टल माय भारत, ई-श्रम, सिद्ध और एमईए-ई मायग्रेट जैसे प्लेटफॉर्म्स से जुड़ चुका है। राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने रैपिडो के महिला-केंद्रित रोजगार प्रयासों की सराहना की, जिसमें 5 लाख महिलाओं को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। रैपिडो के सह-संस्थापक पवन गुन्टुपल्ली ने ह्यपिंक रैपिडोह्ण पहल की चर्चा करते हुए कहा कि यह सहयोग रोजगार को नए स्तर पर ले जाएगा। एमओयू के अंतर्गत रैपिडो एनसीएस पोर्टल पर नियमित रूप से दोपहिया टैक्सी, ऑटो और कैब के लिए वैरिफाइड नौकरियों की जानकारी साझा करेगा और एपीआई इंटीग्रेशन के माध्यम से रियल टाइम भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। यह कदम रोजगार, समावेशन और डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में सरकार और निजी क्षेत्र की साझेदारी का उत्कृष्ट उदाहरण है।

## डाक विभाग और एसबीआई म्यूचुअल फंड के बीच करार, निवेशकों को घर बैठे केवाईसी सुविधा का लाभ

नई दिल्ली, (एजेंसी) : ग्राहक ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया को आसान बनाने के उद्देश्य से डाक विभाग और एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड ने एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस करार से अब एसबीआई म्यूचुअल फंड में निवेश करने वाले ग्राहकों को केवाईसी के लिए डाकघर जाने की आवश्यकता नहीं होगी, उन्हें घर बैठे यह सुविधा प्राप्त होगी।यह समझौता डाक भवन, नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान संपन्न हुआ। इसमें डाक विभाग की व्यवसाय विकास निदेशालय की महाप्रबंधक मनीषा बंसल बादल और एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुनिश सभरवाल ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

डाक विभाग के पास देशभर में 1.64 लाख से अधिक डाकघरों का व्यापक नेटवर्क है, जो सबसे दूरदराज क्षेत्रों तक फैला हुआ है। यह साझेदारी वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। समझौते के अनुसार, डाक विभाग के प्रशिक्षित कर्मचारी निवेशकों से उनके जरूरी दस्तावेज और फॉर्म घर जाकर एकत्र करेंगे। इससे दस्तावेजी प्रक्रिया अधिक सुरक्षित, सटीक और गोपनीय होगी। इस पहल से न केवल निवेशकों को सुविधा मिलेगी, बल्कि इससे ग्रामीण और दूरदराज इलाकों में रहने वाले लोगों को भी निवेश से जुड़ने का बेहतर अवसर प्राप्त होगा। यह कदम डिजिटल और वित्तीय समावेशन की दिशा में सरकार के प्रयासों को मजबूती प्रदान करेगा।

# भारत से तनाव बढ़ने के बीच पीटीआई ने जेल में बंद अपने नेता इमरान खान को रिहा करने की मांग उठाई



इस्लामाबाद, (एजेंसी) : भारत के जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सिंधु जल संधि निलंबित किये जाने से तिलमिलाए पाकिस्तान में प्रमुख विपक्षी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने जेल में बंद अपने नेता इमरान खान की रिहाई की मांग की है, ताकि वह भारत के साथ बढ़ते तनाव पर राष्ट्रीय विचार-विमर्श में हिस्सा ले सकें। पार्टी ने राजनीतिक नेतृत्व से तत्काल बहुदलीय सम्मेलन बुलाने का भी आह्वान करके उसमें खान को भी शामिल करने की मांग भी की है। डॉन अखबार के अनुसार यह मांग सोमवार को सीनेट में की गई। सीनेट में दोनों पक्षों के सांसदों ने सिंधु जल संधि निलंबित करने और 22 अप्रैल के हमले के बाद युद्ध उन्माद को बढ़ावा देने के लिए भारत की आलोचना की। सीनेट में पीटीआई के संसदीय नेता सीनेटर अली जफर ने कहा कि राष्ट्रीय महत्व के मुद्दे के लिए राजनीतिक मतभेदों को अलग रखना चाहिए। वर्तमान परिस्थितियों में बहुदलीय सम्मेलन ही एकमात्र उपाय है। अगर इमरान खान को ऐसी बैठक में हिस्सा लेने की अनुमति दी जाती है, तो इससे दुनिया भर में यह संदेश जाएगा कि पाकिस्तान एकजुट है।

पीटीआई सीनेटर शिबली फराज ने कहा कि इमरान खान को मीनार-ए-पाकिस्तान में सार्वजनिक सभा करने और भारत के साथ वाघा सीमा की ओर मार्च करने के लिए लोगों को आह्वान करने के लिए टीवी पर आने की अनुमति दी जानी चाहिए। फराज ने विश्वास व्यक्त किया कि खान के आह्वान पर 10 मिलियन से अधिक लोग एकत्र होंगे। उन्होंने कहा कि केवल लोगों का सच्चा प्रतिनिधि ही भारत को एक मजबूत संदेश दे सकता है। उन्होंने सभी राजनीतिक कैदियों की रिहाई और राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ झूठे मामले दर्ज करने की प्रथा को खत्म करने की भी मांग की।

# जावेद अख्तर ने रचनात्मक स्वतंत्रता को बाजारवाद से बचाने के लिए मजबूत तंत्र बनाने का किया आग्रह




नई दिल्ली, (एजेंसी) : फिक्की ने नई दिल्ली में ह्यआईपी एंड म्यूजिकः फील द बीट ऑफ आईपीह्ण सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें प्रसिद्ध गीतकार एवं भारतीय फॉर्मिंग राइट सोसाइटी (आईपीआरएस) के अध्यक्ष जावेद अख्तर ने रचनात्मक स्वतंत्रता को बाजारवाद से बचाने के लिए मजबूत तंत्र बनाने का आग्रह किया।

अख्तर ने चेतावनी दी कि कॉरपोरेटाइजेशन ने एक ऐसी व्यवस्था बनाई है, जहां ₹रचनात्मकता के लिए जगह कम होती जा रही है₹ क्योंकि मार्केटिंग विभाग कलात्मक विकल्पों को निर्धारित करते हैं।

अख्तर ने कहा कि रचनात्मकता और बाजार के बीच संतुलन होना चाहिए। उन्होंने कहा, ह्लआप बाजार के आदेश का पालन कर रहे हैं, तो आप किस तरह के मार्केटिंग व्यक्ति हैं? कोई रचनात्मकता नहीं है, कोई प्रयोग नहीं है, कोई साहस नहीं है।

अख्तर ने बताया कि 2017 में कानून संशोधन के बाद आईपीआरएस ने लोगों को एक नया मार्ग प्रशस्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि 2017 में आईपीआरएस की आय 42 करोड़ रुपये थी, जो इस साल 730 करोड़ रुपये पार कर गई और जल्द ही एक हजार करोड़ तक पहुंच जाएगी।

संस्कृति मंत्रालय के सचिव विवेक अग्रवाल ने कई नए पहलों की घोषणा की, जिनमें स्पोटिफाई और यू-ट्यूब जैसे डिजिटल मंचों से एकाग्र कर पारंपरिक संगीत को बढ़ावा देना शामिल है। साथ ही पारंपरिक वाद्ययंत्रों को भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग योजना भी साझा की गई। इसमें आईपीआर पंजीकरण में क्षेत्रीय कलाकारों को सहायता देना, सांस्कृतिक उद्योगों में विशेष सेल बनाना शामिल है।

फिक्की-आईपीआर समिति के अध्यक्ष अनिल राजपूत ने बताया कि एक दशक की मेहनत के बाद विश्व शेयर बाजार संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) के साथ आईपी फॉर बिजनेस सेंटर की स्थापना के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ है।

सम्मेलन में डिजिटल युग में आईपी लागू करने का अनावरण भी किया गया और पुलिस अधिकारियों के लिए एक नया आईपी प्रवर्तन टूलकिट पेश किया गया।

## अक्षय तृतीया 2025 : सोने-चांदी की रिकॉर्ड कीमतों के बीच 16 हजार करोड़ के व्यापार की संभावना

नई दिल्ली, (एजेंसी) : अक्षय तृतीया को सौभाग्य और समृद्धि से जोड़ा जाता है। इस दिन सोने-चांदी की खरीद को अत्यंत शुभ माना जाता है। हालांकि इस बार त्योहार से पहले सोने और चांदी की कीमतों में ऐतिहासिक वृद्धि देखने को मिली है। इससे बाजार में खरीदारी का रुझान प्रभावित हो सकता है। इसके बावजूद भी अनुमान है कि कल 16 हजार करोड़ के सोना-चांदी के व्यापार होने की संभावना है।

कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के अनुसार इस वर्ष 10 ग्राम सोने का दाम 1 लाख रुपये और चांदी 1 लाख रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। पिछले वर्ष ये दरें क्रमशः 73,500 और 86 हजार थीं। कैट के अनुसार 2023 में अक्षय तृतीया पर करीब 14,500 करोड़ का व्यापार हुआ था, जबकि 2024 में लोकसभा चुनाव के चलते इसमें गिरावट देखी गई।ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्डस्मिथ फेडरेशन के अध्यक्ष पंकज अरोड़ा ने बताया कि इस वर्ष अक्षय तृतीया पर करीब 12 टन सोना (12 हजार करोड़) और 400 टन चांदी (4 हजार करोड़) की बिक्री संभावित है, जिससे कुल व्यापार 16 हजार करोड़ तक पहुंच सकता है।

अरोड़ा ने सोने-चांदी के दाम बढ़ने के पीछे अंतरराष्ट्रीय आर्थिक अनिश्चितता, डॉलर के मुकाबले रुपये की कमजोरी, भू-राजनीतिक तनाव और निवेशकों की बढ़ती रुचि को प्रमुख कारण बताया।

विवाह सीजन के चलते बाजार में कुछ मांग बनी हुई है। कैट अध्यक्ष बी. सी. भरतिया के अनुसार, शादी-ब्याह में सोने की खरीद परंपरागत है, जिससे ग्राहक कम मात्रा में ही सही, लेकिन खरीदारी कर रहे हैं। व्यापार संगठनों ने ग्राहकों से अपील की है कि वे केवल हॉलमार्क ज्वैलरी खरीदें और विश्वसनीय ज्वैलर्स से ही लेन-देन करें।

## इजराइल ने कश्मीर हमले को बताया अस्वीकार्य, पाकिस्तान पर सख्त रुख

**इजराइल के राजनयिक ने कहा, पाकिस्तान को आतंकी गतिविधियों से निपटने की जरूरत**

मुंबई, (एजेंसी) :मध्य-पश्चिम भारत में इजराइल के महावाणिज्य दूत कोब्बी शोशनी ने हाल ही में कश्मीर में हुए आतंकी हमले को 'अस्वीकार्य' करार देते हुए कहा कि वहां से सामने आईं तस्वीरें अत्यंत दिल दहला देने वाली हैं। उन्होंने पाकिस्तान से कश्मीर में जारी आतंकी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण करने की अपील की।

कोब्बी शोशनी ने कहा, ₹भारत और इजराइल के बीच संबंध गहरे और अटूट हैं। यह केवल सरकारों या नेताओं तक सीमित नहीं, बल्कि दोनों देशों की जनता के बीच भी एक मजबूत बंधन है।₹ उन्होंने जोर देते हुए कहा, जो कुछ हमने कश्मीर में देखा, वह एक इंसान, एक दोस्त और भारत के भाई के तौर पर हम नजरअंदाज नहीं कर सकते। तस्वीरें देखकर गहरा दुख हुआ। पाकिस्तान को सीधे तौर पर संबोधित करते हुए शोशनी ने कहा, ₹पाकिस्तान को कश्मीर में उसकी ओर से हो रही आतंकी गतिविधियों से निपटने की आवश्यकता है। उन्होंने भारत की विदेश नीति की भी सराहना करते हुए कहा, भारत बहुत ही कुशलतापूर्वक और चतुराई से कूटनीतिक मोर्चे पर काम कर रहा है।

# भारत ने संयुक्त राष्ट्र में आतंकवाद पर पाकिस्तान को खरी-खोटी सुनाई

न्यूयॉर्क, (एजेंसी) : संयुक्त राष्ट्र में सोमवार को 'आतंकवाद के शिकार संघों के नेटवर्क' की समारोहपूर्वक स्थापना की गई। संयुक्त राष्ट्र में भारत की उप स्थायी प्रतिनिधि योजन पटेल ने भी समारोह को संबोधित किया। उन्होंने पाकिस्तान को खरी-खोटी सुनाते हुए उसकी निंदा की।

योजना पटेल ने कहा कि पाकिस्तान ने इस मंच का दुरुपयोग कर दुष्प्रचार में लिप्त होने और भारत के खिलाफ निराधार आरोप लगाने का प्रयास किया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक विशेष प्रतिनिधिमंडल ने इस मंच का दुरुपयोग करने और इसे कमजोर करने का विकल्प चुना।

उल्लेखनीय है कि पूरी दुनिया ने हाल ही में एक टेलीविजन साक्षात्कार में पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ को आतंकवादी संगठनों को समर्थन, प्रशिक्षण और धन देने के पाकिस्तान के इतिहास को स्वीकार करते हुए सुना है। योजना पटेल ने कहा कि यह खुला कुबूलनामा अब आश्चर्यचकित नहीं करता बल्कि पाकिस्तान को एक दुष्ट राज्य के रूप में उजागर करता है। पाकिस्तान वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। दुनिया अब और आंखें नहीं मूंद सकती।

संयुक्त राष्ट्र की न्यूज वेबसाइट के अनुसार, यह नेटवर्क सितंबर 2022 में आयोजित आतंकवाद के पीड़ितों की पहली संयुक्त राष्ट्र वैश्विक कांग्रेस का महत्वपूर्ण परिणाम है। इस मौके पर आतंकवाद-रोधी मामलों के लिए संयुक्त राष्ट्र के अवर महासचिव व्लादिमीर वोरोनकोव ने राष्ट्रीयता, जातीयता या धर्म की परवाह किए बिना सभी पीड़ितों के साथ एकजुटता व्यक्त की और उनके साहस और लचीलेपन को श्रद्धांजलि दी। स्पेन के विदेशमंत्री जोस मैनुअल अल्बेरेस ब्यूनो, आतंकवाद पीड़ितों के मित्रों के समूह के सह अध्यक्ष अब्बास कदोम ओबैद अल-फतलावी और युगांडा की ग्रेस एकन ने भी विचार रखे।

# भारत में फुटबॉल को मिलेगा नया बूस्ट, प्रीमियर लीग मुंबई में खोलेगा ऑफिस

मुंबई, (एजेंसी) : इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) ने भारत में अपनी मौजूदगी को औपचारिक रूप देते हुए मुंबई में नया ऑफिस खोलने की घोषणा की है। इसका उद्देश्य भारतीय फैन्स के साथ जुड़ाव बढ़ाना, ग्रासरूट फुटबॉल को प्रमोट करना और देश में फुटबॉल के समग्र विकास में योगदान देना है।

भारत में यह ऑफिस प्रीमियर लीग की वैश्विक विस्तार योजना का हिस्सा है। इससे पहले 2019 में सिंगापुर, 2023 में न्यूयॉर्क और 2024 में बीजिंग में भी ऑफिस खोले जा चुके हैं। मुंबई ऑफिस का उद्घाटन इस रणनीति में एक अहम माइलस्टोन माना जा रहा है।



यह नया ऑफिस प्रीमियर लीग को भारतीय फैन्स, ब्रॉडकास्ट पार्टनर्स और स्थानीय फुटबॉल बॉडीज के साथ ज्यादा करीबी से काम करने में सक्षम बनाएगा। खासतौर से जियोस्टार जैसे ब्रॉडकास्ट पार्टनर्स के साथ मिलकर लीग, इवेंट्स और पार्टनरशिप एक्टिविटीज के जरिए फैन्स के अनुभव को और गहरा बनाएगी।

प्रीमियर लीग 2007 से 'प्रीमियर स्किल्स' प्रोग्राम के माध्यम से भारत में फुटबॉल डेवलपमेंट से जुड़ी हुई है। ब्रिटिश काउंसिल के सहयोग से संचालित इस कार्यक्रम के जरिए अब तक 18 राज्यों में 7,300 से ज्यादा कोच, रेफरी और फुटबॉल एजुकेटर्स को ट्रेन किया गया है, जिससे 1.24 लाख से अधिक युवाओं को लाभ मिला है। 2014 से प्रीमियर लीग और इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की साझेदारी कई अहम पहलुओं गवर्नेंस, यूथ डेवलपमेंट और कोचिंग ट्रेनिंग पर केंद्रित रही है। 2019 में शुरू हुआ नेक्स्ट जेन कप इसी दिशा में एक बड़ा कदम है। इस अंतरराष्ट्रीय यूथ टूनामेंट का छठा संस्करण मई 2025 में मुंबई में आयोजित होगा, जिसमें आईएसएल की यूथ टीमें प्रीमियर लीग क्लबों की अंडर-19 टीमों से भिड़ेंगी।

प्रीमियर लीग के चीफ एग्जीक्यूटिव रिचर्ड मास्टर्स ने मंगलवार को एक बयान में कहा, भारत में हमारा एक शानदार और समझदार फैन्स बेस है। यहां पर हमारी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को यह ऑफिस और मजबूत करेगा। हम इस क्षेत्र में संभावनाओं को लेकर उत्साहित हैं और इस पहल से भारतीय फुटबॉल में सार्थक योगदान देने की उम्मीद रखते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### डोपिंग के कारण दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन मैक्स पर्सेल पर लगा 18 महीने का बैन



नई दिल्ली, (एजेंसी) : ऑस्ट्रेलिया के दो बार के ग्रैंड स्लैम डबल्स चैंपियन मैक्स पर्सेल पर एंटी-डोपिंग नियमों के उल्लंघन के चलते 18 महीने का प्रतिबंध लगाया गया है। यह मामला किसी प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन का नहीं, बल्कि निषिद्ध प्रक्रिया के तहत आया है।इंटरनेशनल टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। 27 वर्षीय पर्सेल ने यह स्वीकार किया कि उन्होंने अनजाने में 100 मिलीलीटर की निर्धारित सीमा से अधिक विटामिन की आईवी ड्रिप ली थी। नियमों के अनुसार 12 घंटे की अवधि में 100 मिली से अधिक का क्ष इन्फ्यूजन प्रतिबंधित है। पर्सेल ने बताया कि उन्होंने क्लिनिक को सूचित किया था कि वे प्रोफेशनल एथलीट हैं और यह इन्फ्यूजन तय मात्रा से अधिक नहीं होना चाहिए, लेकिन फिर भी उन्हें दो बार 500 मिली से अधिक का इन्फ्यूजन दिया गया।आईटीआईए के अनुसार पर्सेल ने जांच में पूरा सहयोग किया और सभी जानकारियां साझा कीं। इसी कारण उनकी सजा में 25 प्रतिशत की छूट दी गई। आईटीआईए की सीइओ कैरेन मूरहाउस ने कहा, यह मामला यह दिखाता है कि डोपिंग नियम सिर्फ प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह व्यापक दायरे को कवर करते हैं।मैक्स पर्सेल को दिसंबर, 2023 में ही अस्थायी रूप से सस्पेंड कर दिया गया था। अब उनकी आधिकारिक सजा 11 जून, 2026 तक मानी गई है। इस दौरान वे किसी भी टेनिस टूनामेंट में खेलने, कोचिंग देने या उपस्थित रहने के लिए अयोग्य रहेंगे।

### स्नूकर वर्ल्ड चैंपियनशिप : डिंग बाहर, सि जियाहुई ने क्वार्टरफाइनल में बनाई जगह



लंदन, (एजेंसी) : चीन के दिग्गज स्नूकर खिलाड़ी डिंग जुन्हुई सोमवार को स्नूकर वर्ल्ड चैंपियनशिप से बाहर हो गए। उन्हें गत चैम्पियन बेल्जियम के लुका ब्रेसेल ने 13-4 के बड़े अंतर से हराया। वहीं, उनके हमवतन और युवा खिलाड़ी सि जियाहुई ने लगातार दूसरी बार टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया है।

38 वर्षीय डिंग पहले ही सोमवार के फाइनल सत्र से पहले लगभग हार के करीब थे। वह ब्रेसेल से 12-4 से पीछे चल रहे थे। सोमवार को ब्रेसेल ने महज 15 मिनट में 71 अंकों की ब्रेक लगाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। अब वह क्वार्टरफाइनल में वर्ल्ड नंबर-1 जुड ट्रंप से भिड़ेंगे। डिंग, जिनके नाम 15 रैंकिंग खिताब हैं, अभी तक वर्ल्ड चैंपियनशिप का खिताब नहीं जीत सके हैं। इस साल उन्होंने जर्मनी के जाक सुरेटी को 10-7 से हराकर पांच साल में पहली बार टूनामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई थी।

दूसरी ओर, 22 वर्षीय सि जियाहुई ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रिटेन के बेन वूलास्टन को 13-10 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। वर्ल्ड नंबर-13 सि अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए सात बार के विश्व चैंपियन ब्रिटेन के रॉनी ओ'सुलिवन से भिड़ेंगे। ओ'सुलिवन ने चीन के पांग जूनशू को 13-4 से हराया।

### आगे बढ़ने और आगामी मुकाबलों पर ध्यान देने की जरूरत: हर्षित राणा

नई दिल्ली, (एजेंसी) : कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले से पहले टीम के दोबारा जीत की राह पर लौटने का विश्वास जताया है। सोमवार को मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में राणा ने हालिया हार को भुलाकर भविष्य की चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर बल दिया।हर्षित राणा ने कहा, जितना हम अपने पिछले दो मुकाबलों के परिणामों को पीछे छोड़ेंगे, हमारे लिए उतना ही बेहतर रहेगा। अगर हम उन हारों को लेकर ज्यादा सोचेंगे तो टीम का मनोबल प्रभावित हो सकता है। हमें अब आगे के सभी मैच जीतने का लक्ष्य रखना है।दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम की सतह को लेकर राणा ने कहा, यहां आमतौर पर उछाल कम होता है।

# डीडीसी सुरेश शर्मा ने युवाओं को बांटी क्रिकेट, वॉलीबॉल किट्स, कहा-सामाजिक कुरीतियों से रहें कोसों दूर

अखनूर (एजेंसी) : भाजपा नेता एवं जिला विकास परिषद के सदस्य पंडित सुरेश शर्मा ने ब्लॉक मैरा मांदरेया की पंचायत बडूई, नरडी, मैरा मांदरेया, बलगाडा, गराटल, कठार, कयूर के युवाओं को क्रिकेट किट्स और वॉलीबॉल किट्स वितरण की।

इसमें बडूई क्रिकेट टीम और वॉलीबॉल टीम, संगानी क्रिकेट टीम और वॉलीबॉल टीम, टरगाह क्रिकेट टीम, नरडी क्रिकेट टीम और मैरा मांदरेया क्रिकेट टीम, मुंद वॉलीबॉल टीम, कठार और धडा अरधान क्रिकेट टीम, धडा वॉलीबॉल टीम, कयूर क्रिकेट टीम इत्यादि शामिल रहे जिनको सुरेश शर्मा ने खेलकूद का सामान वितरण किया।

यह खेलकूद का सामान सुरेश शर्मा ने अपनी जिला विकास परिषद निधी राशि से पिछले साल देने की घोषणा की थी। इसी के चलते ब्लॉक मैरा मांदरेया और चौकी चौरा की हर एक पंचायत में युवाओं को इसी तरह से खेलकूद का सामान दिया जा रहा है। सुरेश शर्मा ने सभी युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे जीवन में खेलों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। खेल कूद से हमारा शारीरिक और मानसिक संतुलन अच्छा रहता है।

इसके अलावा खेलों में भाग लेने से युवाओं को अपनी ऊर्जा और प्रेरणा के लिए एक रचनात्मक आउटलेट मिलता है जो नकारात्मक प्रभावों और व्यवहारों से दूर रखता है। इसके अलावा खेल एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देते हैं, युवाओं को शारीरिक फिटनेस बनाने में मदद करते हैं। सुरेश शर्मा ने सभी युवाओं को आहवान करते हुए कहा कि समाज में फैल रही कुरीतियों और बुराइयों से दूर रहने के लिए एकजुट होकर आगे आएं। वहां पर उपस्थित सभी युवाओं ने सुरेश शर्मा का धन्यवाद किया।

इस मौके पर खंड विकास अधिकारी मैरा मांदरेया ताहिर हाफिज, भाजपा नेता रामलाल शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष गुलशन कुमार, मंडल महामंत्री अशोक पुरोहित, अक्षय कुमार, मास्टर चंचल सिंह, बोधराज, संजीव सिंह, मुकेश कुमार, विभाग के अधिकारी, सभी पंचायत से आए हुए युवा व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।


**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: ई-सीपीएम-जीएसयू-आद्रा-03-2025, दिनांक 25.04.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से सीपीएम/जीएसयू, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा द्वारा नीचे उल्लेखित एबीएसएस कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का विवरण:** आद्रा मंडल में स्थलाकृति सर्वेक्षण एवं मिट्टी के स्तर (27 अदद) की जांच कर रोड ओवर ब्रिज/रोड अंडर ब्रिज परियोजना के लिए डीपीआर सह तकनीकी व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करना। **निविदा मूल्य:** रु. 1,38,49,959.20; **ई-निविदाओं के बंद होने की तारीख एवं समय:** 26.05.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। ऊपरोक्त ई-निविदाओं का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। (PR-90)



**झारखण्ड सरकार**
**अधीक्षक का कार्यालय, शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल, धनबाद**
**दूरभाष : 0326-2230352(O), 9431120164(M)**
**Email: superintendentsnmmch@gmail.com**

पत्रांक :– 616./SNMMCH  दिनांक :– 29.04.2025

**ई–निविदा सूचना**

शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, धनबाद में वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए मानक स्तर के निर्माताओं अथवा उनके अधिकृत एवं अनुभवी वितरक से औशधि, लोशन, ड्रॉप, क्रीम, सिरप की आपूर्ति हेतु 2–बोली व्यवस्था (2-bid system) के अन्तर्गत ONLINE निविदा आमंत्रित किया जाता है। ई–निविदा को www.jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि– 21.05.2025 को संध्या 5.00 बजे तक होगी।

ह0/–अधीक्षक
शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, धनबाद

PR 351393 (Health Med Edu and Family Welfare)25-26*D



**झारखण्ड सरकार**
**अधीक्षक का कार्यालय, शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल, धनबाद।**
दूरभाष : 0326-2230352(O), 9431120164(M) Email: superintendentsnmmch@gmail.com
पत्रांक :– 617/SNMMCH  दिनांक :– 29.04.2025

**ई–निविदा सूचना**

शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, धनबाद में वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए मानक स्तर के निर्माताओं अथवा उनके अधिकृत एवं अनुभवी वितरक से सर्जिकल सामग्रियों एवं छोटे–छोटे उपकरणों की आपूर्ति हेतु 2–बोली व्यवस्था (2-bid system) के अन्तर्गत ONLINE निविदा आमंत्रित किया जाता है। ई–निविदा को www.jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि– 21.05.2025 को संध्या 5.00 बजे तक होगी।

ह0/–
अधीक्षक
शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, धनबाद।

PR 351410 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)D



**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गिरिडीह।**
**(जिला आपूर्ति शाखा)**
ई–मेलः– dso.giridih@nic.in

**–: परिवहन अभिकर्त्ता के चयन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना :–**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि पूर्व में निर्गत निविदा आमंत्रित सूचना में पर्याप्त संख्या में निविदा प्राप्त नहीं होने के कारण वित्तीय वर्ष 2025–26 एवं 2026–27 तक के लिए झारखण्ड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड (JSFC) के गोदामों से गिरिडीह जिले के प्रखंडों में स्थित जन वितरण प्रणाली दुकान तक खाद्यान्न एवं अन्य सामग्री के Door Step Delivery (DSD) हेतु परिवहन–सह–हथालन अभिकर्त्ता का GeM Portal से कतिपय प्रखंडों का निविदा पुनः आमंत्रित किया किया जाता है जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

| Sl No. | District | Name of Block | BID No. | Bid Opening/End Date |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 |
| 1 | GIRIDIH | GANWA | GEM/2025/B/6092108 | 16.05.2025 |
| 2 | | DEORI | GEM/2025/B/6092868 | 16.05.2025 |
| 3 | | JAMUA | GEM/2025/B/6092975 | 16.05.2025 |
| 4 | | PIRTAND | GEM/2025/B/6093097 | 16.05.2025 |
| 5 | | DUMRI | GEM/2025/B/6093305 | 16.05.2025 |
| 6 | | GIRIDIH | GEM/2025/B/6094098 | 16.05.2025 |
| 7 | | TISRI | GEM/2025/B/6094506 | 16.05.2025 |
| 8 | | DHANWAR | GEM/2025/B/6094518 | 16.05.2025 |

निविदा की शर्तें एवं विस्तृत जानकारी हेतु GeM Portal एवं गिरिडीह जिला के NIC के Website पर देखा जा सकता है।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी गिरिडीह।  उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी गिरिडीह।

PR 351325 (Food Public Distribution and Consumer Affairs) 25-26 (D)



**Government of Jharkhand Urban Development & Housing Department Chas Municipal Corporation, Chas**

**Procurement**
**Very Short Notice Inviting Tender**
**Reference No. - UDD/CMC/02/2025-26/M**

| Group No. | Name of work | Tender Cost (Rs.) | Earnest Money | Cost of BOQ | Completion period |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN NEAR CHANDRA TALKIES IN WARD NO -17 UNDER CHAS MUNICIPAL CORPORATION | 746274.52 | 15000.00 | 5000.00 | 90 Days |
| A | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय | 07/05/2025 को पूर्वाहन 02:00 बजे तक। | | | |
| B | निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 08/05/2025को अपराहन 02:00 बजे तक। | | | |
| C | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 08/05/2025को अपराहन 03:00 बजे । | | | |
| D | निविदा आमंत्रित करनें वाले पदाधिकारी | Additional Municipal Commissioner Chas Municipal Corporation, Chas. | | | |
| E | निविदा आमंत्रित करनें वाले पदाधिकारी का टेलीफोन नं0/ प्रोक्योरमेन्ट सेल का सं0 | 7766907810 | | | |

PR.NO.351323 Urban Development(25-26):D

प्रशासक
–सह–अपर नगर आयुक्त चास नगर निगम।



**झारखण्ड सरकार**
**अधीक्षक का कार्यालय, शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल, धनबाद।**
दूरभाष : 0326-2230352(O), 9431120164(M) Email: superintendentsnmmch@gmail.com
पत्रांक :– 619/SNMMCH  दिनांक :– 29.04.2029

**ई–निविदा सूचना**

शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, धनबाद में वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए मानक स्तर के निर्माताओं अथवा उनके अधिकृत एवं अनुभवी वितरक से डायलेसिस मशीन हेतु डायलाईजर एवं केमिकल की आपूर्ति हेतु 2–बोली व्यवस्था (2-bid system) के अन्तर्गत ONLINE निविदा आमंत्रित किया जाता है। ई–निविदा को www.jharkhandtenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा ऑनलाईन अपलोड करने की अंतिम तिथि– 21.05.2025 को संध्या 5.00 बजे तक होगी।

ह0/–
अधीक्षक

PR 351382 Health Med Edu and Family Welfare(25-26)D  शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल धनबाद।



**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, बोकारो**
**(जिला भू-अर्जन शाखा)**
ई-मेल :– landacquisition.bokaro@gmail.com

**प्रपत्र XIII**
**(अधिनियम की धारा –21(2) या 24(4) के तहत् नोटिस)**

परियोजना का नाम :– **बरलंगा से कसमार भाया नेमरा पथ का चौड़ीकारण एवं मजबूतीकरण**
भू–अर्जन वाद संख्या :–

बजरिये नोटिस सूचित किया जाता है कि कमोवे I **0.1380** एकड़ भूमि जो मौजा – ....**मुरहुलसुदी**... थाना ..... **कसमार**.... थाना सं0 .......**135**... अंचल .... **कसमार**... जिला .....**बोकारा** .... में अवस्थित तथा निम्न प्रकार चिन्हित एवं मापित है उसे **बरलंगा से कसमार भाया नेमरा पथ का चौड़ीकारण एवं मजबूतीकरण** पथ निर्माण प्रायोजन हेतु सरकार द्वारा अधिनियम 30/2013 के अधिन अधिघोषणा संख्या– **486/भू0अ0** दिनांक– **09.04.2025** के तहत् अधिग्रहित किया जाना है। इस भूमि में इच्छुक/हितबद्ध सभी व्यक्तियों को इस माध्यम से स्वंय अथवा प्रतिनिधि/अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक– **08.05.2025** तक **जिला भू–अर्जन कार्यालय, बोकारो** समय **11:00 पूर्वाह्न** पर उपस्थित होकर अपने दावे का प्रकार और क्षतिपूर्ति के लिए किसी दावे पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन से संबंधित दावे या धारा – 20 के तहत् भूमि के मापी से संबंधित आपत्ति/ दावा प्रस्तुत करेंगे।

भू–धारी / रैयत का नाम :–
भूमि एवं सीमा का विवरण :–

| क्रम सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम वो पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 719 | निजी | कृषि | 0.0130 | चोनी प्रसाद महतो वै0 पिता स्व0 गजाघर महतो वो पटेल राम महतो पिता युगल महतो वो जगदीश महतो पिता भद्रु महतो | रास्ता | 718 | 720 | 717 |
| 2 | 14 | 107 | निजी | कृषि | 0.0710 | 1. श्री पटेलराम महतो पिता स्व0 जुगल महतो 2. जगदीश महतो पिता स्व0 भद्रु महतो | 105 | रास्ता | रास्ता | 108 |
| 3 | 20 | 717 | निजी | कृषि | 0.0160 | 1. विनोद विहारी मूण्डा पिता स्व0 वाबूलाल मुण्डा 2. आनन्द मुण्डा पिता सिदाम मूण्डा वो चरकु मुण्डा पिता दिनु मुण्डा | रास्ता | 702 | 716 | 702 |
| 4 | 31 | 45 | निजी | कृषि | 0.0280 | 1. मुरलीधर महतो पिता स्व0 जोगदास महतो 2. अमन कुमार महतो पिता स्व0 सुरेन्दर नाथ महतो | निज | रास्ता | 58 | 75 |
| 5 | 41 | 58 | निजी | कृषि | 0.0100 | 1.हरीहर महतो पिता स्व0 वुचा महतो 2. जगरनाथ महतो पिता स्व0 भाकुर महतो 3. विरवल महतो व लोविन महतो व युयोधन महतो पिता स्व0 सोमर महतो 4. तेज नरायण महतो पिता स्व0 पुरन महतो वो0 महादेव महतो पिता निरंजन महतो वो राजकिशोर महतो पिता नागेश्वर महतो | निज | रास्ता | 59 | 45 |
| | | | | कुल | 0.1380 | | | | | |

ह0/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, बोकारो।

PR.NO.351366 Land Reforms(25-26):D



**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,बोकारो**
**(जिला भू-अर्जन शाखा)**
ई–मेल :– landacquisition.bokaro@gmail.com

**प्रपत्र XIII**
**(अधिनियम की धारा –21(2) या 24(4) के तहत् नोटिस)**

परियोजना का नामः– **बरलंगा से कसमार भाया नेमरा पथ का चौड़ीकारण एवं मजबूतीकरण**
भू–अर्जन वाद संख्याः–

बजरिये नोटिस सूचित किया जाता है कि कमोवेश **0.0910** एकड़ भूमि जो मौजा – ..**झारमुंगा**... थाना .....**कसमार**.... थाना सं0 .......**97**... अंचल .... **कसमार**... जिला .....**बोकारो**..... में अवस्थित तथा निम्न प्रकार चिन्हित एवं मापित है उसे **बरलंगा से कसमार भाया नेमरा पथ का चौड़ीकारण एवं मजबूतीकरण** पथ निर्माण प्रायोजन हेतु सरकार द्वारा अधिनियम 30/2013 के अधिन अधिघोषणा संख्या– **481/भू0अ0** दिनांक– **09.04.2025** के तहत् अधिग्रहित किया जाना है। इस भूमि में इच्छुक/ हितबद्ध सभी व्यक्तियों को इस माध्यम से स्वंय अथवा प्रतिनिधि/ अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक– **08.05.2025** तक **जिला भू–अर्जन कार्यालय, बोकारो** समय **11:00 पूर्वाह्न** पर उपस्थित होकर अपने दावे का प्रकार और क्षतिपूर्ति के लिए किसी दावे पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन से संबंधित दावे या धारा – 20 के तहत् भूमि के मापी से संबंधित आपत्ति/ दावा प्रस्तुत करेंगे।

भू–धारी / रैयत का नामः–
भूमि एवं सीमा का विवरणः–

| क्रम सं0 | खाता सं0 | सर्वे प्लॉट सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम वो पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 17 | 253 | निजी | अवासीय | 0.0350 | 1. रामेश्वर महतो वगैरह पिता स्व0 जयहरी महतो, 2. विन्देशर महतो वगैरह पिता स्व0 राजकृष्ण महतो व 3. तारकेशवर प्रसाद वगैरह पिता स्व0 बैजनाथ महतो | 252 | सीमाना | 254 | रास्ता |
| 2 | 3 | 252 | निजी | अवासीय | 0.0170 | 1. रामेश्वर महतो वगैरह पिता स्व0 जयहरी महतो, 2. विन्देशर महतो वगैरह पिता स्व0 राजकृष्ण महतो व 3. तारकेशवर प्रसाद वगैरह पिता स्व0 बैजनाथ महतो, 4. तेजनाथ महतो वगैरह पिता स्व0 लडुराम महतो, 5. गणेश महो वगै0 पिता स्व0 जगदीश महतो, 6. मनिन्दर महतो वगै0 पिता स्व0 गणपत महतो, 7. रामचरण महतो वगै0 पिता स्व0 बिशेश्वर महतो, 8. हेमचन्द महतो वगै0 पिता स्व0 नंदलाल महतो | 251 | 253 | 253 | रास्ता |
| 3 | 3 | 251 | निजी | अवासीय | 0.0160 | 1. रामेश्वर महतो वगैरह पिता स्व0 जयहरी महतो, 2. विन्देशर महतो वगैरह पिता स्व0 राजकृष्ण महतो व 3. तारकेशवर प्रसाद वगैरह पिता स्व0 बैजनाथ महतो, 4. तेजनाथ महतो वगैरह पिता स्व0 लडुराम महतो, 5. गणेश महो वगै0 पिता स्व0 जगदीश महतो, 6. मनिन्दर महतो वगै0 पिता स्व0 गणपत महतो, 7. रामचरण महतो वगै0 पिता स्व0 बिशेश्वर महतो, 8. हेमचन्द महतो वगै0 पिता स्व0 नंदलाल महतो | 250 | 252 | 253 | रास्ता |
| 4 | 31 | 249 | निजी | अवासीय | 0.0210 | यादु महतो पिता बन्धु महतो वगैरह | 247 | 250 | 256 | रास्ता |
| 5 | 28 | 250 | निजी | अवासीय | 0.0020 | केदार नाथ महतो, पिता मथुर महतो, जेठु महतो, नागेस्वर महतो, नकुल महतो, केदार नाथ महतो, ठाकुर दास महतो, पिता मथुर महतो | 248 | 251 | 256 | 249 |
| कुल | | | | | 0.0910 | | | | | |

ह0/–
जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,बोकारो

PR 351361 Land Reforms(25-26).D

# राजस्थान शिक्षा विभाग की वेबसाइट हैक, 'पाकिस्तान साइबर फोर्स' के नाम से संदेश किया पोस्ट




जयपुर, (एजेंसी): जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान अब साइबर हमले के जरिये भारत के विरुद्ध दुष्प्रचार कर रहा है। पाकिस्तानी हैकरों ने मंगलवार को राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग की आधिकारिक वेबसाइट को हैक कर उस पर भारत विरोधी संदेश प्रसारित किए।

वेबसाइट पर पाकिस्तान साइबर फोर्स के नाम से एक संदेश पोस्ट किया गया, जिसमें लिखा था- अगला हमला गोलियों से नहीं, प्रौद्योगिकी से होगा। इसके अतिरिक्त भारत के विरुद्ध उकसावे की टिप्पणियां करते हुए पहलगाम हमले को झूठा बताया गया। घटना के संबंध में शिक्षा विभाग द्वारा वेबसाइट को पुनः सामान्य स्थिति में लाने की प्रक्रिया तुरंत आरंभ कर दी गई है। विभाग के अनुसार सूचना प्रौद्योगिकी इकाई को सक्रिय कर दिया गया है और वेबसाइट को फिलहाल अस्थायी रूप से बंद रखा गया है।

राज्य के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बताया कि घटना की सूचना साइबर सुरक्षा एजेंसियों को भी प्रेषित कर दी गई है और एक विस्तृत जांच प्रारंभ की गई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, संवेदनशील आंकड़ों की कोई क्षति नहीं हुई है, फिर भी एहतियात के तौर पर समस्त तकनीकी तंत्र की गहन जांच की जा रही है।

इससे पूर्व, सोमवार रात को भी हैकरों ने स्वायत्त शासन एवं नगरीय विकास विभाग और जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाइटों को निशाना बनाया था। इन दोनों साइटों को तत्परता से पुनः सुरक्षित कर लिया गया था। शिक्षा विभाग की वेबसाइट पर यह हमला मंगलवार प्रातः सामने आया। भारत द्वारा हाल ही में पाकिस्तान के कई डिजिटल प्लेटफॉर्मों पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद यह घटनाक्रम सामने आया है।

## कांग्रेस संसद के विशेष सत्र की मांग करने से पहले अपने संगठन पर ध्यान दे: शिवसेना

नई दिल्ली, (एजेंसी):शिवसेना ने पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद कांग्रेस के कई नेताओं द्वारा व्यक्त किए गए विवादास्पद विचारों को लेकर विपक्षी पार्टी से मंगलवार को कहा कि वह संसद के विशेष सत्र की मांग करने से पहले अपने संगठन की ओर ध्यान दे और उसमें सुधार करे।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सहयोगी पार्टी शिवसेना के संसदीय दल के अध्यक्ष श्रीकांत शिंदे ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उसे तत्काल अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) का सत्र बुलाकर अपने वरिष्ठ नेताओं द्वारा दिए गए बेहद आपत्तिजनक बयानों पर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। इन वक्तव्यों में पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के बयानों पर सवाल उठाना और पाकिस्तान के विमर्श को दोहराना शामिल है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी में देश भर के कांग्रेस के प्रतिनिधि होते हैं, जिनमें इसके वरिष्ठतम पदाधिकारी भी शामिल हैं।

शिंदे ने आपत्तिजनक टिप्पणी करने के लिए कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया, उनके मंत्रिमंडलीय सहयोगी आर बी तिम्मापुर, महाराष्ट्र के नेता विजय वडेट्टीवार और जम्मू-कश्मीर के सैफुद्दीन सोज और तारिक हमीद कर्रा सहित कांग्रेस के कई नेताओं का नाम लिया।

सोज और कर्रा दोनों ने पाकिस्तान के साथ सुलह करने का सुझाव दिया, जबकि कुछ अन्य ने जीवित बचे लोगों के इन बयानों पर सवाल उठाया जिनमें कहा गया था कि आतंकवादियों ने पीड़ितों का धर्म पूछा था।

शिंदे ने कहा, यहां तक कि रॉबर्ट वाद्रा की यह टिप्पणी कि आतंकवादी भारत में मुसलमानों के साथ कथित दुर्व्यवहार पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं, राष्ट्रीय संवेदनशीलता और नैतिक जिम्मेदारी की हर सीमा को लांघती है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी को देश को जवाब देना चाहिए। क्या वह आतंकवाद के पीड़ितों के साथ खड़ी है या आतंकवादियों के लिए बहाने बनाने वालों के साथ? इस पाखंड को छुपाया नहीं जा सकता।

## संक्षिप्त खबरें

### हज यात्रा के लिए आज से यात्रियों का सऊदी जाने का सिलसिला शुरू



नई दिल्ली,(एजेंसी): हज यात्रा-2025 की आज से शुरूआत हो गई। मंगलवार सुबह लखनऊ और हैदराबाद से हज यात्रियों के पहले जत्थे को लेकर रवाना हुआ विमान सऊदी अरब पहुंचा। आज शाम ही मुंबई से 442 यात्रियों को लेकर तीसरा विमान सऊदी अरब के लिए रवाना होगा।

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने हज यात्रा पर जाने वाले सभी हज यात्रियों को शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस वर्ष की हज यात्रा काफी सुखद और सुगम होगी। हज यात्रा को लेकर सारी तैयारियां मुकम्मल कर ली गई हैं। यात्रियों को बेहतर से बेहतर सुविधा प्रदान करने की कोशिश की जा रही है। हज यात्रा के लिए आज सुबह लखनऊ से 288 यात्रियों और हैदराबाद से 262 यात्रियों को लेकर विमान सऊदी अरब के लिए रवाना हुआ। कल बुधवार से राजधानी नई दिल्ली से भी हज यात्रा पर जा ने वाले यात्रियों को लेकर पहला विमान रात 8 बजे के करीब रवाना होगा ।

इस वर्ष हमारे देश से कुल 1 लाख 22 हजार 518 हज यात्री हज कमेटी आफ इंडिया के माध्यम से हज यात्रा पर जा रहे हैं। सऊदी अरब सरकार के जरिए हज कोटा कम किए जाने की वजह से इस बार प्राइवेट टूर ऑपरेटर के माध्यम से हज यात्रा पर जाने वाले यात्रियों की संख्या में कटौती की गई है। भारत से हज यात्रा के लिए अंतिम उड़ान 30 मई को रवाना होगी। हज यात्रा के बाद भारत के लिए वापस पहली फ्लाइट 12 जून को आएगी और वापसी का यह सिलसिला 9 जुलाई तक चलेगा।

दिल्ली राज्य कमेटी की तरफ से दिल्ली इंबार्केशन प्वाइंट से जाने वाले यात्रियों के लिए हज मंजिल और दरगाह फैज इलाही में यात्रियों और उनके रिश्तेदारों के ठहरने के लिए इंतजाम किए गए हैं। दिल्ली से जाने वाले यात्रियों के लिए दरगाह फैज इलाही में गर्मी को ध्यान में रखते हुए एयर कंडीशन पंडाल लगाए गए हैं। इसके अलावा यहां पर सभी प्रकार की नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

### पाकिस्तान को आईएमएफ की प्रस्तावित सहायता का विरोध करे सरकार: कांग्रेस

नई दिल्ली, (एजेंसी): कांग्रेस ने अगले महीने होने वाली अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की एक बैठक का हवाला देते हुए मंगलवार को सरकार से आग्रह किया कि वह आईएमएफ द्वारा पाकिस्तान के लिए प्रस्तावित सहायता का दृढ़ता से विरोध करे।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने पहलगाम आतंकी हमले की घटना की पृष्ठभूमि में यह मांग उठाई। बीते 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए इस हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे।

रमेश ने एक्स पर पोस्ट कर कर कहा, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने घोषणा की है कि उसकी कार्यकारी बोर्ड की बैठक 9 मई, 2025 को आयोजित होगी, जिसमें पाकिस्तान को 1.3 अरब डॉलर के नए ऋण के अनुरोध पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अपेक्षा करती है कि भारत, आईएमएफ द्वारा पाकिस्तान के लिए प्रस्तावित इस सहायता का दृढ़ता से विरोध करेगा।

### मतदाताओं के लिए आधार विवरण स्वैच्छिक रूप से साझा करने की व्यवस्था बरकरार रहेगी




नई दिल्ली, (एजेंसी): निर्वाचन आयोग मतदाता सूची में नामों के दोहराव के मामले में सुधार के लिए काम कर रहा है, हालांकि मतदाताओं द्वारा स्वच्छिक रूप से आधार का ब्यौरा साझा करने की कानूनी व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं होगा।सरकार से जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी। उनका कहना है कि चुनाव अधिकारियों के साथ आधार विवरण साझा करना निर्वाचन विधि (संशोधन) अधिनियम, 2021 के तहत स्वैच्छिक है और यह जारी रहेगा। सूत्रों ने यह भी बताया कि इस संबंध में कानून या संबंधित नियमों में बदलाव की कोई योजना नहीं है।सरकारी सूत्रों से यह सवाल किया गया था कि क्या आधार विवरण साझा करना अनिवार्य बनाने का कोई प्रस्ताव है और क्या विवरण साझा नहीं करने वाले मतदाताओं को चुनाव अधिकारियों के समक्ष विवरण नहीं देने का कारण बताना होगा? उन्होंने कहा कि मूल नियम अपरिवर्तित रहेंगे और फिलहाल कोई प्रावधान जोड़ने का प्रस्ताव नहीं है।मतदाता सूची की शुचिता पर बहस के बीच निर्वाचन आयोग ने पिछले महीने कहा था कि जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिकारियों के साथ निकट समन्वय में मतदाता सूची की नियमित अद्यतन प्रक्रिया को मजबूत किया जाएगा।भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) और निर्वाचन आयोग के विशेषज्ञों के बीच मतदाता सूची को आधार से जोड़ने पर तकनीकी परामर्श जल्द ही शुरू होगा। निर्वाचन आयोग ने कहा था, जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिकारियों के साथ निकट समन्वय में मतदाता सूची के नियमित अद्यतनीकरण को मजबूत किया जाएगा।मौजूदा कानून के अनुसार, पर्याप्त कारण होने की स्थिति में किसी व्यक्ति द्वारा आधार संख्या प्रस्तुत करने या सूचित करने में असमर्थता जताने पर मतदाता सूची में कोई भी प्रविष्टि नहीं हटाई जाएगी।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक बुधवार को, पहलगाम हमले के बाद पहली बैठक होगी

नई दिल्ली, (एजेंसी): पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक बुधवार को होगी। पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को पूर्वाह्न 11 बजे बैठक बुलाई गई है। पिछले सप्ताह केंद्रीय मंत्रिमंडल की कोई बैठक नहीं हुई और केवल सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक 23 अप्रैल को हुई थी जिसमें पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की गई थी। सीसीएस की बैठक के बाद भारत ने पिछले बुधवार को पाकिस्तान के साथ राजनयिक संबंधों को कम करने समेत कई कदमों की घोषणा की थी।

## कुएं को लेकर विवाद: न्यायालय ने संभल मस्जिद कमेटी को वस्तु स्थिति रिपोर्ट पर जवाब दाखिल करने को कहा

नई दिल्ली, (एजेंसी): उच्चतम न्यायालय ने संभल मस्जिद कमेटी को उस वस्तु स्थिति रिपोर्ट पर जवाब देने के लिए मंगलवार को दो हफ्ते का वक्त दिया, जिसमें कहा गया है कि विवादित कुआं मुगलकालीन जामा मस्जिद से पूरी तरह से बाहर है।

शीर्ष अदालत ने 10 जनवरी को संभल के जिलाधिकारी को मस्जिद के प्रवेश द्वार के पास स्थित एक निजी कुएं का जीर्णोद्धार करने या वहां धार्मिक रस्म अदायगी की अनुमति देने के मामले में यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया था।

संभल की शाही जामा मस्जिद की प्रबंधन समिति की याचिका पर विचार करते हुए, पीठ ने केंद्र, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के महानिदेशक, संभल के जिलाधिकारी और हरि शंकर जैन के नेतृत्व में अन्य निजी हिंदू पक्ष के वादियों को नोटिस जारी किए।

मंगलवार को प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ को उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य प्राधिकारियों की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल के. एम. नटराज ने बताया कि कुआं पुलिस चौकी के ठीक आगे मस्जिद से पूरी तरह बाहर स्थित है।

पीठ ने मस्जिद कमेटी को अधिकारियों की वस्तु स्थिति रिपोर्ट पर दो सप्ताह में अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

मस्जिद कमेटी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हुजेफा अहमदी ने इस आधार पर तीन सप्ताह का समय मांगा कि मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष जफर अली जेल में हैं।

अली को मुगलकालीन मस्जिद के न्यायालय द्वारा निर्देशित सर्वेक्षण के विरोध में 24 नवंबर 2024 को हुई हिंसा के संबंध में पूछताछ के बाद 23 मार्च को गिरफ्तार किया गया था।

## ईडी ने गोवा में जमीन हथियाने से जुड़े पीएमएलए मामले में और 193 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की




नई दिल्ली, (एजेंसी): प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को कहा कि उसने गोवा में जमीन हड़पनेके एक मामले में धनशोधन जांच के तहत 193 करोड़ रुपये की नई संपत्ति कुर्क की है। इस मामले में धोखेबाजों ने मृत व्यक्तियों के नाम पर जाली दस्तावेज बनाकर महंगे भूखंड बेचे थे।

प्रवर्तन निदेशालय ने एक बयान में कहा कि धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत कलंगुट, अस्सागाओ, अंजुना, नेरुल और पारा क्षेत्रों समेत बारदेज तालुका में 24 अचल संपत्तियों को कुर्क करने का अंतरिम आदेश 25 अप्रैल को जारी किया गया ।

बारदेज तालुका में इन संपत्तियों और मुख्य पर्यटन स्थलों पर अन्य संपत्तियों को जाली विक्रय विलेखों के जरिए या तो तीसरे पक्ष को बेच दिया गया या सहयोगियों के नाम कर दी गयी।

प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि कुर्क की गयी संपत्तियों का बाजार मूल्य 193.49 करोड़ रुपये है।

धन शोधन का यह मामला गोवा पुलिस के विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा तटीय राज्य में धोखाधड़ी और अवैध तरीके से भूमि अधिग्रहण के संबंध में दर्ज की गई प्राथमिकी पर आधारित है।

एसआईटी ने जालसाजी, धोखाधड़ी से अचल संपत्तियां हड़पने को लेकर कुछ लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और अवैध तरीके से जमीन खरीद की प्राथमिकी दर्ज की थी।

जांच में पाया गया कि धोखेबाजों ने मृत व्यक्तियों या पूर्वजों के नाम पर जाली दस्तावेज/बिक्री विलेख बनाए।

ईडी का कहना है कि इन जाली दस्तावेजों को असली के रूप में पेश करते हुए उन्होंने धोखाधड़ी से अपने नाम या अपने सहयोगियों के नाम गोवा सरकार के भूमि रिकॉर्ड में डाल दिए।

उसने कहा कि इसके बाद अवैध रूप से अर्जित इन संपत्तियों को बिक्री विलेखों के माध्यम से या तो तीसरे पक्ष को बेच दिया गया, जिससे उन्हें अपराध की आय हुई या उन्हें वास्तविक भुगतान के बिना सहयोगियों के नाम कर दिया।

इस मामले में अब तक कुल 232.73 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की जा चुकी है। ईडी ने 2023 में 39.24 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की थी।

एजेंसी ने पिछले अप्रैल में गोवा के मापुसा में एक विशेष पीएमएलए अदालत के समक्ष इस मामले में आरोपपत्र दाखिल किया था।

## शीर्ष अदालत ने दोषियों के राजनीतिक दल बनाने पर रोक की याचिका पर सुनवाई टाली



नई दिल्ली, (एजेंसी): उच्चतम न्यायालय ने दोषी व्यक्तियों को राजनीतिक दल बनाने और उनमें पद धारण करने से रोकने के अनुरोध वाली याचिका पर सुनवाई 11 अगस्त तक टाल दी।

प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने वकील अश्विनी उपाध्याय द्वारा दायर जनहित याचिका पर अंतिम सुनवाई से इनकार कर दिया। इसके बाद पीठ ने मामले की अंतिम सुनवाई के लिए 11 अगस्त की तारीख तय की और पक्षों को लिखित दलीलें दाखिल करने की अनुमति दी।

साल 2017 में दायर जनहित याचिका में दोषी व्यक्तियों को अयोग्य ठहराए जाने की अवधि के दौरान राजनीतिक दल बनाने और पदाधिकारी बनने से रोकने का अनुरोध किया गया था।

पीठ ने पहले आश्चर्य जताया था कि चुनावी राजनीति से प्रतिबंधित दोषी व्यक्ति चुनाव में उम्मीदवार कैसे तय कर सकते हैं और सार्वजनिक जीवन में शुचिता कैसे बनाए रख सकते हैं?

पीठ ने पूछा, यहां एक व्यक्ति है जो दोषी है और चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित है। वह चुनाव के लिए उम्मीदवार कैसे तय कर सकता है? लोकतंत्र की पवित्रता कैसे बनाए रखी जा सकती है?

याचिका में दावा किया गया है कि 40 प्रतिशत विधायक या तो दोषी ठहराए गए हैं या उन पर मुकदमा चल रहा है।

इसमें कहा गया, इसीलिए विरोध हो रहा है। वे ईमानदारी नहीं चाहते। शीर्ष अदालत ने 1 दिसंबर, 2017 को जनहित याचिका पर केंद्र और निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम (आरपीए), 1951 (आरपीए) की धारा 29ए की संवैधानिक वैधता की जांच करने पर सहमति जताई, जो राजनीतिक दल को पंजीकृत करने की निर्वाचन आयोग की शक्ति से संबंधित है।

## इतिहासकार श्रीनाथ राघवन की आगामी किताब में इंदिरा गांधी के राजनीतिक जीवन का लेखा-जोखा

नई दिल्ली, (एजेंसी): इतिहासकार श्रीनाथ राघवन की आगामी पुस्तक में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के राजनीतिक जीवन और भारत पर इसके दीर्घकालिक प्रभाव का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जाएगा।

पुस्तक इंदिरा गांधी एंड द ईयर्स दैट ट्रांसफॉर्म्ड इंडिया का विमोचन 30 मई को होना है। इसमें इंदिरा गांधी के कार्यकाल को एक नए दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत किया गया है, जिसमें राष्ट्रवाद, वैश्विक राजनीति और आर्थिक परिवर्तन की व्यापक लहरों के बीच लिए गए उनके निर्णयों पर रोशनी डाली जाएगी। किताब का प्रकाशन पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया द्वारा किया गया है।लेखक ने एक बयान में कहा, इंदिरा गांधी और उनका समय, विशेष रूप से आपातकाल, हमारी सामूहिक राजनीतिक स्मृति में बहुत बड़ा स्थान रखता है। फिर भी पचास साल बाद भी हमारे पास उस उथल-पुथल भरे समय को लेकर कोई उचित ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य नहीं है।उन्होंने कहा, यह पुस्तक 1970 के दशक के वैश्विक संदर्भ में इंदिरा गांधी और उनके समकालीन लोगों के विचारों और विकल्पों के कथात्मक इतिहास द्वारा इस तरह का विवरण प्रस्तुत करने का प्रयास करती है।प्रकाशक के अनुसार, यह किताब भारत और दुनिया भर से व्यापक शोध और हाल ही में अवगीर्कृत अभिलेखीय सामग्रियों पर आधारित है जिसके लिए राघवन ने लगभग 15 वर्षों तक काम किया।प्रकाशन की उपाध्यक्ष और प्रधान संपादक मानसी सुब्रमण्यम ने कहा, उपनिवेशिक कालखंड के बाद के इतिहास पर सावधानीपूर्वक ध्यान देते हुए, राघवन ने इंदिरा गांधी के नेतृत्व के विरोधाभासों का अध्ययन किया है। राघवन की पूर्व लिखित पुस्तकों में इंडियाज वॉर: द मेकिंग ऑफ मॉडर्न साउथ एशिया और द मोस्ट डेंजरस प्लेस: ए हिस्ट्री ऑफ द यूनाइटेड स्टेट्स इन साउथ एशिया शामिल हैं।

## देश की सुरक्षा, संप्रभुता से जुड़ी रिपोर्ट का खुलासा नहीं किया जाएगा: न्यायालय

नई दिल्ली, (एजेंसी): उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह देश की सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़ी किसी भी रिपोर्ट का खुलासा नहीं करेगा लेकिन उसने संकेत दिया कि निजता के उल्लंघन की व्यक्तिगत आशंकाओं से निपटा जाना चाहिए।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि तकनीकी समिति की रिपोर्ट को सड़कों पर चर्चा का दस्तावेज नहीं बनाया जाना चाहिए।

पीठ ने कहा, देश की सुरक्षा और संप्रभुता से जुड़ी किसी भी रिपोर्ट को नहीं छुआ जाएगा लेकिन जो व्यक्ति यह जानना चाहते हैं कि उन्हें इसमें शामिल किया गया है या नहीं, उन्हें सूचित किया जा सकता है। हां, व्यक्तिगत आशंकाओं से निपटा जाना चाहिए लेकिन इसे सड़कों पर चर्चा का दस्तावेज नहीं बनाया जा सकता।

शीर्ष अदालत ने कहा कि उसे इस बात की भी समीक्षा करनी होगी कि तकनीकी पैनल की रिपोर्ट को व्यक्तियों के साथ किस हद तक साझा किया जा सकता है।

सुनवाई के दौरान एक याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने एक अमेरिकी जिला अदालत के फैसले का जिक्र किया।

सिब्बल ने कहा, व्हाट्सऐप ने खुद ही यहां खुलासा किया है। किसी तीसरे पक्ष ने नहीं। व्हाट्सऐप ने हैकिंग के बारे में कहा है। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह 30 जुलाई को मामले की सुनवाई करेगी।

## संसद की सुरक्षा में सेंध: आरोपियों की जमानत याचिका पर सात मई को सुनवाई करेगा उच्च न्यायालय

नई दिल्ली, (एजेंसी): दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह 2023 में संसद की सुरक्षा में सेंध से जुड़े मामले में गिरफ्तार दो आरोपियों की जमानत याचिका पर सात मई को सुनवाई करेगा।

जमानत याचिकाएं न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद और न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर की पीठ के समक्ष मंगलवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थीं। पीठ को अभियोजन पक्ष ने सूचित किया कि उसकी ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता को बहस करनी है लेकिन वह आज उपलब्ध नहीं हैं।

अदालत ने अभियोजन पक्ष के स्थगन के अनुरोध को स्वीकार करते हुए कहा कि वह मामले में एकमात्र महिला आरोपी नीलम आजाद और महेश कुमावत की जमानत याचिकाओं पर सात मई को सुनवाई करेगी। आजाद के वकील ने स्थगन अनुरोध का विरोध करते हुए कहा कि यह विलंब करने की रणनीति है और ऐसा आचरण देश के लिए अच्छा नहीं है लेकिन अदालत ने उनसे कहा, बस कीजिए, आपने हमें परेशान कर दिया है।

इससे पहले, अदालत ने पुलिस से यह स्पष्ट करने को कहा था कि क्या स्मोक कैन (धुआं छोड़ने वाला स्प्रे), जो जानलेवा नहीं होता, उसे ले जाना या उसका इस्तेमाल करना आतंकवादी गतिविधियों के संबंध में लागू होने वाले गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के दायरे में आता है।

संसद पर 2001 में हुए हमले की 22वीं बरसी पर 13 दिसंबर 2023 को उसकी सुरक्षा में सेंध लगाते हुए दो आरोपी सागर शर्मा एवं मनोरंजन डी शून्यकाल के दौरान सार्वजनिक गैलरी से लोकसभा कक्ष में कथित तौर पर कूद गए थे। उन्होंने वहां स्मोक कैन से पीला धुआं छोड़ा था तथा नारे लगाए थे। बाद में कुछ सांसदों ने उन्हें काबू कर लिया था।

लगभग उसी समय दो अन्य आरोपियों-अमोल शिंदे और नीलम आजाद ने संसद परिसर के बाहर तानाशाही नहीं चलेगी के नारे लगाते हुए स्मोक कैन से पीला धुआं छोड़ा था।उच्च न्यायालय ने कहा था कि अगर बाजार में आसानी से उपलब्ध स्मोक कैन के इस्तेमाल पर यूएपीए लगाया जा सकता है तो होली और यहां तक कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच के दौरान इसका (स्मोक कैन) इस्तेमाल करने वाले भी इसके (यूएपीए) दायरे में आएंगे।पीठ ने कहा, आप इस पर जानकारी लें और हमें बताएं. बाजार में खुलेआम उपलब्ध स्मोक कैन पर यूएपीए लागू होता है या नहीं। अगर यह लागू होता है तो होली पर हर कोई इस अपराध के दायरे में आएगा। हर आईपीएल मैच पर यूएपीए लगेगा। आजाद के वकील ने अपनी मुवक्किल को इस आधार पर जमानत पर रिहा किए जाने का अनुरोध किया था कि मामले में यूएपीए के प्रावधान लागू नहीं होते।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड में बांग्ला भाषा की अनदेखी के खिलाफ समिति ने की बैठक



नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

**बलियापुर :** झारखंड बांग्ला भाषा उन्नयान समिति की बैठक मलिक डीह में भारतीय मुखर्जी की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में लोगों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अनुरोध किया कि झारखंड में 26 जातियों के लोग बांग्ला भाषा बोलते हैं, लेकिन शिक्षा मंत्री बांग्ला छात्र-छात्राओं की संख्या के अनुसार पढ़ाने की व्यवस्था नहीं कर रहे हैं, जो गलत है। समिति ने चेतावनी दी है कि बांग्ला भाषा का विरोध करने वालों के खिलाफ सड़क से लेकर विधानसभा तक आंदोलन किया जाएगा। मौके पर संस्थापक बैंगू ठाकुर, सुधीर मलिक, कमला देवी, मिनी वाला देवी, गूरु पद मल्लीक आदि थे

### भौरा वर्कशॉप में लोहा चोरी का प्रयास सीआईएसएफ की पेट्रोलिंग गाड़ी देख भागे चोर



नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

**भौरा :** भौरा ओपी क्षेत्र के 29/30 वर्कशॉप में सोमवार की रात लोहा चोरों ने धावा बोलकर गोदाम का ताला तोड़ दिया और लौह सामग्री को चोरी करने की कोशिश की। चोरों ने इस काम के लिए 407 गाड़ी भी मंगवाई थी, जिसे पुराना मैगजीन घर के पास खड़ा किया गया था। करीब 20 से 25 लोहा चोर थे, जो सामग्री को गाड़ी में लोड कर रहे थे। इसी दौरान सीआईएसएफ की पेट्रोलिंग गाड़ी आ गई, जिसे देखकर सभी चोर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। 29/30 वर्कशॉप में लोहा चोरी की घटनाएं कई बार हो चुकी हैं, लेकिन अभी तक किसी भी चोर की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है और न ही चोरी हुआ लोहा बरामद हुआ है। हाल ही में हुई घटना की जानकारी बीसीसीएल प्रबंधन को दे दी गई है, जो अब आकलन कर रहा है कि कितना सामान चोरी हुआ है। वर्कशॉप में उपलब्ध लोहे का कोई सही हिसाब-किताब नहीं रखा गया है, जिससे चोरी की मात्रा का सही आकलन करना मुश्किल हो रहा है।

### रंगरीटाड में श्रीश्री 108 लक्ष्मी नारायण यज्ञ सह भागवत कथा का आयोजन



नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

**तोपचांची :** रंगरीटाड के तोपचांची में श्री श्री 108 लक्ष्मी नारायण यज्ञ सह भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसका आज तीसरा दिन है। इस अवसर पर श्रद्धालु यज्ञ स्थल की परिक्रमा कर रहे हैं। कार्यक्रम में तोपचांची, गोमो रोड, रंगरीटांड, बुचाकुली, ठाकुर टोला, महतो टोला, बांवरी टोला, केवटटोला, नरकोपी, दुमदुमी, करमाटांड, दादुभगाठ आदि गांवों से भारी संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल हो रहे हैं। यज्ञ समिति के द्वारा श्री कृष्ण मंदिर में महाप्रसाद का वितरण किया जा रहा है। यह 7 दिवसीय यज्ञ बच्चों और महिलाओं में काफी उत्साह पैदा कर रहा है। उनके लिए झूले, खाने-पीने के स्टॉल और प्रसाद की दुकानें यज्ञ समिति के सहयोग से लगाई गई हैं। हर संध्या 7 बजे से भागवत कथा का प्रवचन स्वामी हंसानंद गिरी महाराज द्वारा दिया जा रहा है। समाजसेवी सदानंद महतो ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं और पुरुषों को अध्यात्म से जुड़ने की आवश्यकता है और अच्छे विचारों से ही समाज का विकास संभव है। इस कार्यक्रम को सफल करने में पूर्व मुखिया कृष्णा मेहता,वैजयंती देवी, जितेंद्र महतो,राहुल महतो,जमुना प्रसाद महतो ,सरोज महतो दिनेश महतो,विनोद प्रमाणिक ,सुदीप कुमार आदि कमेटी के सदस्य मौजूद थे।

### बलियापुर पुलिस ने फरार अभियुक्तों के घर चिपकाया इश्तेहार



नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

**बलियापुर :** बलियापुर पुलिस ने मंगलवार को मोको में फरार अभियुक्त सुधीर बाउरी और धना बाउरी के घर इश्तेहार चिपकाया। पुलिस ने दोनों को एक माह के अंदर आत्मसमर्पण करने की हिदायत दी है, अन्यथा उनके घरों में कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। दोनों पर बलियापुर थाना कांड संख्या 14/21 के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज है, इस प्रकार की कार्रवाई आमतौर पर तब की जाती है जब आरोपी जांच एजेंसियों के सामने पेश नहीं होते हैं और उनके खिलाफ पर्याप्त सबूत होते हैं। कुर्की की कार्रवाई के तहत पुलिस आरोपी की संपत्ति जब्त कर सकती है।

# डीपी से निरसा विधायक से वार्ता के बाद 23 दिनों से जारी सीमा कुमारी का आंदोलन खत्म





नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

**झरिया :** बीसीसीएल के डायरेक्ट पर्सनल मुरली कृष्ण रमैया के साथ बीसीकेयू महासचिव व विधायक अरूप चटर्जी की हुई वार्ता के बाद 23 दिनों से केओसीपी परियोजना के मुख्य गेट पर बैठी सीमा कुमारी की क्रमिक भूख हड़ताल मंगलवार को समाप्त हो गयी. परियोजना पदाधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह ने संयुक्त मोर्चा के समक्ष सीमा को जूस पिलाकर आंदोलन खत्म कराया. संयुक्त मोर्चा संयोजक तुलसी रवानी ने बताया कि सोमवार की देर रात तक कोयला भवन में वार्ता हुई. वार्ता में विधायक के समक्ष डीपी मुरली कृष्ण रमैया के मैनेजर पर्सनल सुरेंद्र भूषण महाप्रबंधक प्रशासन एके मित्रा ने आश्वासन दिया कि फिर से सीमा कुमारी काम में वापस लाया जायेगा. परियोजना कार्यालय के समक्ष इसको लेकर हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि यह संयुक्त मोर्चा की एकता की जीत है. सीमा के साथ विनोद भुइयां के नियोजन के सवाल पर भी सकारात्मक आश्वासन मिला है। परियोजना पदाधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि अपने स्तर से जो भी सहयोग होगा करेंगे, सीमा को जल्द से जल्द नियोजन मिले इसके लिए पूरा प्रयास होगा। परियोजना पदाधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि वे सीमा को जल्द से जल्द नियोजन दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे और अपने स्तर से जो भी सहयोग हो सकता है, करेंगे। मौके पर संयुक्त मोर्चा के राजेंद्र पासवान, देव रंजन दास, प्रभास सिंह, भगवान प्रसाद नोनिया,नरेंद्र सिंह,बिंदा पासवान, उमेश सिंह, जगदीश साव, सुभाष कुमार, निर्मल बाउरी, निताई माजी, मुन्ना सिंह दिनेश सिंह, श्याम बिहारी साव आदि थे।

### झरिया कपड़ा पट्टी में व्यवसायी संगठन की बैठक, विधुत विभाग की लचर व्यवस्था पर चर्चा



नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

**झरिया :** झरिया कपड़ा पट्टी में सभी व्यवसायी संगठन के सदस्यों की एक बैठक मंगलवार को उपेन्द्र गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में झरिया विधुत विभाग की लचर व्यवस्था को लेकर पूर्व में हुए आंदोलन पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि अभी तक आंशिक सफलता ही मिली है और 10 ट्रांसफार्मर की मांग के बदले केवल 5 ट्रांसफार्मर मिलने की संभावना है। आगे की रणनीति पर चर्चा करते हुए संगठन ने अपने अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखने का निर्णय लिया। डिविजन कार्यालय में स्थित स्विच रूम में चार स्विच हैं, जिन पर लगभग 50 से 60 हजार रुपये खर्च करके झरिया दो नंबर सेक्शन को कुछ राहत मिल सकती है। वर्तमान में आरएमयू स्विच खराब होने के कारण मामूली फॉल्ट होने पर भी पूरे सेक्शन की लाइन काट दी जाती है, जिससे लोगों को परेशानी होती है। झरिया डिविजन कार्यालय के स्विच रूम में खराब आरएमयू स्विच के कारण 40 से 45 ट्रांसफार्मर की लाइन बाधित होती है, जिससे कई समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। एलटी तार जर्जर होने के कारण तार बदलना अत्यंत आवश्यक हो गया है। कई पोलों पर तारों का जाल भी समस्या बढ़ा रहा है। इसके अलावा, स्मार्ट मीटर लगने के बाद भी कई उपभोक्ताओं को ऑनलाइन विद्युत बिल प्राप्त नहीं हो रहा है। समस्या-युक्त आवेदनों के निपटारे के लिए समय सीमा निर्धारित किए जाने की मांग की गई है। अगर विभाग जल्द इन मुद्दों पर कदम नहीं उठाता है, तो आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में उपेन्द्र गुप्ता, शिवचरण शर्मा, श्रीकांत अंबष्ट, बसंत अग्रवाल, अमित साहू, सत्यनारायण भोजगढ़ीया, रघुबीर गोयल, हेमंत ड्रोलिया,नवीन केशरी,रामकृष्ण गौराई, अशोक कुमार, रंजीत, पवन कुमार, निरंजन लाल, बिमल कुमार, संतोष, राजेन्द्र अग्रवाल, राहुल आदि थे।

### राष्ट्रीय स्कूल गेम्स में राजकमल सवि मंदिर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

#### दिल्ली में राजकमल सवि मंदिर के खिलाड़ियों ने जीते 4 कांस्य पदक



नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

**धनबाद :** दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्कूल गेम्स में राजकमल सवि मंदिर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 कांस्य पदक जीते हैं। झारखंड एजुकेशन प्रोजेक्ट काउंसिल के नेतृत्व में आयोजित इस प्रतियोगिता में राजकमल सवि मंदिर के राजवीर ठाकुर, शुभम कुमार यादव, मिनमय दास और रणवीर ठाकुर ने कांस्य पदक पर कब्जा किया। स्कूल के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा ने सभी विजेताओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। झारखंड राज्य को लड़कियों की ओवरऑल चैम्पियनशिप में तृतीय स्थान मिला, जबकि दिल्ली पहले और पंजाब दूसरे स्थान पर रहे। सभी विजेताओं को झारखंड सरकार की खेल नीति के अनुसार 50-50 हजार रुपये की सम्मान राशि मिलेगी। विधालय की प्रबंध कार्यकारिणी सहित उप प्राचार्य मनोज कुमार, प्रभारी कमल नयन, पाथ सारथी सरकार ने शानदार उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है।

टीम के कोच पप्पू कुमार, राजीव कुमार सिंह, आरती कुमारी,पुनम कुमारी,मैनेजर संजय कुमार यादव ,सुजीत सिन्हा थे।

# रेलवे ने दिया यात्रियों को बड़ा तोहफा

## धनबाद से मुंबई का सफर होगा आरामदायक



नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

**धनबाद :** धनबाद से महाराष्ट्र की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी है. रेलवे ने ट्रेन संख्या कोल्हापुर-धनबाद-कोल्हापुर दीक्षाभूमि एक्सप्रेस ट्रेन नें आइसीएफ कोच की जगह अत्याधुनिक एलएचबी कोच लगाने का ऐलान किया है. चार जुलाई से कोल्हापुर से खुलने वाली गाड़ी संख्या 11045 कोल्हापुर-धनबाद एक्सप्रेस और सात जुलाई से धनबाद से खुलने वाली गाड़ी संख्या 11046 एलएचबी कोच लगेंगे। ट्रेन में साधारण श्रेणी के चार कोच, शयनयान श्रेणी के सात कोच, तृतीय वातानुकुलित श्रेणी के पांच और तृतीय वातानुकुलित श्रेणी के दो कोच होंगे। यह कोच जर्मनी की एक कंपनी का नाम है जिसने इन कोचों को डिजाइन किया था. इसका पूरा नाम Linke Hofmann Busch है. इस कोच की खास बात ये है कि इसमें एंटी-टेलिस्कोपिक डिजाइन होता है. अगर गलती से कभी दो ट्रेनों के बीच टक्कर होती है तो इस कोच के डिब्बे एक-दूसरे के अंदर नहीं घुसते हैं. इससे यात्रियों के बचने का चांस अधिक रहता है. हाइड्रोलिक सस्पेंशन सिस्टम होने के कारण इससे यात्रा करना ज्यादा आरामदायक रहता है. इसके अलावा इन कोचों में यात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाएं जैसे कि बायो-टॉयलेट, बेहतर वेंटिलेशन और इमरजेंसी विंडो आदि होती हैं।दक्षिण मध्य रेल के रेचनी रोड से बेलमपल्ली के बीच तीसरी लाइन बिछाने को लेकर ब्लॉक लिया गया है.

इस कारण धनबाद, गोमो और बोकारो होकर चलने वाली ट्रेनें अलग-अलग दिनों में रद्द रहेगी. 16 जून को 07005 सिकं,दराबाद-रक्सौल स्पेशल, 19 जून 07006 रक्सौल-सिकं,दराबाद स्पेशल, 16 से 18 जून तक 03253 पटना-चर्लपल्ली स्पेशल, 18 जून को 07253 चर्लपल्ली-पटना स्पेशल, 20 जून को 07256 चर्लपल्ली-पटना स्पेशल शामिल हैं।

# सोने के दाम में भारी उछाल, फिर भी अक्षय तृतीया के लिए लोगों में खरीदारी को लेकर उत्साह



नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

धनबाद : आज अक्षय तृतीया है. अक्षय तृतीया पर लोग सोने की जमकर खरीदारी करते हैं. इस दिन सोना खरीदना काफी शुभ माना जाता है. सोना जिसकी बाजारों में कीमत करीब 1 लाख तक पहुंच गई है लेकिन फिर भी अक्षय तृतीया के साथ ही शादी विवाह में इसकी खरीदारी जरूर करते हैं. सोने के कई रोचक तथ्य हैं जिसकी जानकारी लिए ईटीवी भारत ने आईआईटी आईएसएम के जिओलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर अनूप कृष्ण प्रसाद से खास बातचीत की. जिसमें उन्होंने सोने के इतिहास और इसके महंगे होने की जानकारी साझा की। प्रोफेसर अनूप कृष्ण प्रसाद ने बताया कि सोना हमारे जीवन में विशेष महत्व रखता है. कई सदियों से हमारी सभ्यता और संस्कृति में सोना एक विशेष स्थान रखता है. सिर्फ हमारा ही नहीं बल्कि मेसोपोटामिया समेत दूसरी पुरानी सभ्यता में भी सोना एक विशेष महत्व रहा है. सोना सामान के आदान प्रदान में काम आता है. पुराने लोग सामान को आपस में बदलते थे लेकिन हर सामान की वेल्यू एक नहीं होती है। भारी भरकम सामान को बदलना एक मुश्किल काम था, साथ ही उस समय नोट या मुद्रा का चलन नहीं था. आपस में बदलने के लिए एक वैल्यूएबल सामान की जरूरत थी. उस समय सोना के चलन की शुरूआत हुई. छोटे बड़े टुकड़े में बांटा जा सकता है. यह एक दम शुद्ध होता है. समय के साथ इसकी वेल्यू भी बढ़ती है. व्यावसायिक दृष्टिकोण से सोना कई सदियों से केंद्र में रहा है। साइंटिस्ट ने यह शोध किया कि पहले जो सोना बना है, वह आखिर कैसे बना. हर चीज एटॉम से बना हुआ है. सोना भी एटॉम से बना हुआ है. सोना का एटॉमिक नंबर 79 है और एटॉमिक मास 197 है जबकि मर्करी का एटॉमिक मास 196 होता है. इसमें न्यूट्रॉन मिला देने पर सोना बनता है. आज की डेट में लैब कंडीशन में मर्करी में न्यूट्रॉन मिलाकर सोना बनाया जा सकता है. यह साबित भी किया गया है कि सोना बनाया जा सकता है. लैब में आर्टिफिशियल सोना बहुत ही कम बनाया जा सकता है. यह काफी महंगा भी है, यह अभी दूर की बात है।

#### यूएस गवर्नमेंट को उठाना पड़ा था नुकसान

वर्ल्ड वॉर 2 के बाद इंटरनेशनल मॉनिटरिंग सिस्टम बना. यूएस डॉलर और सोना को बराबर किया गया. उस वक्त एक औंस सोना 35 डॉलर सोना के बराबर किया गया. यह एक्सचेंज सिस्टम के रूप में तैयार किया गया था. इंटरनेशनल मॉनिटरिंग सिस्टम के तहत यह तय किया गया था. यह सिस्टम साल 1971 तक चला. यूएस गवर्नमेंट को एक्सपोर्ट इंपोर्ट के दौरान इससे 1971 में नुकसान का सामना करना पड़ा।

#### ऐसे लगी नोट और सोने के एक्सचेंज पर पाबंदी

उस समय यूएसए के तत्कालीन राष्ट्रपति रिचर्ड मिल्हौस निक्सन ने एक ऐतिहासिक फैसला लिया. नोट और सोने की तुलना समाप्त करने का निर्णय उनके द्वारा लिया गया. एक बात यह भी सामने आई कि लोग बढ़ रहें हैं, वैल्यूएशन बढ़ रहा है, नोट बढ़ रहा लेकिन दुनिया में उतना सोना नहीं है. नोटों की संख्या बढ़ रही है और सोना सीमित है

### तिसरा थाना क्षेत्र में ट्रांसफॉर्मर के कंट्रोलिंग स्विच चोरी के मामले में दो गिरफ्तार



नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

**झरिया :** तिसरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो व्यक्तियों को ट्रांसफॉर्मर के कंट्रोलिंग स्विच चोरी के सामान के साथ पकड़ा है। दोनों आरोपियों को झरिया स्थित सब्जी बागान के पास से गिरफ्तार किया गया, जहां वे टाटा मैजिक में चोरी का सामान लेकर जा रहे थे। बरामद सामान की कीमत लगभग एक लाख रुपये बताई जा रही है।

पुलिस ने वाहन के साथ पकड़े गए दोनों युवकों को थाना लाकर पूछताछ की और कार्रवाई करते हुए मंगलवार देर शाम उन्हें जेल भेज दिया। छपामारी में थाना प्रभारी सुमन कुमार,ए अस आई राजनाथ सिंह, प्रेम रजक शामिल थे '

# बलियापुर में धूमधाम से संपन्न हुआ दो दिवसीय हरि कीर्तन

## भगवान कृष्ण की लीलाओं का किया वर्णन



नई पत्रवार्ता प्रतिनिधि

**बलियापुर :** बलियापुर प्रखंड के आमटाल पंचायत में श्री श्री हरि कीर्तन सोलोआना नीलकोठी द्वारा आयोजित दो दिवसीय हरि कीर्तन का समापन मंगलवार को कुंज वर्णन पाला कीर्तन के साथ हुआ। दो दिनों तक चले इस हरि कीर्तन में भक्तों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भगवान की भक्ति में डूबे। समापन समारोह में कुंज वर्णन पाला कीर्तन के साथ भक्तों ने अपनी आध्यात्मिक भावनाओं को प्रकट किया। लीला कीर्तनिया मनोरंजन चक्रवर्ती व सुमित्रा चक्रवर्ती ने भगवान कृष्ण की लीलाओं का वर्णन भजन और कीर्तन के माध्यम से प्रस्तुत किया। पुरुलिया, पश्चिम बंगाल से आए इस दंपति ने अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भगवान कृष्ण की विभिन्न लीलाओं को भजन और कीर्तन के माध्यम से प्रस्तुत करने से भक्तों को आध्यात्मिक आनंद की प्राप्ति हुई। गोपियों की कृष्ण से बिछड़ने की वियोग और फिर से मिलन के साथ रासलीला के वर्णन से श्रद्धालु भावविभोर हो गए।

भगवान कृष्ण के जय जयकार और महिलाओं की उलुर ध्वनि से मंदिर परिसर भक्तिमय बना हुआ था। इस अवसर पर श्री परिमल बाबाजी महिला रंगदल मंडली तालबेडिया, निरसा और श्री श्री गौड़ हरि कीर्तन गर्ल्स रंगदल आमटाल ने आकर्षक झांकियों के साथ रंग कीर्तन की प्रस्तुति की। कीर्तन में पूजा-पाठ पुजारी पप्पू चक्रवर्ती और वैष्णव सुरेश दास के द्वारा किया गया। इसके बाद सैकड़ों लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गांव के नवयुवकों ने सक्रिय भूमिका निभाई और आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। आयोजक कमेटी ने बताया कि हरि कीर्तन के आयोजन से पूरा गांव शांति, सुख-समृद्धि और बारिश की कामना के साथ-साथ भक्तों के मन को शांति मिलती है। अखंड हरि कीर्तन के पूर्व मंडप को विशेष साज-सज्जा से सजाया गया था, जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। मौके पर आनंदमीय पाल, सपन बैनर्जी,धीरेंद्र चंद्र पाल,गोविंद आचार्य,दिपक चंद्र,नंदू वर्मा,पोतन आचार्य,गोपाल कुंभकार,प्रदीप दे,प्रताप पाल,मिंटू चंद्र, गणेश रवानी,जादू कुंभकार,कार्तिक कुंभकार, तारकनाथ पाल,राकेश रवानी,करण रवानी,मलिंदो सोरेन,भाणेश्वर मरांडी,अजय रवानी,दीपक कुंभकार,मून डे,अनु आचार्य,कर्ण रवानी,राजकुमार कुम्भकार, लालू कुम्भकार,संजु रवानी,वीरेंद्र चंद्र पाल,दिनेश रवानी,आकाश मरांडी,पिंटू पाल का काफी सहयोग रहा।

Page 12_Page 3.qxd 4/29/2025 10:06 PM Page 1



# दिल्ली से आए चार सदस्यीय केंद्रीय टीम ने झरिया मास्टर प्लान को लेकर उपायुक्त के साथ की बैठक

## बेलगड़िया में रह रहे विस्थापितों के कौशल विकास व आजीविका को लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

धनबाद : जिला समाहरणालय स्थित सभागार में भारत सरकार से आई चार सदस्यीय केंद्रीय टीम ने उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा के साथ झरिया मास्टर पालन की प्रगति को लेकर समीक्षात्मक बैठक किया. इस बैठक में भारत सरकार से डायरेक्टर एमओआरडी श्रीमती राजेश्वरी एसएम, डायरेक्टर एमएसएमई मिलिंद रामटेके, डायरेक्टर एमएसडीई वीएस अरविंद, डायरेक्टर टेक्निकल एमओसी बीके ठाकुर उपस्थित रहे. बैठक के दौरान जेआरडीए की ओर से पीपीटी के माध्यम से झरिया मास्टर प्लान की अद्यतन स्थिति, एलटीएच एवं नॉन एलटीएच के अलॉटमेंट एवं शिफ्टिंग की स्थिति, फेजवार शिफ्टिंग की प्रगति, निर्माण





कार्य की अद्यतन स्थिति, 2004 एवं 2019 की सर्वे की जानकारी, रिवाइज्ड झरिया मास्टर प्लान की जानकारी दी गई. साथ ही बेलगड़िया टाउनशिप अंतर्गत बिजली, पानी, स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक भवन, स्कूल, कॉलेज, कार्यरत एसएचजी महिला ग्रुप, आंगनबाड़ी सेंटर, लाइवलीहुड, स्किल डेवलपमेंट, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, परिवहन सुविधा, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट समेत कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर हो रहे कार्यों से संबंधित जानकारी टीम को उपलब्ध कराई गई.भारत सरकार से आई टीम में बेलगड़िया टाउनशिप में रह रहे विस्थापितों के कौशल विकास एवं आजीविका को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए. उन्होंने कहा कि स्वरोजगार हेतु कौशल विकास की चल रही योजनाओं में तेजी लाने की आवश्यकता है.कौशल विकास का प्रशिक्षण देकर टाउनशिप में रह रहे ज्यादा से ज्यादा लोग को आच्छादित करें. खास करके महिला वर्ग को कौशल विकास का प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य करें. आवश्यकता पड़ने पर और भी कौशल विकास केंद्र को खोले एवं अलग-अलग दो-तीन शिफ्ट में ट्रेनिंग देकर ज्यादा से ज्यादा लोग को लाभान्वित करें.उन्होंने कहा कि टाउनशिप में रह रहे विस्थापित को मूलभूत सुविधाओं समेत सड़क, परिवहन, सीवरेज ट्रीटमेंट, बेहतर बिजली व्यवस्था, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, जलापूर्ति योजना, समाज कल्याण की योजनाओं से लाभान्वित कर विस्थापित हो के हित में कार्य करें. सभी विस्थापित महिलाओं को जेएसएलपीएस के समूह से जोड़कर स्वरोजगार की दिशा में उन्हें प्रेरित करें. साथ ही साथ विभिन्न प्रकार की गतिविधियां कर स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार भी मुहैया करने हेतु कार्य करें.बैठक में उप विकास आयुक्त सादात अनवर, एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा, डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन, सहायक नगर आयुक्त प्रसन्न कौशिक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहें.

## कतरास कॉलेज पहुंचे कुलपति डॉ. राम कुमार सिंह, व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

कतरास : विनोद बिहारी कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राम कुमार सिंह मंगलवार को कतरास कॉलेज का निरीक्षण करने पहुंचे. उन्होंने बताया कि यह दौरा सामान्य रूटीन निरीक्षण का हिस्सा है, जिसके तहत कॉलेज में शैक्षणिक व प्रशासनिक कार्यों की स्थिति की समीक्षा की गई.

निरीक्षण के दौरान कुलपति ने कॉलेज में चल रहे कार्यों की सराहना की और कहा कि अधिकतर कार्य सुचारू रूप से संचालित हो रहे हैं. इस दौरान पत्रकारों ने आउटसोर्स कर्मचारियों को समय पर मानदेय नहीं मिलने का मुद्दा उठाया, इस पर कुलपति ने कहा कि भुगतान प्रक्रिया विश्वविद्यालय के नियमों के तहत की जा रही है. हालांकि संबंधित मामलों में जल्द समाधान के लिए पहल की जाएगी.

वहीं छात्राओं के लिए बस सेवा की अनुपलब्धता के सवाल पर डॉ. राम कुमार सिंह ने बताया कि छात्राओं की सुविधा के लिए बस सेवा प्रारंभ करने की दिशा में गंभीरता से विचार किया जा रहा है.जल्द ही इस पर ठोस कदम उठाए जाएंगे. निरीक्षण के दौरान कॉलेज के प्राचार्य व अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे.

## संक्षिप्त खबर

### महुदा पुलिस ने पदुगोड़ा रेलवे अंडर पास में चली गोली मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**गिरफ्तार अशोक राय बिहार के मुजफ्फरपुर का रहने वाला**

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**



महुदा : पिछले दिनों पदुगोड़ा रेलवे क्रॉसिंग के समीप अंडरपास बना रहे मजदूरों पर हुई गोलीबारी कांड में महुदा पुलिस ने बिहार के मुजफ्फरपुर से अशोक राय नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. महुदा पुलिस ने लोकेशन के आधार पर बिहार के मुजफ्फरपुर में रामपुरदड़ी थाना के सहयोग लेकर आरोपी को उसके घर मंजलिश माधो से पकड़कर महुदा थाना लाया. मंगलवार को उस पर मामला दर्ज कर उसे जेल भेजा गया. इस संबंध में थाना प्रभारी देवानंद प्रसाद ने बताया कि पदुगोड़ा स्थित रेलवे क्रॉसिंग के समीप बन रहे अंडरपास के मजदूरों पर पिछले दिनों हुई गोलीकांड मामले में अशोक राय को गिरफ्तार किया गया. मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस मुजफ्फरपुर पहुंचीं और वहां रामपुरदड़ी थाना का सहयोग लेकर मंजलीश माधो गांव पहुंचकर अशोक राय को पुछताछ के लिए महुदा थाना लाया गया. पूछ्ताछ में उसने अपना जुर्म कबूल किया.इसमें मुख्य आरोपी अजित सिंह उर्फ अजित राय जो सीतामढ़ी बिहार का रहने वाला है, वह अभी फरार है, जल्द ही उसकी भी गिरफ्तारी होगी. स्मरण रहे कि 25 फरवरी की रात पदुगोड़ा रेलवे क्रॉसिंग के समीप अंडरपास में कार्यरत मजदूरों पर अपराधियों ने अंधाधुंध फायरिंग किया था,जिसमें दो मजदुर गंभीर रूप से घायल हो गया था. इस संबंध श्री तिरुपति बालाजी इंटरप्राइजेज के मालिक योगेन्द्र शर्मा ने महुदा थाना में अज्ञात के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया था. उसी के आधार पर महुदा पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू किया और लालबंगला स्थित पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो के आवास पर जाकर सड़क पर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला, सीसीटीवी फुटेज में पुलिस को घटना से संबंधित कुछ सुराग मिला, उसके आधार पर पुलिस जांच पड़ताल शुरू किया. पहले फोन पर दी गयी धमकी और बाइक नंबर के आधार पर जांच पड़ताल शुरू किया.मोबाइल लोकेशन के आधार पर मुजफ्फरपुर पहुंचा और अशोक राय को पकड़ा.

### महुदा मोड़ स्थित अपना ढाबा होटल मे लगी आग, लाखों रुपए की संपत्ति खाक



**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

महुदा : धनबाद- बोकारो के पुरानी मार्ग के महुदा मोड़ शिव मंदिर के समीप अपना ढाबा लाइन होटल में मंगलवार प्रातः एकाएक आग लग गई. आग लगने से होटल का सारा सामान जलकर राख हो गया. जले हुए सामानों में टीवी, फ्रीज, आलमीरा, टेबल, कुर्सी एवं बर्तन शामिल है.आग लगने की सूचना पर दमकल भी पहुंचा, परंतु तब तक होटल में सब कुछ जलकर राख हो चुकी थी. आसपास के लोगो ने एक ओर से पानी फेंक कर आग को बढ़ने से रोक दिया था,होटल कांड्रा बस्ती निवासी अरूण कुमार महतो का बताया जाता है. आग लगने से लगभग दो लाख रुपए नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है. घटना के समय होटल बंद रहने के कारण जान माल का नुकसान नहीं हु. आग शार्ट सर्किट से लगने की बात कही जा रही है.

### राष्ट्रवादी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने कलियासोल व एगारकुंड प्रखंड में भ्रष्टाचार का आरोप लगा सौंपा ज्ञापन

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

निरसा : राष्ट्रवादी कांग्रेस के धनबाद जिला अध्यक्ष उमेश गोस्वामी ने कलियासोल एवं एगारकुंड प्रखंड सह अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार घूसखोरी एवं दाखिल खारिज पंजी 2 में नाम चढ़ाने में की जा रही मनमानी के खिलाफ 15 सूत्री मांग पत्र शिकायत बीडीओ को देकर कहा कि एक सप्ताह के अंदर हमारी मांगों पर सकारात्मक पहल करते हुए वार्ता करने हेतु तिथि और समय निर्धारित करते हुए सूचित करें ताकि आम जनता की समस्याओं का निराकरण हो सके. कई बार क्षेत्र भ्रमण के दरमियान जनता ने अपनी समस्याएं से मुझे अवगत कराया है, जिससे अवगत होने के बाद आज दोनों प्रखंडों को प्रखंड विकास पदाधिकारी के नाम से 15 सूत्री मांग पत्र दिया है. जिसमें उल्लेख किया गया है कि एक सप्ताह के अंदर हमारी मांगों का निराकरण करें अन्यथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रखंड से लेकर जिला तक भ्रष्टाचार का पोल खोलो आंदोलन चलाएगी.

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

## कोयले के अवैध खनन, परिवहन, भंडारण की रोकथाम के लिए दिए गए कई दिशा निर्देश

**अंचल स्तर पर गठित कोऑर्डिनेशन कमिटी करे नियमित बैठक**

**स्थानीय स्तर की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें : उपायुक्त**

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

धनबाद : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक टाउन हॉल में आयोजित की गई.बैठक में जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा ने खनिजों के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध खनन कार्यालय द्वारा की गई कार्रवाई पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला. इस दौरान पूर्व में हुए जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक में दिए गए निर्देश के अनुपालन की समीक्षा की गई. साथ ही कोल कंपनियों को निर्गत विभिन्न पत्र एवं बैठकों की कार्यवाही के माध्यम से जारी निदेशों के अनुपालन की भी समीक्षा की गई. इस दौरान लघु एवं वृहद खनिजों के अवैध उत्खनन भंडारण





एवं परिवहन के विरुद्ध दर्ज कांडों के अभियुक्तों की गिरफ्तारी के संबंध में समीक्षा की गई. साथ ही कोयला खनिज का परिवहन/क्रय में जीएसटी एवं ई-वे बिल का दुरुपयोग पर अंकुश लगाने के संबंध में चर्चा की गई.इसके अलावा जिला अंतर्गत खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के संबंध में प्राप्त पत्रों की कार्रवाई की समीक्षा एवं खनिजों के अवैध खनन एवं परिवहन की रोकथाम हेतु टास्क फोर्स के सदस्यों द्वारा की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई. समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने अवैध खनन, भंडारण, परिवहन को रोकने हेतु संबंधित सभी पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए.

उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा ने सभी संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि अवैध खनन के रोकथाम हेतु संबंधित सभी विभाग के पदाधिकारी संबंध में स्थापित करते हुए कार्य करें.जो भी गलतियां होते आ रही है वह समन्वय स्थापित करने से नहीं आएगी, इसके लिए अंचल स्तर पर बनी कॉर्डिनेशन समिति की बैठक समय-समय पर निर्धारित तरीके से करें. ताकि स्थानीय स्तर पर आने वाले समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जा सके. आपसी समन्वय नहीं होने के कारण कई बार इनपुट मिलने पर भी कार्रवाई असफल हो जाती है. इसलिए इस पर गंभीर होकर सभी पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें.साथ ही उपायुक्त ने कहा कि कई ऐसे मामले सामने आते हैं,जिसमें बीसीसीएल रैयत को बिना मुआवजा दिए उनके जमीनों पर कार्य करना शुरू कर देती है. जिससे स्थानीय स्तर पर विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो जाती है. इसको लेकर उन्होंने बीसीसीएल को यह निर्देशित किया कि कार्य शुरू करने से पहले यह आवश्यक जांच लें कि सभी रैयतों को उनका अधिकार एवं मुआवजा मिल चुका हो.

वहीं बैठक के दौरान सिटी एसपी अजित कुमार ने सभी थाना के थाना प्रभारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी समस्याएं उत्पन्न होती है उसका समय पर निराकरण करना सुनिश्चित करें. साथ ही एफआईआर के लिए आए आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज करें एवं उसे पर कार्रवाई करें. साथ ही ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने बीसीसीएल के पदाधिकारी को निर्देशित किया कि आप जब भी एफआईआर दर्ज करवाने हेतु थाना में जाते हैं तो घटना से संबंधित जानकारियां सहीं तरीके से आवेदन में मेंशन करें ताकि एफआईआर दर्ज हो सके.बैठक में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के द्वारा कोयले के अवैध खनन के विरुद्ध की गई छापामारी, अवैध खनन के हॉटस्पॉट, अवैध खनन स्थल पर की गई डोजरिंग पर प्रकाश डाला.साथ ही कहा कि खनन स्थल पर ड्रोन द्वारा तथा सभी काटा घरों पर सीसीटीवी से निगरानी रखी जा रही है.बैठक में उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सिटी एसपी अजित कुमार, एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा, बीसीसीएल के पदाधिकारी, ईसीएल व सीआइएसएफ के पदाधिकारी सहित सभी अंचल के अंचल अधिकारी, बीसीसीएल एरिया जीएम, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला प्रशासन के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे.

## डीएवी कोयला नगर में त्रुटि मिलने पर 44 स्कूली वाहनों का किया जांच 1.45 लाख का काटा चालान




**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

धनबाद : जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी के निदेर्शानुसार बुधवार को डीएवी कोयला नगर में स्कूली वाहनों की जांच की गई.जिसमें 11 स्कूल बसों में से 5 में त्रुटि पाई गई. इसमें 30 हजार रुपए का चालान किया गया. साथ ही 39 प्राइवेट वेन की जांच की गई, जिसमें 1 लाख 15000 रुपए का चालान किया गया.साथ ही वाहन चालकों, शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के बीच बुकलेट तथा पंपलेट बांटकर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान भी चलाया गया.मौके पर मोटरयान निरीक्षक शुभम कुमार, मोटरयान निरीक्षक हरीश कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार, रोड इंजीनियर एनालिस्ट अमरेश कुमार एवं आईटी अस्सिटेंट देवेंद्र कुमार उपस्थित रहे.

## हम बने तुम बने एक दूजे के लिए, इस गीत को चरितार्थ किया तारगा के दो सगे भाइयों ने

**भूनेश्वर गोप के दोनों बेटों ने अपने -अपने प्रेमिका से कोर्ट मैरिज व मंदिर में शादी कर पहुंचे महुदा थाना**

**युगल प्रेमी ने शादी बंधन में बंधने के बाद पुलिस से लगायी सुरक्षा की गुहार, थानेदार ने कहा दोनों जोड़े बालिग**

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

महुदा : हम बने तुम बने एक दूजे के लिए यह गीत को चरितार्थ किया है तारगा निवासी पप्पू कुमार उर्फ भुवनेश्वर गोप के दोनों बेटों ने, जब प्रेम विवाह कर मंगलवार को दोनों भाई अपने अपने प्रेम संबंधों को शादी में बदल दिया. पप्पू कुमार के बड़े बेटे बिट्टू कुमार (28 वर्ष) ने पुटकी की लक्ष्मी कुमारी से तो छोटे बेटे हर्ष कुमार (23 वर्ष) ने



भेलाटांड़ की जसप्रीत कौर से धनबाद कोर्ट में कोर्ट मैरिज कर दोनों जोड़ों ने एक मंदिर में हिंदू रीति रिवाज से विवाह रचा लिया. दोनों जोड़े महुदा थाना पहुंचकर पुलिस को लिखित आवेदन सौंपा और आवेदन में लड़कियों ने बताया कि वे बालिग हैं और अपनी मर्जी से शादी की हैं. साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अपने अपने परिजनों को जानकारी देने के बावजूद परिजनों की सहमति नहीं मिल सकी, जिसके कारण उन्हें यह कदम उठाना पड़ा.इस संबंध में महुदा थाना प्रभारी देवानंद प्रसाद ने बताया कि दोनों जोड़ों ने विधिवत विवाह कर लिया है, दोनों लड़कियां बालिग हैं.

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा है कि यह विवाह उनकी स्वेच्छा से हुआ है,वे सब थाने से आवेदन देकर सुरक्षा की मांग की गई है. जिस पर वे कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई कर रहे हैं.तारगा पंचायत के पूर्व मुखिया परमेश्वर रवानी ने कहा कि आजकल के बच्चे पढ़े लिखे हैं और अपने फैसले खुद ले रहे हैं. अगर दोनों पक्ष बालिग हैं और रजामंदी से साथ रहना चाहते हैं तो समाज को भी समझदारी दिखानी चाहिए. हालांकि कुछ लोगों ने परिवार से विमुख होकर लिए गए इस फैसले पर चिंता भी जताई. लेकिन अधिकतर ग्रामीणों ने विवाह के बाद प्रेमी युगलों की सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन की कामना की है. दोनों जोड़ियों ने पुलिस प्रशासन से निवेदन किया कि उन्हें और उनके वैवाहिक जीवन को किसी प्रकार की बाधा न हो इसलिए उन्हें कानूनी सुरक्षा दी जाए.

# रैयतों ने बाघमारा सीओ की निकाली शवयात्रा, अंचल कार्यालय के समीप फूंका पुतला

**नियमों को ताक पर रखकर सीओ कर रहा है जमीन के म्यूटेशन व डिजिटलाइजेशन का काम : जगत महतो**

**नई पत्र वार्ता प्रतिनिधि**

बाघमारा : ग्राम स्वराज अभियान के बैनर तले पिछले कई महीनों से बाघमारा अंचल कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार को सांकेतिक धरना-प्रदर्शन करते आ रहें रैयतों ने ढोल नगाड़े के साथ सीओ बाल किशोर महतो का शव यात्रा निकाला. रैयत अपनी बात राज्य सरकार तक पहुंचाने और जमीन संबंधी समस्या का





निराकरण करने के लिए आंदोलन का नया तरीका अपनाते हुए मंगलवार को बाघमारा इंदिरा चौक से अंचल कार्यालय तक अंचलाधिकारी बाल किशोर महतो के पुतला बनाकर शवयात्रा निकाला गया. रैयतों के हाथों में हमारा सरकार-हमारा अधिकार, अफसर शाही नही चलेगी, आरटीआई के तहत सूचना देना होगा, जमीन का म्यूटेशने ऑनलाइन करना होगा, सीओ की मनमानी नही चलेगी, आदि स्लोगन लिखे तख्तिया लेकर सीओ के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सीओ का पुतला लेकर अंचल कार्यालय पहुंचे और उसे फूंका. विधि व्यवस्था को लेकर भारी संख्या में पुलिस मौजूद थे. स्वराज अभियान के संयोजक शंकर कुमार महतो एवं जगत महतो ने बाघमारा सीओ पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए कहा की सीओ की मनमानी रवैये के कारण रैयत कई महीनों से आंदोलन करते आ रहे हैं. इसके बावजूद सीओ रैयत का जमीन के म्यूटेशन और डिजिटलाइजेशन के काम का निष्पादन नहीं कर रहे हैं. जिस रैयत का आवेदन पहले आया है, उसका निष्पादन भी पहले नियमानुसार होना चाहिए था. लेकिने सीओ को मोटी रकम नहीं मिलने से आवेदन को लटका कर रखे हुए हैं. कहा सीओ की मनमानी नही चलने देंगे. अगर एक सप्ताह के अंदर सारे रैयतों का काम नहीं हुआ तो अगले मंगलवार को पुनः सीओ का शवयात्रा निकाला जायेगा. मौके पर विकास महतो, शंकर महतो, विकास रजवार, रैयत कमल महतो, मुसीब अख्तर खान, मणिलाल साव, दिलीप महतो, गौरी लाल महतो, प्रदीप रजवार, रुपेश रवानी आदि शामिल थे.

नई पत्र वार्ता पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक *राज किशोर सिन्हा के द्वारा डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, भास्कर प्रिंटिंग प्रेस गोविंदपुर मेन रोड, अशोकनगर के जी आश्रम, धनबाद से मुद्रित एवं छठ तालाब विकास नगर कतरास रोड,धनबाद से प्रकाशित। फोन न.7004113115, 9334368784, 7004500339, 7004893985. प्रधान संपादक : अनुज कुमार सिन्हा। *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। निदेशक अनस रहनुमा। ई-मेल - naipatrawartajharkhand@gmail.com.आर.एन.आई नं.JHAHIN/2015/63780.